सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 22.5 अधि |
| धर्मशाला | 19.5 न्यू | 27.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79996.60 |
| निफ्टी | 24323.85 |
| सोना 71,400 | चांदी 97,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



महेंद्र सिंह धोनी ने सलमान खान के साथ मनाया 43वां जन्मदिन

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 8 जुलाई, 2024 | 25 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 201, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- होशियार सिंह से देहरा के अपमान का बदला लेगी जनता: मुख्यमंत्री -पेज 3
- प्रदेश में बढ़ रहे बेरोजगार, तीन माह में तीन को मिला रोजगार -पेज 4
- हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी का मथुरा जंक्शन तक हो विस्तार -पेज 10
- स्विट्जरलैंड को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में -पेज 13
- अमरनाथ यात्रा बहाल: 6,145 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना -पेज 14


# भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथयात्रा पर निकले भगवान जगन्नाथ

**एजेंसी, पुरी**

53 साल बाद पुरी की रथयात्रा इस बार दो दिन की होगी। स्नान पूर्णिमा पर बीमार हुए भगवान जगन्नाथ रविवार सुबह ठीक हुए, इसलिए रथयात्रा से पहले होने वाले उत्सव भी आज ही मनाए गए।

दोपहर 2.20 बजे जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अपने-अपने रथों में विराजित हुए। इसके बाद रथयात्रा शुरू हो गई। सबसे पहले बलभद्र का रथ खींचा गया है। इसके बाद सुभद्रा और जगन्नाथ जी का रथ खींचा गया। सूर्यास्त के बाद रथयात्रा बंद हो गई। सोमवार सुबह आठ बजे से रथयात्रा फिर शुरू होगी।



- 2:20 बजे जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा अपने अपने रथों में विराजित हुए
- रथयात्रा में ज्यादा भीड़ होने से नहीं हो पाएंगे भगवान के नवयौवन दर्शन
- प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू होने पर देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**सूर्यास्त के बाद रुकी रथयात्रा**

- सोमवार सुबह 9 बजे के बाद फिर खींचे जाएंगे रथ
- रथों पर ही होगी रात और सुबह की पूजा

### आज फिर रथयात्रा में शामिल होंगी राष्ट्रपति

**बलभद्र** के बाद देवी सुभद्रा का रथ आगे बढ़ने लगा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी भक्तों के साथ देवी का रथ खींचा। इसके बाद वे यहां से लौट गई हैं और सोमवार सुबह फिर से रथयात्रा में शामिल होंगी। रथयात्रा सुबह नौ बजे शुरू होगी।

वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने रथयात्रा की देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, रथयात्रा में ज्यादा भीड़ होने से भगवान के नवयौवन दर्शन नहीं हो पाएंगे।

### मंडी और सुकेत रियासत में भव्य रथयात्रा निकाली



मंडी और सुकेत रियासत में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। इसमें हजारों भक्तों ने भगवान के रथ को खींच कर पुण्य कमाया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### उत्तराखंड में भारी बारिश चारधाम यात्रा को रोका



**देहरादून।** उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में सात और आठ जुलाई को भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर चारधाम यात्रा रविवार को अस्थायी रूप से रोक दी गई। गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भू-स्खलन हो रहा है और बद्रीनाथ जाने वाला राजमार्ग कई स्थानों पर पहाड़ी से नीचे गिर रहे मलबे के कारण अवरुद्ध हो गया है।

### नीट-यूजी परीक्षा संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' 2024 से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट-यूजी) की पांच मई को हुई परीक्षा में गड़बड़ी और कदाचार का आरोप लगाने वाली और इसे फिर से आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।

### इमरान की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। इस बीच आतंकवाद निरोधक कोर्ट ने 9 मई की घटनाओं से जुड़े केस में खान की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान इमरान खान के वकील बैरिस्टर सलमान सफदर ने दलील देते हुए कहा कि पीटीआई संस्थापक को राजनीतिक कारणों से निशाना बनाया जा रहा है।

### पार्टी ऑफिस में आर्मस्ट्रांग का शव दफनाने की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग के शव को पार्टी कार्यालय परिसर में दफनाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। अब उनका अंतिम संस्कार तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के पोथुर गांव में निजी जमीन पर किया जाएगा।

### हिरासत में शिवसेना नेता, बेटा फरार

**मुंबई।** मुंबई में तेज रफ्तार कार बीएमडब्ल्यू ने एक महिला को कुचल दिया। कार में शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर शाह भी था। वह तो फरार हो गया है, लेकिन पुलिस ने उसके पिता को हिरासत में ले लिया है।

# हिमाचल में 40 सड़कें और 71 पेयजल योजनाएं ठप

## चार दिन भारी बारिश का येलो अलर्ट, नदी-नालों से दूर रहने की सलाह

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेशभर में 11 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में सोलन, सिरमौर, शिमला, मंडी, बिलासपुर, कुल्लू, किन्नौर और कांगड़ा जिले में आंधी के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई है। वहीं, बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते हैं।

भारी बारिश के चलते प्रदेशभर में 40 सड़कें, सात ट्रांसफार्मर और 71 पेयजल योजनाएं ठप हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए मौसम विभाग और प्रशासन ने लोगों से नदी, नालों और खड्डों के किनारों से दूर रहने की सलाह दी है। (अनंत ज्ञान)



शिमला में बारिश के बाद अपने गतंव्य की ओर जाते लोग।

**आठ जिलों में आंधी के साथ आसमानी बिजली गिरने की संभावना**

### 24 घंटों में कांगड़ा जिले में सबसे अधिक बारिश

**प्रदेशभर** में 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक बारिश कांगड़ा जिले में दर्ज की गई है। धर्मशाला में 214.6 मिमी, पालमपुर में 212.4 मिमी और कांगड़ा में 157.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। सिरमौर के धौलाकुआं में 70, बिलासपुर के बरठीं में 58.8, ऊना में 50.6, मंडी में 46.4 और चंबा के डलहौजी में 31 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले हिस्सों में भी हल्की बर्फबारी हुई है।

**धर्मशाला में हुई 214.6 मिमी बारिश**

### रविवार दोपहर बाद शिमला सहित कई इलाकों में बारिश

**शिमला** सहित अन्य जिलों में रविवार को बादल छाए रहे। दोपहर बाद शिमला सहित कई हिस्सों में बारिश हुई है। मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने कहा कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा भारी बारिश के चलते कांगड़ा, शिमला और चंबा में बाढ़ आने की भी आशंका है। प्रदेश में 11 जुलाई तक मौसम खराब रहेगा।

# दूसरे गुप्त नवरात्र पर भारी संख्या में भक्तों ने किए मां नयनादेवी के दर्शन

**मुकेश गौतम, श्री नयनादेवी जी**

**शक्तिपीठ श्री** नयनादेवी में रविवार को दूसरे गुप्त नवरात्र पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां से आशीर्वाद लिया। दिनभर श्रद्धालुओं के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा।

मां श्री नयनादेवी के दर्शनों को भारी संख्या में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य बाहरी राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं, श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। (अनंत ज्ञान)



**साकार हरि के वकील एपी सिंह का दावा**

## कुछ लोगों के भीड़ में जहराली गैस से डिब्बे खोलने से दम घुटा

**हाथरस।** हाथरस हादसे को लेकर साकार हरि के वकील एपी सिंह ने दावा किया कि जहरीली गैस से भक्तों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि हाथरस में सत्संग के बाद हादसा बाबा की बढ़ती लोकप्रियता के खिलाफ एक साजिश है। हादसे के गवाहों ने उनसे संपर्क किया। गवाहों का कहना है कि 15-16 लोग जहरीली गैस के डिब्बे ले जा रहे थे, जिन्हें उन्होंने भीड़ में खोल दिया था, जिससे वहां भगदड़ मच गई। मैंने मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट देखी है और इससे पता चला है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है, न कि किसी अन्य कारण से। जहरीली गैस को छोड़ने वालों को भागने में मदद करने के लिए घटनास्थल पर वाहन खड़े थे। हमारे पास सबूत हैं और हम इसे देंगे।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर चंडीगढ़ में भी
विज्ञापन और खबरों के लिए संपर्क करें हमारी चंडीगढ़ शाखा
जगदीश शर्मा ब्यूरो चीफ
SCO 210, Sector 34-A, Chandigarh Mob. 9872000431
Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) 176047 Ph. 01892-299098, 9816875517

# कुलगाम में दो मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के कुलगाम में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दो और आतंकवादियों को मार गिराया। मुदरघम और चिनिगाम में अब तक 6 आतंकी मारे गए हैं।

शनिवार को भी चार आतंकी मार गिराए थे। हालांकि इन दोनों ऑपरेशन के दौरान दो जवान शहीद हुए हैं। पिछले कल मुदरघम में एक, चिनिगाम में भी रात को एक जवान शहीद हुआ था। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने कहा कि कुलगाम के पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम को बड़ी सफलता मिली है। यहां दो मुठभेड़ में अब तक छह आतंकवादी मारे गए हैं। एक मुठभेड़ पूरी हो चुकी है और एक जगह मुठभेड़ चल रही है।



### राजौरी में सैन्य शिविर पर आतंकी हमला, एक जवान घायल

**राजौरी।** राजौरी जिले के मंजाकोट में एक सैन्य शिविर पर रविवार को आतंकियों ने हमला कर दिया। आतंकियों की फायरिंग में एक जवान घायल हुआ है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सुबह आतंकियों ने शिविर पर फायरिंग कर दी। संतरी ने उन्हें रोका और जवाबी फायरिंग की, जिससे आतंकवादी भागने पर मजबूर हो गए। सेना ने हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

## टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ केस दर्ज



**महिला आयोग की अध्यक्ष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप**

**नई दिल्ली।** कैश फॉर क्वैरी कांड के आरोप झेल रहीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा अब फिर से नए मामले में फंस गई हैं। दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। महुआ पर 'एक्स' पर अपने पोस्ट में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को शिकायत दी थी। अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।




**फैसला** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने लेबलिंग के नियमों में बदलाव को दी मंजूरी

# पैकेज्ड फूड में नमक-चीनी की मात्रा का पता करना होगा आसान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों (पैकेज्ड फूड) के लेबल पर नमक, चीनी और संतृप्त वसा के बारे में बोल्ड अक्षरों के साथ ही बड़े फॉन्ट में जानकारी देने को अनिवार्य करने की तैयारी कर रहा है।

नियामक ने लेबलिंग के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है। एफएसएसएआई के अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में यह फैसला लिया गया है। इसमें पोषण संबंधी जानकारी लेबलिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। संशोधन का मकसद उपभोक्ताओं को उत्पाद के पोषण मूल्य को अच्छी तरह समझने और बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाना है।



- पैकज्ड फूड को लंबे समय तक सुरक्षित बनाए रखने के लिए इसमें केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, जो हमारे शरीर के लिए हानिकारक होते हैं।
- कई तरह के पैकज्ड फूड में सोडियम की मात्रा बहुत ज्यादा होती है इसलिए इन्हें खरीदते समय न्यूट्रीशियस फैक्ट्स को जरूर चेक कर लें।
- जिन डिब्बाबंद खाने की चीजों में फ्रक्टोज कॉर्न सिरप और नमक मौजूद हो ऐसी खाने की चीजों का इस्तेमाल कम करें।
- पैकज्ड केक, कुकीज, हाई कैलोरी चिप्स, कैंडी आदि चीजों को लेबल देखकर ही खरीदें।
- फ्रेश न होने के कारण ऐसी खाने की चीजों में पोषक पदार्थों की कमी होती है और इनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा भी बहुत अधिक होती है।

### मोटे अक्षरों में देनी होगी जानकारी

**इस** संशोधन से संबंधित मसौदा अधिसूचना अब सुझावों एवं आपत्तियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से पब्लिक डोमेन में रखा जाएगा। कुल चीनी, कुल संतृप्त वसा और सोडियम सामग्री की जानकारी प्रतिशत में दी जाएगी और इसे मोटे और बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा। बता दें कि एफएसएसएआई झूठे और भ्रामक दावों को रोकने के लिए समय-समय पर सलाह जारी करता है। इनमें 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द को हटाने के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट को भेजी गई सलाह शामिल है। इसके अलावा, सभी खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों (एफबीओ) को फलों के रस के लेबल एवं विज्ञापनों से 'शत-प्रतिशत फलों के रस' से संबंधित किसी भी दावे, गेहूं का आटा/परिष्कृत गेहूं का आटा जैसे शब्द के उपयोग, खाद्य वनस्पति तेल आदि के लिए पोषक तत्व संबंधी दावे को हटाना अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 12 वर्षीय लड़की की सर्पदंश से मौत

**जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में अपने मामा के घर मेहमानी में आई 8वीं कक्षा की लड़की की सर्पदंश से मौत हो गई है। मृतक बच्ची की पहचान 12 वर्षीय प्रिया पुत्री सुरेंद्र कुमार, ग्राम टुडू वाला, डाकघर बिरला तहसील एवं थाना श्रीरेणुकाजी के तौर पर हुई है। बच्ची अपने मामा देवेंद्र सिंह ग्राम चिमल्टी, डाकघर पानवा, तहसील पच्छाद जिला सिरमौर के घर मेहमानी करने गई थी। इस दौरान वह रात को कमरे में सो रही थी। इसी बीच उसे मध्यरात्रि बिस्तर पर सांप ने डंस लिया, जिसके बाद उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन वहां पहुंचे और उसे उपचार के लिए तुरंत सोलन अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद थाना पच्छाद को इसकी जानकारी क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से फोन पर मिली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर परिजनों को सौंप दिया है। (अनंत ज्ञान)

### दो व्यक्तियों से 4.59 ब्राउन शुगर बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना हमीरपुर की टीम ने गश्त के दौरान दो व्यक्तियों से 4.59 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन)बरामद की है। जिला पुलिस हमीरपुर की उक्त टीम द्वारा विकाश कुमार निवासी गांव खावा चंद्र तोला डाकखाना किरनपुर तहसील व जिला लखीसराय, बिहार तथा अमित कुमार निवासी गांव भाटी डाकखाना मोहीं को गिरफ्तार करके एनडीपीएस अधिनियम की धारा के अधीन अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन जारी है। (अनंत ज्ञान)

### नड्डा ने आनंद बोद्ध के निधन पर शोक व्यक्त किया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने टाइम्स ऑफ इंडिया के 51 वर्षीय वरिष्ठ सहायक संपादक आनंद बोद्ध के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि आनंद बोद्ध विलक्षण प्रतिभा के मालिक थे। उन्होंने सदैव समाज से जुड़े सजग मुद्दों को समाचार पत्र के माध्यम से लोगों के बीच प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने कौशल से पत्रकारिता जगत को समृद्ध किया। वह पत्रकारिता की बारीकियों को अच्छी तरह से समझते थे। बतौर पत्रकार उन्होंने पत्रकारिता जगत में उल्लेखनीय कार्य किए। पत्रकारिता जगत के एक बड़े सितारे के अस्त होने से पत्रकारिता जगत को एक अपूर्णीय क्षति हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज, राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी, डॉ. सिकंदर कुमार, हर्ष महाजन, सांसद डॉ, राजीव भारद्वाज, कंगना रणौत सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व व कार्यकर्ताओं ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने भी निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। (अनंत ज्ञान)

### सुक्खू ने सीएम पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई : होशियार



देहरा में चुनावी सभा के दौरान होशियार सिंह।

**शुभम शर्मा, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक होशियार सिंह ने कहा है कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री पद व उसकी गरिमा को भारी ठेस पहुंचाई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने झूठी गारंटियों के द्वारा प्रदेश के लोगों की आशा और विश्वास के साथ भी खिलबाड़ किया है। हिमाचल देवभूमि में मुख्यमंत्री पद के साथ गौरवशाली परंपराएं जुड़ी हुई हैं, जिनको सुक्खू ने तारतार किया है। उन्होंने कहा कि देहरा में हो रहे उपचुनाव में सुक्खू सरकार कानून को ताक में रखकर सभी हथकंडों को अपना रही है तथा देहरा की जनता की आवाज को दवाने का प्रयास किया जा रहा है। अगर सुक्खू ने देहरा में विकास की शुरुआत की होती तो आज उपचुनाव करवाने की नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि सुक्खू अपनी नाकामियों का ठिकरा दूसरों पर फोड़ रहे हैं, परंतु वे भूल रहे हैं कि पब्लिक सब कुछ जानती है। (अनंत ज्ञान)

### त्याग पत्र देने में बिकने के अलावा और कोई कारण नहीं : पुष्पेंद्र



हमीरपुर में चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ।

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** हमीरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि जिस हमीरपुर की जनता ने बड़े राजनीतिक दलों को छोडक़र अपनी उम्मीदों के साथ जिसे बतौर आजाद विधायक बनाया, उसका मात्र 15 माह में ही त्यागपत्र देने में बिकने के अलावा और कोई कारण नहीं हो सकता है। पुष्पेंद्र वर्मा रविवार को सासन, अमरोह, गजोह, रोपा, काले अंब, भारीं, कथैल, स्वाहल, लंबलू, हरनेड़ एवं हमीरपुर के वार्ड नंबर एक में आयोजित नुक्कड़ सभाओं के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को त्यागपत्र तो ये कह कर दिया कि वे अब विधायक नहीं रहना चाहते, फिर दोबारा चुनाव में क्यों चले आए। इसका मतलब दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि इनकी तो पूरी दाल ही काली है। उन्होंने कहा कि दोबारा चुनाव डालने से जनता पर करोड़ों का बोझ डाला गया है। ये लोग पहले जहां मात्र 15 माह में जनता के वोटों को राजनीतिक मंडी में बेच आए, अब इसकी क्या गारंटी है कि वे फिर अपनी अन्य राजनीतिक महत्वकाक्षाओं के लिए फिर अगले 15 माह बाद हमीरपुर की जनता के द्वार वोट मांगने चले आए। डॉ पुष्पेंद्र ने कहा कि पूरे 15 माह में वे विधानसभा में केवल एक बार बोले वो भी अपने धंधें की बात पर ही बोले है। इससे सपष्ट होता है कि उनका ध्येय विधायक बनकर केवल अपने धंधों को बढ़ाना रहा है। (अनंत ज्ञान)

# होशियार सिंह से देहरा के अपमान का बदला लेगी जनता : मुख्यमंत्री

## ओपीएस के लिए जयराम ने कर्मचारियों को दी थी चुनाव लड़ने की चुनौती

**शुभम शर्मा, देहरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा धन-बल के अहंकार में जनता की ताकत को कुछ नहीं समझते। पहले उन्होंने पुरानी पेंशन (ओपीएस) प्राप्त करने के लिए सरकारी कर्मचारियों को चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी और फिर विधानसभा में कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता।

उन्होंने कहा कि सरकार गिराने की साजिश में कांग्रेस पार्टी के छह बागी विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का साथ दिया, लेकिन जनता ने धन-बल की राजनीति को नकार कर कांग्रेस विधायकों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार निर्दलीय विधायक अपना इस्तीफा स्वीकार कराने के लिए धरने पर बैठे और कोर्ट गए। इसकी असली वजह भाजपा से डील की रुकी हुई दूसरी किश्त थी। इस्तीफा स्वीकार होने के बाद अब होशियार सिंह समेत तीनों निर्दलीय विधायकों को रुपयों की अटैची मिल चुकी है। होशियार सिंह ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के सम्मान को भाजपा के पास गिरवी रखा और अब देहरा की जनता इस अपमान का बदला लेने को तैयार है।



चुनावी सभा के दौरान सीएम सुक्खू, साथ हैं विक्रमादित्य सिंह व अन्य कांग्रेस नेता।

उन्होंने कहा कि देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह अब उस धन से जनता को वोट खरीदने का प्रयास करेंगे, लेकिन जनता विकास को चुनेगी और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के खैरियां, बौंगता, बाड़ी, शिवनाथ, ध्वाला, ठाकुरद्वारा, मूहल, रजोल और देहरा में कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान यह बात कही। (अनंत ज्ञान)

### सीएम ने कहा-होशियार सिंह ने क्षेत्र के विकास को अनदेखा किया, सिर्फ वोट की राजनीति की

**सुखविंद्र** सिंह सुक्खू ने कहा देहरा में होशियार सिंह सिर्फ वोट की राजनीति करने में व्यस्त रहे और क्षेत्र के विकास को अनदेखा किया। होशियार सिंह की अपनी गृह पंचायत के लोग भी विकास को तरस रहे हैं। उनकी प्राथमिकता अपने रिजॉर्ट को काम पूरा करना है और विकास से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

छह महीने पहले जब वह हरिपुर आए तो निर्दलीय विधायक की हर मांग को पूरा किया, लेकिन काम न होने का आरोप लगाकर उन्होंने भाजपा की साजिश में शामिल होकर अपनी विधायकी बेच डाली। अगर कांग्रेस सरकार से निर्दलीय विधायक को दिक्कत थी तो भाजपा के साथ बैठ जाते, उपचुनाव का बोझ जनता पर क्यों डाला। विपक्ष में बैठ कर होशियार सिंह कैसे अपने क्षेत्र का विकास कैसे करवाएंगे। भाजपा के ईमानदार कार्यकर्ता भी होशियार सिंह का साथ नहीं देंगे क्योंकि विधायक रहते हुए उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया।

## सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल : राजीव बिंदल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि विगत 18 महीने की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल हुई है। अपनी कमियों को, भ्रष्टाचार को, नाकामयाबियों को छुपाने के लिए केवल और केवल भाजपा को गाली देने का काम कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने किया है। कांग्रेस सरकार ने केवल उन विधायकों को प्रताड़ित किया जिन्होंने जनहित के मुद्दे उठाए।

डेढ़ साल में 30 हजार करोड़ का कर्ज लेने के बावजूद सभी विकास कार्य बंद कर दिए, संस्थान बंद कर दिए। प्रदेश की कानून व्यवस्था अपने सबसे बूरे दौर से गुजर रही है और जनता में हाहाकार मचा हुआ है। खून, बलात्कार, ड्रग माफिया, चिट्टा माफिया सिर चढ़ कर बोल रहा है परंतु प्रदेश सरकार केवल मित्रों के टोले से घिरी हुई है और मित्रों के टोले को लाभ पहुंचाने में जुटी हुई है। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश में बिगड़ चुका हैं सुक्खू सरकार का गणित: रविंद्र रवि

**शुभम शर्मा, देहरा**



भाजपा नेता ठाकुर रविंद्र सिंह रवि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर हमला बोलते हुए कहा कि वे उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की फिक्र करने की बजाए अपनी सरकार की फिक्र करें जो जल्द गिरने वाली है।

उन्होंने का कि कांग्रेस सरकार का गणित मुख्यमंत्री सुक्खू की वजह से बिगड़ चुका है। प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है तब से सुक्खू सरकार का गणित उल्टा ही चल रहा है। देहरा विधान सभा क्षेत्र में सुक्खू व उनके विधायक घटिया भाषा शैली का प्रयोग कर रहे हैं। सुक्खू ने पत्नी की जीत को लेकर देहरा में जो आतंक का माहौल बनाया हुआ है उसे जनता देख व भुगत रही है। जनता इसका बदला 10 जुलाई को लेने के लिए तैयार बैठी हुई है।

रवि ने कहा कि देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह एक कद्दावर नेता के रूप में उभर कर जनता के सामने आए हैं। (अनंत ज्ञान)

## बीबीएन के औद्योगिक वर्करों के साथ आशीष शर्मा ने किया संवाद

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने बद्दी आकर औद्योगिक वर्करों से संवाद किया। वह बद्दी के किशनपुरा में ली मैरियट होटल में बद्दी बरोटीवाला नालागढ़ के इंडस्ट्रियल वर्करों से मिलने आए थे, जिनके वोट हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में है।

आशीष शर्मा ने कहा कि वह हमीरपुर सीट से आजाद चुनाव जीते थे और उन्हे आस थी कि हमीरपुर जिला से सीएम होने के कारण सुखविंद्र सिंह सुक्खू उनको अपनाएंगे और जनता के काम करेंगे। सीएम लगातार कह रहे हैं कि आशीष बिक गया, लेकिन सुक्खू आज तक सबूत नहीं दे पाए। कभी कहते हैं कि आशीष के परिवार को 135 करोड के ठेके दे दिए तो यह बात गलते है। सीएम के पास ऐसी कोई पावर नहीं है कि वो किसी को ठेके दे सके। उन्होंने कहा कि जब जनता के काम ही नहीं हो रहे थे और मुख्यमंत्री मिलने के लिए समय ही नहीं दे पाए रहे थे तो मुझे इस्तीफा देकर पुन: भाजपा के टिकट पर दंगल में उतरना पड़ा।

उन्होंने कहा कि मैने कोई ऐसा कृत्य नहीं किया, जिससे मुझे शर्मिंदा होना पड़ा बल्कि मुझे राज्य सभा वोट डालने के लिए बडे बडे प्रलोभन दिए गए, लेकिन हमने अपना जमीर नहीं बेचा।

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि सीएम घमंड में चूर होकर विरोधियों को प्रताड़ित करने की साजिश रच रहे हैं और इसको जबाब उनको 13 जुलाई को मिल जाएगा, जब तीनों सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा। इससे पहले बद्दी पहुंचने पर आशीष शर्मा का हमीरपुर मैत्री कल्याण सभा के सदस्यों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा प्रत्याशी धोखेबाज निकले : चरणजीत चन्नी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा के एकदिवसीय चुनाव प्रचार में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पहुंचे, जिन्होंने अलग-अलग जगहों पर जनता से हरदीप बावा के लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि मैंने सुना था ठाकुर अपनी जुबान व वचन के पक्के होते है, लेकिन भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर धोखेबाज निकले जिसने पहले कांग्रेस को समर्थन देकर अपने कई निजी काम करवाएं और फिर सरकार गिराने की साजिश के चलते इस्तीफा देकर भाजपा में चला गया जिसकी वजह से डेढ़ वर्ष में फिर उपचुनाव करवाना पड़ा।

उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति को आज सबक सिखाने का समय आ गया है और जनता उसे करारी हार दिखाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरफ पानी का बहाव होता है उसी तरफ तैरना चाहिए उल्टी तरफ नुकसान ही नुकसान है।

## जनहित नहीं, मित्रहित कांग्रेस के लिए सर्वोपरि : अनुराग

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में रोपा (वणी), पांडवीं, ताल, बाड़ी फरनोल व हमीरपुर शहर वार्ड नंबर 10, में जनसभा व जनसंपर्क के माध्यम से पार्टी प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में कई चुनावी नुक्कड़ सभाएं कीं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले 18 महीनों से चल रहा कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार और अन्याय भरा रहा है।

जनता की बजाए यह सरकार मित्रों की सरकार बन गई है। जहां जनहित नहीं मित्रहित सर्वोपरि हैं। सरकारी मशीनरी का जितना दुरुपयोग इस सरकार में हुआ, हिमाचल ने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। हिमाचल की मित्रों की सुक्खू सरकार 3 उपचुनावों में अपनी पराजय को देखते हुए अराजकता पर उतर गई।

कांग्रेस की सरकार में गरीब पैसे- पैसे को तरस रहे हैं, पर यह 'मित्रों की सरकार' उनकी भलाई करने की बजाए अपने मित्रों के करोड़ों रुपए के कर्ज माफ करने में लगी है। कांगड़ा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक सिर्फ मित्रों के लिए काम करने के लिए लगा दिया गया है। कांग्रेस ने मित्रों को लाभ पहुंचाने के अलावा पिछले 18 महीने में कुछ नहीं किया।



चुनावी सभा के दौरान आशीष शर्मा के साथ अनुराग ठाकुर।

ये पहला चुनाव है जहां कोई सरकार बिना उपलब्धि के जनता के बीच जाकर वोट मांग रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार तीनों विधानसभा जहां उपचुनाव हो रहे हैं, वहां व्यापारियों, छोटे दुकानदारों, सरकारी कर्मचारियों को डराने और धमकाने का काम कर रही है।

पिछले सात दिनों में उन तीन विधानसभा क्षेत्रों में 1000 से ज्यादा छोटे दुकानदारों और व्यापारियों का चालान काटा जाना दिखाता है कि कांग्रेस सरकार ने व्यापारियों के खिलाफ अराजकता का मोर्चा खोल दिया है।

मोदी सरकार ने तीन बार पेट्रोल और डीजल का दाम कम किया, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के 6 महीनों में ही दो बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा कर जनता पर महंगाई का बोझ डाला है। (अनंत ज्ञान)

## देहरा में सुविधाओं की कमी के लिए कांग्रेस व भाजपा जिम्मेदार : सुलेखा

**सालविया शर्मा, गरली**

देहरा के निर्दलीय प्रत्याशी सुलेखा चौधरी ने कहा है कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी के लिए कांग्रेस व भाजपा प्रमुख रूप से जिम्मेदार रहे हैं। विडंबना यह है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई है।

रविवार को गांव करियाडा रजोल जालंदर लाहड मूहल कुंदली हार ब ध्वाला आदि इलाकों में नुक्कड़ सभाओं में सुलेखा चौधरी ने कहा कि कई बार चुनाव हारने के बाद इन नेताओं से संबंधित दलों की सरकारें बनीं तो इन्हें निगम या बोर्ड के पद मिले, लेकिन इन नेताओं ने आम जनता की समस्याओं के समाधान की बजाय खुद के हितों को सर्वोपरि रखा। सुलेखा चौधरी ने कहा कि खुद को तथाकथित गरीब बताने वालों के प्राइम लोकेशन वाली जगहों पर पैलेस और शानदार घर हैं।



जनता इनकी हकीकत पहचान चुकी है और अब इनकी बातों में नहीं आने वाली है। सुलेखा चौधरी ने कहा कि वह राजनीति में करियर या पैसा बनाने के लिए नहीं आ रही हैं। विधायक के तौर पर मिलने वाले एक-एक पैसे को आम व गरीब आदमी के उत्थान पर खर्च किया जाएगा। देहरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता झूठे वादों व आश्वासनों से तंग आ चुके हैं। आम आदमी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है। आम जनमानस को आभास है कि इन नेताओं की बदौलत देहरा क्षेत्र का भाग्यदोय नहीं होने वाला है। क्षेत्र का गरीब व आम आदमी व्यवस्था परिवर्तन के हक में है। सुलेखा चौधरी ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि अब भी देहरा के मुख्य बाजारों में सार्वजनिक शौचालयों का अभाव है, लेकिन विकास के कथित दावे करने वालों ने न तो इस बारे में कभी सोचा और न ही सार्वजनिक मंचों पर ऐसी समस्याओं का जिक्र किया।

देहरा क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं, जहां यह नहीं पता चलता कि रास्ते में खड्डु है या खड्डु में रास्ता है। सुलेखा ने कहा कि अगर उन्हें क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है तो वह हर वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में 50 किलोमीटर संपर्क सड़कों का निर्माण करवाएंगी। इसके अलावा हर बस्ती तक एंबुलेंस सुविधा पुहंचे, इसके लिए पहले दिन से ही प्रत्यन्नशील रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

## सीएम सुक्खू मित्रों को लूट की छूट पर खामोश क्यों : राजेंद्र राणा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि सबूतों के अभाव में मनघड़ंत आरोप लगाकर सीएम सुक्खू कांग्रेस की नैया पार नहीं लगा सकते क्योंकि प्रदेश की जनता इस हकीकत को जान गई है कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों का एकमात्र लक्ष्य अपने परिवारों का भविष्य सुरक्षित करना है।

आम जनता के दुख-दर्द से इस सरकार का कोई लेना-देना नहीं है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश को कर्ज के दलदल में पूरी तरह डुबो दिया है। अपने मित्रों को भी लूट घसूट की पूरी छूट दे रखी है। मुख्यमंत्री का हिमाचल को लेकर विजन क्या है, यह किसी को पता नहीं चल रहा।

क्योंकि उनकी पूरी राजनीति झूठ, फरेब और छल कपट पर आधारित है। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री तो बिना सबूत के आरोप लगा रहे हैं और हम सबूत के आधार पर उनसे यह पूछ रहे हैं कि कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक में वन टाइम सेटलमेंट की आड़ में जो भ्रष्टाचार का खुला खेल हुआ है। उस पर मुख्यमंत्री चुप्पी साधे क्यों बैठे हैं। उनके कौन से करीबी लोग इस सारे प्रकरण में शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

**मिसाल** शिक्षक के सही मायने चरितार्थ कर रहे हैं धार टिकरी स्कूल के प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी

# स्कूल ही नहीं घर-द्वार बच्चों को कर रहे शिक्षित

**आर मोहन चौहान, सोलन**

अध्यापक वह दीपक है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। अच्छी शिक्षा से राष्ट्र की उन्नति संभव है। किसी भी छात्र के जीवन में उत्तम विचार और अच्छी बातें शिक्षक ही रोपित कर सकता है। छात्र जीवन में शिक्षक से जितनी सीख लें वह उतनी ही कम है।

सिरमौर जिला के धार टिकरी स्कूल के प्रिंसिपल बंसीलाल नेगी ने भी इसी तरह की मिसाल को चरितार्थ किया है। नेगी न केवल स्कूल में बल्कि बच्चों के घर पहुंच कर उन्हें शिक्षित होने के लिए प्रेरित करते हैं। नेगी ने शिक्षा को सुलभ, सहज और अग्रणी बनाने का बीड़ा उठाया है। जिला की दूरस्थ पाठशाला में सेवारत नेगी घर द्वार पहुंच कर विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संपर्क कर उनके पठन-पाठन में सहयोग कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



प्रिंसिपल बंसीलाल नेगी बच्चों को घर पहुंच कर पढ़ाते हुए।

### निर्मित करवाया एक कमरा

विद्यालय में कमरों की कमी को देखते हुए प्रिंसिपल ने एक विशेष अभियान चलाया। उन्होंने समुदाय और स्कूल प्रबंधन समिति को साथ लेकर प्रमुखता से लोगों के समक्ष इस समस्या को रखा। परिणामस्वरूप 1,10,000 रुपए एकत्रित हुए। इस रकम से निर्मित क्लास रूम का निर्माण करवाया।

### सुबह-शाम लगाते हैं अतिरिक्त कक्षाएं

शिक्षा के प्रति समर्पित बंसी लाल नेगी समय की परवाह किए बगैर बच्चों की सुबह-शाम अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर उन्हें काबिल बनाने में जुटे हुए हैं। बतौर प्रिंसिपल स्कूल के प्रशासनिक कार्यों से समय निकालकर बच्चों की कक्षाएं भी लगाते हैं। स्कूल में गणित विषय के अध्यापक नहीं होने के चलते काफी समय से खुद ही गणित विषय पढ़ा रहे हैं। इसी के परिणाम-स्वरूप विद्यालय का बोर्ड का वार्षिक परीक्षा परिणाम 98 फीसदी रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषय में डिस्टिंक्शन प्राप्त की है। नेगी के समर्पण भाव से क्षेत्रवासी भी काफी प्रभावित है। नेगी ने बिना समय गवाएं स्कूल प्रबंधन समिति के साथ मिलकर विदांजलि पोर्टल के माध्यम से सेवानिवृत्त हुए अध्यापक को शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालय में नियुक्ति दी।

### छुट्टी के दिन लेते अभिभावकों से फीडबैक

**प्रिंसिपल** बंसी नेगी छुट्टी के दिन विद्यार्थियों के अभिभावकों से मिलने उनके घर जा कर बच्चों के पढ़ाई के बारे में विचार-विमर्श करते हैं। अभिभावकों को नशा के दुष्परिणाम, मोबाइल की आदत, पॉक्सो एक्ट, बच्चों के गृह कार्य के बारे में जागरूक करते हैं। यदि किसी कारण वश बच्चे स्कूल नहीं आ पा रहे हैं तो प्रिंसिपल उनसे एक-दो बार टेलीफोन रिक्वेस्ट करते हैं, फिर भी बच्चा स्कूल नहीं आए तो स्वयं उनके घर जाकर उनके माता-पिता से मिलकर बच्चों को फिर से स्कूल में लेकर आते हैं।

जोगिंद्रनगर के विधायक ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर साधा निशाना, कहा-

# कर्ज लेने की यही रफ्तार रही तो प्रदेश 'कंगाली' के कगार पर पहुंच जाएगा

**अभिषेक शर्मा,जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर से भाजपा के विधायक प्रकाश राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर आरोप लगाया कि प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों में इस समय हो रहे उपचुनाव कांग्रेस सरकार द्वारा बेवजह थोपे गए हैं, जबकि यह चुनाव लोकसभा चुनावों के साथ भी करवाए जा सकते थे।

प्रकाश राणा ने यह बात जोगिंद्रनगर में आयोजित प्रैस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह ने 35 विधायक होने के बावजूद 5 वर्ष तक सरकार चलाई, लेकिन सुक्खू 40 विधायक होने के बाद भी सरकार नहीं चला पा रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाना तय है। मुख्यमंत्री चाहे जितना मर्जी जोर लगा लें, उनकी पत्नी देहरा से चुनाव हार रही हैं। लोग जानते हैं कि कांग्रेस हमेशा परिवारवाद की राजनीति करती है। मुख्यमंत्री को अपनी पत्नी के सिवा कोई अन्य महिला चुनाव लड़ाने के लिए विधानसभा में नहीं मिली, जिसे चुनाव मैदान में उतारा जा सके।



जोगिंद्रनगर में प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा विधायक प्रकाश राणा, नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर, उपाध्यक्ष अजय धरवाल।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश सरकार प्रदेश को कर्ज के बोझ तले डूबो के रख दिया है। पांच साल जयराम ठाकुर सीएम रहे उन्होंने 22-23 हजार करोड़ कर्ज लिया, लेकिन इस सरकार ने तो मात्र डेढ़ वर्ष में ही 18 से 20 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया है अब तो हालात ऐसे है कि हर माह कर्ज के ब्याज को चुकता करने के लिए 30 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं और अगर यही रफ्तार कर्ज लेने की रही तो प्रदेश कंगाली के कगार पर पहुंच जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# बरसात की पहली बारिश में ही मौल खड्ड ने बदला अपना रास्ता



**राकेश डोगरा डरोह**

पिछले दिन मौल घाटी में हुई भारी बारिश से जहां मौसम में बदलाव तो हुआ ही है, इसके साथ-साथ धरती में खूब हरियाली आने लगी है। पहले पशुओं के चारे की किल्लत हुआ करती थी, अब मवेशी भरपेट चारा खा रहे हैं।

किसानों की पशुओं के लिए चारे की समस्या का हल तो हो गया, जो जंगली पशु जंगल छोड़ कर रिहायशी इलाकों में आते थे और ग्रामीणों का खूब नुकसान करते थे, उनके खेत उजाड़ देते थे, अब उन्हें भी इस बारिश के कारण जंगल में ही चारे की व्यवस्था उपलब्ध हो जाएगी। मौल घाटी में हुई भारी बारिश के कारण मौल खड्ड भी पूरे उफान पर रही। इसका बहाव इतना ज्यादा था कि पहले गांव पलहूणी से काफी दूर सामने वाले किनारे से होकर बहती थी, अब उसने भी अपना रास्ता बदल लिया है। अब खड्ड गांव पलहूणी के बिलकुल नीचे से होकर बह रही है।

यहां तक कि इसने किनारे पर बने पत्थरों के क्रेट भी किनारे से उखाड़कर बीच में ला दिए हैं। इतना ही नहीं इस पहली बारिश ने मौल खड्ड के साथ लगते छोटे-छोटे नालों में भी काफी दम देखने को मिला। पिछले साल तो मौल खड्ड ने कौना, हल्दरा और सपड्डल वालों का श्मशानघाट ही बहा दिया था। अभी तो बरसात शुरू हुई है, देखते हैं आगे क्या होता है। (अनंत ज्ञान)

## बेरोजगारी की कहानी आंकड़ों की जुबानी

# प्रदेश में बढ़ रहे बेरोजगार, तीन माह में तीन को मिला रोजगार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

सरकार कोई भी हो, लेकिन प्रदेश में बेरोजगारी कम होने को नहीं आ रही है। आंकडों की मानें तो प्रदेश में व्हाइट कॉलर बेरोजगारों की बड़ी फौज नौकरी की राह ताक रही है। प्रदेश के सबसे बड़े जिले मे डेढ़ लाख के करीब युवा रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत हैं। इन 1,49,009 बेरोजगारों में 19,770 पोस्ट ग्रैजुएट, 27,007 ग्रैजुएट, 81,697 जमा दो पास तथा 19,441 मैट्रिक पास हैं। वहीं पिछले 3 माह में इनमें से मात्र एक को सरकारी, जबकि 2 को ही प्राइवेट जॉब मिल पाई है। आंकडों पर गौर करें तो कुल पंजीकृत बेरोजगारों में 80,697 पुरुष तथा 68,312 महिला बेरोजगार हैं। 3 माह में कुल 6412 पंजीकरण हुए, जबकि निजी तथा

**प्रदेश के सबसे बड़े जिले में डेढ़ लाख बेरोजगार पंजीकृत**



सरकारी क्षेत्र मे मात्र 3 युवाओं को ही नौकरी मिल पाई है।

सच्चाई तो यह है कि सत्ता में आने के लिए हर राजनीतिक दल रोजगार देने के सब्जबाग तो युवाओं को दिखाता है, लेकिन हकीकत में बेरोजगारी की समस्या हल होती हुई नजर नहीं आ रही। करीब डेढ़ लाख बेरोजगारों में से 70,389 युवा शहरी तो 78,620 युवा ग्रामीण क्षेत्रों से संबधित हैं। आरक्षित वर्ग में अनुसूचित जाति के 32,178, अनुसूचित जनजाति के 8136 तथा सबसे ज्यादा संख्या ओबीसी वर्ग के पंजीकृत बेरोजगारों की 48,241 है, पंजीकृत लोगों में 3755 भूतपूर्व सैनिक हैं। आंकडों के अनुसार रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगारों में से महज एक को सरकारी तथा कैम्पस इंटरव्यू के माध्यम से सिर्फ 2 लोगों को एक अप्रैल से 25 जून के बीच निजी क्षेत्र मे रोजगार मिल पाया है। आंकडों से साफ हो जाता है कि प्रदेश में बेरोजगारी को दूर करना सरकारों के लिए चुनौती से कम नहीं है। हर राजनीतिक दल दावे भले ही बड़े-बड़े करता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि पढ़ाई पूरी करते युवाओं तथा रोजगार के बहुत सीमित अवसरों के कारण बेरोजगारी साल-दर-साल बढ़ती जा रही है।

उधर, रोजगार अधिकारी धर्मशाला आकाश राणा ने आंकडों की पुष्टि करते हुए बताया कि भर्तियां होने के साथ ही युवाओं के नाम योग्यता अनुसार भेज दिए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारत विकास परिषद बैजनाथ पपरोला का हुआ परिवार मिलन



कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते शक्ति चंद राणा, डॉ. परीक्षित बाली व अन्य।

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

समाज सेवा, संस्कारों के उन्नयन और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में अग्रणी संस्था भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला का परिवार मिलन कार्यक्रम शनिवार को महाकाल मंदिर के प्रांगण में भजन संध्या के बाद अक्षय पैलेस कुंसल में शाखा के सभी सदस्यों के परिचय साथ संपन्न हो गया।

सभा स्थल पर दीप प्रज्वलन के बाद कवि एवं प्रख्यात गायक शक्ति चंद राणा एवं डॉक्टर परीक्षित बाली द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसका उपस्थित मेहमानों ने आनंद लिया। परिवार मिलन कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सदस्यों की उपस्थिति के लिए अध्यक्ष प्रीतम भारती, महासचिव अनुज आचार्य एवं कोषाध्यक्ष हरीश अरोड़ा ने सभी सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम के संयोजक युद्धवीर राणा ने प्रीतिभोज की व्यवस्था एवं प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक संभाला, जबकि डॉ. अनिल भारद्वाज ने परिचय के दौरान शाखा द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने अपनी मंजूरी दी और जल्दी ही इसके आयोजन की तिथि तय की जाएगी। प्रांत सहसचिव डीआर ठाकुर के अनुसार निकट भविष्य में रक्तदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र कौल, संजय सोनी, डॉ. देवेंद्र सूद, वीरेंद्र सूद, धीरज पंकज नंदा, राकेश शर्मा, रमेश चड्डा, अमर सिंह राणा, डॉ. परीक्षित बाली आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दें : आनंद





श्री सत्य साई आनंदम मंदिर नगरोटा बगवां में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

श्री सत्य साई आनंदम मंदिर नगरोटा बगवां में बाल विकास द्वारा आयोजित कहानी, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बाल विकास गुरु बाल किशन व दीपशिखा नागपाल के अथक प्रयास से प्रोग्राम सफल संपन्न हुआ। इस दौरान हरीश आनंद व अन्य गणमान्यों ने बच्चों को पारितोषिक प्रदान कर उनकी हौसला अफजाई की। आनंद ने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी संस्कार युक्त शिक्षा दें और बाल विकास के कार्यक्रमों में हिस्सा दिलवाएं, ताकि आपके बच्चे भी माता-पिता, स्कूल और आपके शहर नगरोटा बगवां का नाम रोशन कर सकें।

# प्रचार के अंतिम चरण में आज नेता प्रतिपक्ष करेंगे ताबड़तोड़ प्रचार

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/देहरा**

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर उपचुनाव के अंतिम चरण में सोमवार को देहरा में जमकर प्रचार करेंगे।



जयराम ठाकुर आठ जुलाई को देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री इस दौरान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में विभिन्न चुनावी सभाओं को संबोधित कर ताबड़तोड़ प्रचार करेंगे। नेता प्रतिपक्ष इस दौरान देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत ठटलेहड, खबली, शिवनाथ, मुहल, ठाकुरद्वारा रजोल, धवाला, करियाडा जालंधर लाहड, शौली महादेव, बाडी, बौगता, राजगढ़, नगर परिषद देहरा वार्ड नंबर सात की जनता के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्वचक्षु ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सोमवार को देहरा में ताबड़तोड़ प्रचार करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में नेता प्रतिपक्ष इस दौरान करीब एक दर्जन चुनावी सभाओं को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल तैयार करेंगे।

# बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

क्षेत्रीय प्रयोगशाला, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड धर्मशाला के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी संजीव शर्मा ने ब्लॉक मेडिकल कार्यालय, फतेहपुर में बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। यहां लगभग 73 प्रतिभागियों को एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया, जिसमें डॉक्टर तथा नर्स शामिल थे।

ब्लॉक फतेहपुर में कार्यरत फार्मासिस्ट, स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य को बायोमेडिकल कचरे के प्रबंधन के अलावा प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट, ई-कचरा, प्लास्टिक कचरे को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से प्रबंधित करने की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों के सभी प्रश्नों और शंकाओं का समाधान संजीव शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के साथ-साथ



बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित डॉक्टर्स व नर्सिस।

पीसीबी के कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. अजय वर्मा द्वारा किया गया। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश फोतेदार ने सभी प्रतिभागियों से एनजीटी के आदेशों के अनुसार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई और जुर्माने से बचने के लिए बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सिविल अस्पताल जवाली के एसएमओ प्रभारी डॉ. मंगल दास और अन्य डॉक्टर उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## हेल्थ इज वेल्थ

### बरसात के मौसम में इन खाद्य पदार्थों को लेने से बचें

1. बरसात में पालक, बैंगन, गोभी, पत्ता गोभी में कीड़े लग जाते हैं, इसलिए इन्हें लेने से बचें।
2. बरसात में सलाद में बैक्टीरिया और फंगस पनपने की अधिक संभावना होती है, इसलिए सलाद खाने से बचें।
3. फलों को अधिक समय तक काटकर रखने से फंगस लग सकते हैं, इसलिए ऐसे फलों का सेवन नहीं करना चाहिए।
4. बरसात के मौसम में दही जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स से बचना चाहिए, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है।



**डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा**
**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबैरी**



# पीलिया बिगड़ने पर बन सकता है जानलेवा

**पीलिया** यानी जॉन्डिस रोग वैसे तो सामान्य रोगों की श्रेणी में आता है, लेकिन पीलिया रोग के बिगड़ने यानी अत्याधिक बढ़ जाने से यह जानलेवा सिद्ध हो सकता है। इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर ही स्वास्थ्य के प्रति सावधानी अवश्यक है। इन दिनों भीषण गर्मी व बरसात के आगमन के मौसम में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण लोग अक्सर पीलिया रोग के शिकार हो जाते हैं। यह रोग व्यक्ति के जीवन के खानपान से अधिक जुड़ा है। पीलिया क्या है, इसके लक्षण क्या हैं एवं बचाव के प्रारंभिक उपाय क्या हैं। इन तमाम बातों को लेकर इलेक्ट्रोहोम्यपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा ने 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत की।



### पीलिया क्या है?

इलेक्ट्रोहोम्यपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि जब लाल रक्त कोशिकाएं मर जाती हैं, तो वे रक्त में बिलीरुबिन नामक एक पीले-नारंगी रंगद्रव्य को पीछे छोड़ देती हैं। लिवर रक्त प्रवाह से बिलीरुबिन को छानकर आपके मल के माध्यम से बाहर निकाल देता है। यदि आपके सिस्टम में बहुत अधिक बिलीरुबिन है या आपका लिवर ओवरलोड है, तो यह हाइपरबिलिरुबिनेमिया नामक बिल्डअप का कारण बनता है। इससे पीलिया होता है, जिसमें आपकी त्वचा और आपकी आंखों का सफेद भाग पीला दिखाई देता है। यदि आपके सिस्टम में बहुत ज्यादा बिलीरुबिन रह जाता है, तो आपको हाइपरबिलिरुबिनेमिया हो सकता है। इससे पीलिया हो सकता है। बहुत ज्यादा लाल रक्त कोशिका का टूटना आपके लिवर की आपके रक्त से बिलीरुबिन को फिल्टर करने की क्षमता को खत्म कर देता है। बिलीरुबिन के उत्पादन के दौरान (यकृत पीलिया)। यह प्रकार तब होता है जब आपका लिवर आपके रक्त से पर्याप्त बिलीरुबिन नहीं निकाल पाता है। यदि आपको लिवर फेलियर है तो हेपेटिक पीलिया हो सकता है। बिलीरुबिन के उत्पादन के बाद (पोस्टहेपेटिक पीलिया)। इसे प्रतिरोधी पीलिया भी कहा जाता है, यह प्रकार तब होता है जब रुकावट बिलीरुबिन को आपके पित्त नलिकाओं में जाने से रोकती है।



**डॉ. संजीव शर्मा**
**इलेक्ट्रो होम्योपैथी विशेषज्ञ**

### पीलिया के लक्षण

**पीलिया** के कोई लक्षण नहीं हो सकते हैं। आपके पास जो भी लक्षण हैं, वे इस बात पर निर्भर करते हैं कि स्थिति कितनी तेजी से बिगड़ रही है। जाने-माने लक्षण हैं त्वचा का पीला पड़ना और आंखों में पीलिया (जिसे स्क्लेरल इक्टेरस भी कहा जाता है) लेकिन कुछ अन्य लक्षण भी हैं जिन पर ध्यान देना चाहिए, जिनमें शामिल हैं-बुखार, पेट दर्द, ठंड लगना, गहरे रंग का मूत्र, टार या मिट्टी के रंग का मल, फ्लू जैसे लक्षण, त्वचा में खुजली, वजन घटना, भ्रम, असामान्य उनींदापन और खूनी उल्टी आना।

### देखभाल एवं उपचार

**पीलिया** रोग होने पर सभी वसायुक्त पदार्थ जैसे घी, तेल, मक्खन, मलाई का उपयोग न करें। इसके बाद थोड़ी मात्रा में मक्खन या जैतून का तैल उपयोग कर सकते हैं। दाल खाने से बचें, क्योंकि दालों से आंतों में फुलाव और सड़ांध पैदा हो सकती है।

**प्रस्तुति : एमएम डैनियल, ब्यूरो चीफ, चंबा**

# बारिश के मौसम में बीमारियां बन सकती हैं जानलेवा

**भीषण** गर्मी के बाद मानसून की दस्तक से मौसम तो सुहावना हो गया है, लेकिन बारिश राहत के साथ ही कई बीमारियां अपने साथ लेकर आती है। इस मौसम में कई खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है। कुछ बीमारियां तो ऐसी भी हैं, जिनका समय पर इलाज न हो तो जानलेवा भी हो सकती हैं। ऐसे में इन बीमारियों से बचाव जरूरी होता है। बारिश के मौसम में डायरिया, टायफाइड, वायरल फीवर, डेंगू और मलेरिया का खतरा सबसे ज्यादा और तेजी से फैलता है। टायफाइड और डायरिया खराब खाने-पीने से होता है।



**डॉ. एनके गुप्ता**
**हेल्थ एक्सपर्ट**

### वातावरण में नमी से पनपती हैं बीमारियां

सोलन निवासी हेल्थ एक्सपर्ट्स डॉ. एनके गुप्ता के मुताबिक, बरसात के मौसम में वातावरण में नमी आ जाती है। इस वजह से बैक्टीरिया और वायरस को पनपने के लिए अनुकूल मौसम मिल जाता है, जो कई बीमारियों का कारण बनते हैं। वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का जोखिम इस मौसम में ज्यादा रहता है, जिसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग सबसे जल्दी आते हैं। डॉ. गुप्ता के मुताबिक, बारिश के मौसम में डायरिया, टायफाइड, वायरल फीवर, डेंगू और मलेरिया का खतरा सबसे ज्यादा और तेजी से फैलता है। टायफाइड और डायरिया खराब खाने-पीने से होता है। इसमें उल्टी-दस्त की समस्या भी रहती है। कुछ बैक्टीरिया वायरल फीवर का कारण भी बन जाते हैं। इस मौसम में फ्लू का खतरा भी ज्यादा रहता है।

### डेंगू-मलेरिया सबसे खतरनाक

बरसात में सबसे ज्यादा खतरा डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का रहता है। दोनों ही मच्छरों के काटने से फैलती हैं। इस मौसम में पानी जमा हो जाता है, जिनमें मच्छर पैदा होते हैं। इनके काटने से ही डेंगू और मलेरिया बढ़ता है। अगर इनका समय पर इलाज न कराया जाए तो जानलेवा भी हो सकती हैं।

### लक्षण और बचाव

बारिश के मौसम में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, सांस लेने में समस्या, उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए मच्छरों के पनपने से रोकें, घर के आसपास या छत पर पानी न जमा होने दें। खानपान का खास ख्याल रखें, बाहर का खाना छोड़ें, साफ और उबला पानी ही पिएं, साफ-सफाई को लेकर लापरवाही न करें, समय-समय पर हाथों को धोते रहें।

**प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन**

# गुर्दों की पथरी और आयुर्वेदोपचार

**वृक्काश्मरि** (गुर्दों में पथरी) होना अत्यंत कष्टदायक होती है। जब कभी भी खान-पान में थोड़ी अव्यवस्था हो, यथा मिर्च मसाले युक्त भोजन की अधिकता या फिर ज्यादा श्रम करने से पानी की कमी हो तो पथरी के रोगी को भयंकर दर्द के साथ ही मूत्र विसर्जन में दिक्कत आ जाती है। दर्द हमेशा पेट के आगे से पीठ की तरफ जाता है। रोगी को दर्द के साथ बेचैनी, उल्टी और तीव्र बुखार भी हो सकता है। गुर्दे में पथरी दोनों ही गुर्दों में या फिर दाएं या बाएं गुर्दों में से किसी एक, मूत्र नलिका (ureter) वृक्क मूल (caly3) व मूत्राशय (urinary bladder) में पाई जाती है। आयुर्वेद मतानुसार, अश्मरी वातज, पित्तज, कफज तथा शुक्रज चार प्रकार की होती है जिनका समावेश हम कैल्शियम ऑक्सालेट व कैल्शियम फॉस्फेट के रूप में कर सकते हैं। आधुनिक खोजों से यह तो तय है कि पथरी बनने का कारण विशुद्ध रूप से चयापचय में असुंतलन (metabolic disorder) ही है, लेकिन आहार-विहार भी पथरी बनाने में अहम माना जाता है। गुर्दे की पथरी का पता अचानक ही चलता है जब रोगी को मूत्र विसर्जन में दिक्कत आती है। पेशाब जलन के साथ रुक-रुक कर आता है और मूत्राशय के आसपास पेट में तीव्र व असहनीय दर्द होता है। तब पेशाब की सूक्ष्म जांच करने से अश्मरी का पता चलता है और गहन जांच यथा ultrasonography और intravenous pyelography से पत्थरी की स्थिति का पता चल जाता है तथा तदानुसार औषधीय (medical) या शल्य (surgery) उपचार किया जाता है। आयुर्वेद में गुर्दे व मूत्रवहसंस्थान की पथरी का बृहत् उपचार वर्णित है। आयुर्वेद में अश्मरी भेदक (litholytic) और मूत्रल (diuretic) दोनों प्रकार की औषधियां सेवन करवाई जाती हैं जो पथरी को तोड़कर बाहर निकलने में सफल रहती है, जिनमें पाषाणभेद, वरुण, गोखरू, अपामार्ग, कलमिसोरा, जवाखार, पुनर्नवा, कुल्थी, पंचत्रिणमूल, शिलाजीत शीतलमिर्च, अनंतमूल और श्वेतपर्पटि इत्यादि के अनेकों योग प्रमुख हैं, लेकिन इस बात का हमेशा ध्यान रहे कि अगर पथरी का आकार बड़ा हो और गुर्दे के बीचोंबीच स्थित हो तो तुरंत शल्य चिकित्सक से संपर्क कर उपचार करवाना चाहिए। यह भी ध्यान रखें कि गुर्दे की पथरी सर्जरी करवाने के बाद दोबारा भी हो जाती है। उस दशा में रात्रि विश्राम के दौरान हर 3-4 घंटे में पानी पीना चाहिए ताकि पथरी बनने में रुकावट बनी रहे। ऐसा माना जाता है कि पथरी रात को जब गुर्दे horizontal दशा में होते हैं तो पथरी जल्दी बनती है। अगर बार-बार पानी पीते रहेंगे तो कैल्शियम के साथ ऑक्सालेट/फॉस्फेट का योग नहीं हो पाएगा और पथरी दोबारा नहीं बन पाएगी या फिर कम मात्रा में बनेगी। हालांकि आयुर्वेद उपचार के नाम पर कुछ संस्थाओं द्वारा अनुभूत योगों के साथ शर्तिया उपचार करने के दावे किए जाते हैं तो उस सिथिति में यही सलाह है कि हर किसी से उपचार करवाने की बजाय अच्छे अनुभवी चिकित्सक व गुणवत्ता प्राप्त औषधियों का ही सेवन करें, क्योंकि गलत उपचार हो जाने पर गुर्दों में खराबी आ जाने का अंदेशा रहता है। पथरी का आयुर्वेद सम्मत उपचार तो करें पर सजग रहकर।



**डॉ. रामस्वरूप चांद**
**(बीएएमएस, डीएनएनवाई)**

**प्रस्तुति : डॉ. रामस्वरूप चांद, ( बीएएमएस, डीएनएनवाई )**

# दूध के दांतों में गैप स्थायी दांतों के अनुकूल विकास का सूचक

**जब** बच्चे के पहले दांत निकलते हैं तो यह बहुत रोमांचक होता है। जैसे-जैसे उनकी प्यारी मुस्कान विकसित होती है, उनके दांतों के बीच कुछ गैप (अंतराल) दिखाई देता है। उनके दो सामने के दांतों के बीच गैप प्यारा लग सकता है, लेकिन वह पेरेंट्स के लिए कभी-कभी बच्चे को लेकर भविष्य की चिंता का कारण बन सकता है। प्राथमिक दांतों में गैप एक सामान्य स्थिति है और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विशेषता है, क्योंकि यह स्थायी दांतों के अनुकूल विकास का सूचक है। गैप अक्सर सभी पूर्ववर्ती प्राथमिक दांतों के बीच मौजूद होता है, जिसमें सबसे मुख्यत: मैक्सिला में कैनाइन के सामने और निचले जबड़े में कैनाइन के पीछे होता है। इन्हें प्राइमेट स्पेस कहा जाता है। द्वितीयक या विकासात्मक गैप जो आमतौर पर आगे के दांतों के बीच पाए जाते हैं उन्हें फिजियोलॉजिकल स्पेस कहा जाता है। बच्चों के दांतों में गैप की कमी टेढ़े-मेढ़े स्थायी दांतों का कारण बन सकती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आपके बच्चे के तीन साल की उम्र में 20 दूध के दांत होंगे, लेकिन 12-13 साल की उम्र तक 28 वयस्क दांत होंगे।



**डॉ. समृद्धि रामाणी**

### दांतों में गैप होने के कारण

(1) **छोटे दांत :** छोटे दांत होने से दांतों के बीच गैप बढ़ सकता है। (2) **बड़े जबड़े :** कुछ के जबड़े दांतों के आकार की तुलना में काफी बड़े होते हैं। (3) **गायब दांत :** जन्म के समय बच्चे के जबड़े से एक या दो दांत गायब हो सकते हैं। इनमें से कुछ दांत हड्डी में फंस जाते हैं और बाहर नहीं निकल पाते, जिसके परिणामस्वरूप दांतों के बीच गैप हो जाता है। (4) **प्राकृतिक विकास :** बड़े वयस्क दांतों के निकलने के लिए अक्सर दूध के दांतों के बीच गैप होता है। जैसे-जैसे अधिक वयस्क दांत आते हैं, खासकर कैनाइन दांत, वे उन सभी गैप को भर देते हैं जो दूध के दांत निकलने पर दांतों के बीच बन गए थे। (5) **अतिरिक्त दांत :** यदि हड्डी में अतिरिक्त दांत हैं, तो यह अन्य दांतों को आने से रोक सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दांतों के बीच गैप हो सकता है।

(6) **लिंगुअल फ्रेनम :** यह जीभ को मुंह के निचले हिस्से से जोड़ता है। गंभीर जीभ-टाई मामले में (एक प्रतिबंधात्मक फ्रेनम के कारण होने वाला विकार जो जीभ को होठों से बाहर निकलने से रोकता है), फ्रेनम निचले जबड़े के सामने के दांतों में गैप पैदा कर सकता है।

**उपचार के विकल्प:** **बच्चों** के दांतों के बीच गैप होना आम बात है। ज्यादातर मामलों में, ये गैप विकास और समय के साथ अपने आप ही बंद हो जाते हैं। प्राथमिक दांतों के निकलने के छह से नौ महीने बाद, सामने के दांतों में गैप हो सकता है और फ्रेनम मसूड़े से नीचे की ओर जुड़ा हो सकता है। एक वर्ष की आयु तक, फ्रेनम सिकुड़ सकता है। जैसे-जैसे वयस्क स्थायी दांत निकलते हैं, सामने के दांतों के बीच की जगहें आमतौर पर अपने आप बंद हो जाती हैं। फिर भी अगर बच्चे को ऊपरी सामने के दांतों के बीच काफी अंतर होने के कारण काटने में समस्या हो, ठीक से दांत न निकल पाने की वजह से या दांत गायब होने की वजह से बहुत बड़ा गैप दिखाई दे जो काफी समय से बना हुआ है तो अपने दंत चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। सही समय पर उपचार करना महत्वपूर्ण है।

**प्रस्तुति : डॉ. समृद्धि रामाणी**

## न्यूज ब्रीफ

### 122 ग्राम चरस सहित युवक काबू

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत चरस बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम रविवार को जब गश्त पर थी तो जमानाबाद रोड पर पंचायत घर गगल के पास सावन निवासी गोलवां तहसील फतेहपुर से 122 ग्राम चरस बरामद की गई। इस संदर्भ में पुलिस थाना गगल मामला दर्ज किया गया है। एसएचओ नारायण सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

### स्कूटी की टक्कर में एक घायल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत हुए हादसे में एक युवक के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार योल में अज्ञात स्कूटी चालक ने अपनी स्कूटी को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए सड़क पार कर रहे दीपांशु निवासी वरना, उत्तर प्रदेश को टक्कर मार दी। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### नशे से दूर रहें युवा : अंकुर भाटिया



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** ग्रामीण युवा संस्कृति एवं खेल संगठन जिला कांगड़ा के महासचिव अंकुर भाटिया ने रुद्रा यूथ क्लब अप्रैढ़थाना बड़ागांव को खेल सामग्री वितरित की और युवाओं से यह आग्रह किया गया युवा जो है वह खेलों की तरफ ध्यान दें। खेलों से शारीरिक विकास ही नहीं मानसिक विकास भी होता है तथा युवा एक अच्छे समाज का निर्माण भी करता है। उन्होंने का कि युवा नशे से दूर रहें। इस मौके पर ग्रामीण युवा संगठन के अध्यक्ष कपिल डोगरा शशि डोगरा शौर्य डोगरा रुद्रा युवा मंडल क्लब के सदस्य सचिन व अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

### वेट लिफ्टिंग में राणा ने जीता सिल्वर मेडल



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राजस्थान के झालरा पाटन में हुई राष्ट्रीय पावर वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में बैजनाथ के पंतेहड़ गांव के करण राणा ने सिल्वर मेडल अर्जित कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में दलजीत राणा और अनीता राणा के सुपुत्र इससे पहले भी कई पुरस्कार जीत चुके हैं। वर्तमान में 352.5 कुल भार उठाकर और प्रेस बेंच में 87.5 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल अर्जित किया है। (अनंत ज्ञान)

### मांझी नदी ने दिखाया भयानक रूप, घरों में घुसा पानी



**अनंत ज्ञान, गगल।** शुक्रवार की रात मांझी नदी ने फिर अपना रौद्र रूप दिखाया और कई घरों व दुकानों में पानी घुस गया। पिछले 12 जुलाई को भी गगल के नजदीक बसे रणजीत के घर में भी मांझी नदी का कहर बरपा और पानी घर में घुस गया और मकान के लगता डंगा पानी की भेंट चढ़ गया था, जिससे रणजीत का लाखों का नुकसान हो गया था।इस बार उन्होंने अपनी सेफ्टी के लिए काफी ताम-जाम किया था, इसके बाबजूद फिर मांझी नदी ने अपना कहर बरपाया और घर में पानी घुसने से लाखों का नुकसान हो गया। रंजीत ने बताया कि इस बार मैंने घर के साथ लगते 15 लाख के वायर क्रेट लगवाए हुए थे और नदी के साथ रास्ते का पक्का इंतजाम किया था, परंतु सब-कुछ पानी भेंट चढ़ गया। इतना ही नहीं मेरे मकान के साथ लगते पंचायत घर, पंप हाउस और वेटरनरी अस्पताल, भी पानी के बीच डुबकियां लगा रहे थे। बरसाती पानी के कारण में अवतार सिंह, रामस्वरूप, अश्वनी कुमार, रणजीत राणा के घर पानी से प्रभावित हुए हैं। राणा ने बताया के समय रहते प्रशासन ने कोई कठोर कदम नहीं उठाया तो बहुत बड़ा नुकसान देखने को मिल सकता है।

### बनोण गांव के लिए सड़क का कार्य शुरू

**अजय पाल, पंचरुखी।** विधानसभा जयसिंहपुर की मझेड़ा पंचायत के बनोण गांव के लिए सड़क का कार्य शुरू हो गया है। वर्षों से लोग इस सड़क को बनाने की मांग कर रहे थे, लेकिन आज तक इस सड़क को बनाने की किसी भी सरकार ने जहमत नहीं उठाई, जिसके चलते बहुत से परिवार यहां से पलायन भी कर चुके हैं। सालों से सड़क बनने के इंतज़ार मे वार्ड नंबर 4 मझेड़ा के लोगों को सड़कमार्ग की मांग पूरी होती नजर आ रही है। गोमा के विधायक बनने के बाद



ग्रामीणों ने इस सड़क की मांग मंत्री गोमा से की थी और आज इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। इस सड़क को निकलवाने मे सभी ग्रामीणों ने ज़मीन देकर बहुत सहयोग किया। ग्रामीणों ने कहा कि हम मंत्री गोमा से इस सड़क को (चढियार रोड) ढंडेरा में जोड़ने की मांग भी करेंगे ताकि लोअर मझेड़ा के लिए भी बड़े वाहनों की के लिए सड़क सुविधा मिल जाए। बनोण के लिए सड़क का कार्य शुरू करवाने के लिए ग्रामीणों ने मंत्री गोमा का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

# बरसात आते ही सताने लगता है डर, जागकर गुजारनी पड़ती हैं रातें

## घरों और खेतों में आ जाता है नाले का पानी

**अजय पाल, पंचरुखी**

ब्लॉक पंचरुखी की भुआना पंचायत के गांव घेड़ में नाले के साथ लगी क्रेटवाल गिर जाने से की चौड़ाई कम हो गई है, जिसके कारण नाले का पानी घरों में घुस रहा है। जब भी बारिश होती है तो नाले का पानी घरों के साथ खेतों में भी तबाही मचा देता है।



घेड़ निवासी राजिंद्र कुमार ने कहा कि जब भी बरसात आती है तो हमें जागकर रातें गुजारनी पड़ती है, घर के साथ चलते नाले का पानी घर मे घुस जाता है। बहुत वर्ष पहले स्थानीय पंचायत ने नाले के साथ क्रेटवाल लगाई थी, लेकिन वह नाले में गिर गई है जिसके कारण बरसात मे पानी का बहाव रुक जाने के कारण नाले का पानी घरों व खेतों में आ जाता है। बहुत सालों से प्रशासन से इस समस्या का हल करने की गुहार कर चुके हैं, लेकिन आज तक आश्वासन ही मिला। राजिंद्र ने कहा कि हर साल बरसात में पानी घरों में घुस जाता है। प्रशासन के लोग मौका देख जाते हैं, लेकिन बरसात खत्म होते ही सब भूल जाते हैं, शायद यह कोई बड़ी घटना के इंतजार में हैं।

उन्होंने कहा कि चाहे पंचायत के प्रतिनिधि हों या सरकार के जब वोट मांगने आते हैं तो बड़ी बड़ी बातें करते हैं, लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद सब किए हुए वादे भूल जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इससे पहले की कोई अनहोनी घटना घटे जल्द से जल्द प्राथमिकता से इस नाले का सुधार कर दें। इस बारे भुआना पंचायत के प्रधान ने कहा कि घर मे पानी न आए इसके लिए पंचायत स्तर पर राजिंद्र के घर के पास डंगा लगाने का कार्य मंजूर हो चुका है जिसकी मस्टरोल भी जारी हो गई जिसका जल्द ही कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी, कांगड़ा हेमराज बैरवा ने देहरा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से धारा 144 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जानकारी दी कि देहरा विस क्षेत्र में आठ जुलाई सायं छह बजे के बाद रैलियों, जनसभाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। आठ जुलाई को शाम 6 बजे के बाद मतदान समाप्ति तक लाउडस्पीकर के उपयोग, रैली और जुलूस निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मतदान के लिए लाइन में लगे और कानून एवं व्यवस्था में तैनात कर्मियों को छोड़कर 100 मीटर की दूरी तक 5 से अधिक लोगों के एक साथ एकत्रित तथा चलने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों को मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में अग्नि शस्त्र, घातक हथियार, बैनर, स्टीक लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश दस जुलाई को मतदान समाप्ति तक लागू रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# जवाली पुलिस ने पकड़ी 33 पेटी अवैध शराब




जवाली पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब।

**जवाली, अनिल छांगू**

पुलिस थाना जवाली के तहत ताहलियां में एक ट्राला से अवैध शराब की खेप पकड़कर पुलिस ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ट्राला 32 मील से जवाली की तरफ आ रहा था कि हेड कांस्टेबल सुग्रीव सिंह व केवल सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा लगाए गए नाके में बीती रात ताहलियां में ट्राले को रोका तो ट्राला चालक मौका से फरार हो गया। जांच में पुलिस ने ट्राले से करीब 33 पेटी अवैध देसी शराब संतरा बरामद कर ट्राले व शराब को कब्जे में ले लिया है तथा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसपी नूरपुर अशोक रतन ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने ट्राला से ताहलियां में 33 पेटी अवैध शराब पकड़ी है। चालक मौका से फरार हो गया है। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# नशे की खेप से भरे ट्रक को महिलाओं ने लगाई आग

## गरली के चंबापतन गांव में फिल्माया हिंदी फिल्म 'एके 74' का सीन

**शिवम शर्मा, परागपुर**

गरली के चंबापतन गांव में आधी रात को नशे की खेप से भरे एक ट्रक को गुस्साई महिलाओं ने आग लगा दी। महिलाओं ने नाके पर तैनात पंजाब पुलिस के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान चौकी प्रभारी योगराज के नेतृत्व में मौके पर देहरा से पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर काबू पाया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ट्रक राख हो गया



जी हां, चंबापतन में इन दिनों प्रोड्यूसर मुनीश भगानिया के सहयोग से शूट हो रही हिंदी बॉलीवुड फिल्म 'एके 74' में कुछ ऐसे ही सीन फिल्माए गए।

फिल्म में चंबापतन पुल के पास पंजाब पुलिस की वर्दी में सजे जवानों ने नाका लगा रखा था और इस दौरान पुलिस बाहर से आने वाली नशे की खेप से भरी गाड़ियों और ट्रकों को पैसे लेकर आगे भेज रही थी, जिससे स्थानीय युवाओं को नशे की लत लग जाती है। फिर क्षेत्र की महिलाएं रात को खुद सड़कों पर उतर आती हैं। फिल्म यूनिट ने ट्रक को आग लगाए जाने वाले शॉट को बहुत ही सावधानी से फिल्माया ताकि रात को इलाके में कोई अनहोनी न हो जाए। (अनंत ज्ञान)



# 3 दिन बाद जनता करेगी देहरा के भाग्य का फैसला

**सालबिया शर्मा, गरली।** राजीव गांधी पंचायतीराज देहरा ब्लॉक के चेयरमैन सुनील चौहान व गोल्डी बेदी ने पूर्व विधायक होशियार सिंह पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने इस्तीफा देने से पहले देहरा की जनता को पूछना चाहिए था, लेकिन जनता को नहीं पूछा और अपने लालच की खातिर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सुनील व गोल्डी ने कहा कि होशियार सिंह लालच में इतना डूब गए कि उन्हें अपना इस्तीफा लेने के लिए विधानसभा के बाहर धरने पर बैठना पडा। हाईकोर्ट मे इस्तीफा मंजूर करवाने के लिए पहुंच गए। इन्होंने कहा कि देहरा की जनता को पेश आ रही किसी समस्या के लिए धरने पर बैठते तो कितना अच्छा लगता, लेकिन पूर्व विधायक ने ऐसा नहीं किया, जिसका हर किसी को मलाल है। इन्होंने कहा की देहरा मे बनने वाली युनिवर्सिटी का काम पिछले करीब 15 वर्षों से अधर में लटका हुआ था, जिसे सीएम सुक्खू ने शुरू करवाया। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में की बढ़ोतरी : यादविंद्र गोमा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

हिमाचल के खिलाड़ियों को पंजाब तथा हरियाणा की तर्ज पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है, ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। यह उद्गाार रविवार को युवा सेवाएं खेल एवं आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने रैत में 42 मील स्थित ओम पैलेस में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर्स की 16वीं प्रदेश स्तरीय हिमाचल प्रदेश पुरुष एवं महिला वर्ग इक्विपड स्टेट पावर लिफ्टिंग, बैंच प्रेस तथा डेड लिफ्ट चैंपियनशिप के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए।




विजेताओं को सम्मानित करते यादविंद्र गोमा, साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा कि रैत के चंबी खेल मैदान को खेलो इंडिया के अंतर्गत लाने हेतु प्रपोजल भेजी जाएगी। उन्होंने इस प्रतियोगिता में प्रदेश की महिलाओं की बढ़-चढ़कर भागदारी हेतु उनकी सराहना की। उन्होंने पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन को सफल आयोजन के लिए एक लाख रुपए तथा एक पावर लिफ्टिंग ई-सेट देने की घोषणा भी की तथा विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। उपमुख्य सचेतक एवं उपाध्यक्ष पावर लिफ्टिंग ऑफ इंडिया तथा हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष केवल पठानिया ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद ही नहीं अपितु विश्वास है कि प्रदेश के युवा खेल मंत्री के मार्गदर्शन में यह विभाग नई बुलंदियों की ओर अग्रसर होगा। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 250 पुरुष एवं महिलाओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चैंपियनशिप में कांगड़ा प्रथम, सोलन द्वितीय तथा बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

# संपन्न हुआ होम वोटिंग अभियान 858 ने किया घर से मतदान

**शुभम शर्मा, देहरा**

विधानसभा उपचुनावों में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने इस बार कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। देहरा विधानसभा उपचुनावों में घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले 889 पात्र मतदाताओं में से 858 ने अपना वोट डाल दिया है।

रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग ने होम वोटिंग का विकल्प दिया था। इस अभियान में मात्र 8 दिनों में देहरा विधानसभा क्षेत्र के 96 प्रतिशत से अधिक पात्र मतदाताओं ने विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना वोट डाला।

देहरा में घर से मतदान करने वालों में सबसे अधिक संख्या 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की है। यहां 99 प्रतिशत से भी अधिक बुजुर्ग मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। देहरा में निर्वाचन आयोग की टीमों ने 742 पात्र बुजुर्ग मतदाताओं में से 737 का वोट डलवाया। रिटर्निंग अधिकारी के मुताबिक देहरा में होम वोटिंग के दौरान बुजुर्ग मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

वहीं देहरा विधानसभा उपचुनाव में होम वोटिंग के लिए पात्र 147 दिव्यांग मतदाताओं में से 121 ने अपने मतदाधिकार का उपयोग किया। देहरा के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने आयोग के प्रयासों की सराहना करते हुए आम जनमानस को भी 10 जुलाई को अपने घरों से निकल कर बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की।

शिल्पी बेक्टा ने बताया कि 10 जुलाई को वोटिंग के दिन भी देहरा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। प्रशासन ने इसे लेकर पुख्ता प्रबंध किए हैं। (अनंत ज्ञान)

## सीएम से मिला ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा का दल

**सालविया शर्मा, गरली।** ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा हिमाचल प्रदेश का एक बडा दल रविवार को संघ के राज्य महासचिव सीता भाटिया के नेतृत्व में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला। इस दौरान उन्होंने अपनी चिरकाल से चली आ रही मागों को सीएम के समक्ष रखा। हिमाचल प्रदेश के राज्य महासचिव सीता राम भाटिया की अगुवाई में कर्ज मुक्त अभियान के कार्यकर्ता व कर्ज से दबे-कुचले लोग मुख्यमंत्री से मिले। सीता राम भाटिया ने मुख्यमंत्री को इनकी हालत से परिचित करवाया। साथ ही एससी एसटी सब प्लान (स्पेशल कम्पोनेंट प्लान) के बारे में चर्चा की। इस दौरान सीता राम भाटिया ने वन मित्रों की भर्ती का भी जिक्र किया कि वन मित्र की भर्ती में रोस्टर को अनदेखा किया गया था। मुख्यमंत्री को याद करवाया कि शीत शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव किया था। उस समय अश्वासन दिया था कि रोस्टर को लागु कर देंगे और वन राखों को भी प्राथमिकता देंगे। (अनंत ज्ञान)

# महान बनने के लिए समय का सदुपयोग करना सीखें : स्वामी हरीशानंद जी






दिव्य ज्योति जाग्रित संस्थान द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में प्रवचन करते स्वामी हरीशानंद जी व (दाएं) उपस्थित श्रद्धालु।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

यदि जीवन को महान व श्रेठ बनाना चाहते हैं, उसके लिए हमें समय का सदुपयोग करना होगा, यह विचार दिव्य ज्योति जाग्रित संस्थान द्वारा वीपी शर्मा के घर मटौर कांगड़ा में उपस्थित भक्तजनों के समक्ष श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी हरीशानंद जी ने कहे।

उन्होंने उपस्थित भक्तिजनों के समक्ष विचार रखते हुए कहा समय की धारा नदिया की धारा के समान बहती ही जा रही है, जैसे वृक्ष से गिरा हुआ फल पुनः नहीं लगाया जा सकता, जैसे पानी यदि बह जाए तो वह लौटकर नहीं आता, ठीक इसी प्रकार से यदि हमारे हाथ से समय निकल जाए और हम समय का सदुपयोग न कर सकें तब हम अपने जीवन को श्रेष्ठ व महान नहीं बना सकते। यदि हम जीवन को महान बनाना चाहते हैं, उसके लिए हमें समय के मर्म को जानना होगा।

इतिहास में यदि अपने नाम को अंकित करना चाहते हैं तो हमें जानना होगा कि किस प्रकार से लोगों ने अपने जीवन को महान बनाया, महात्मा बुद्ध जी को जिस समय यह पता चला कि जीवन किस उद्देश्य हेतु मिला है तो उन्होंने जीवन को व्यर्थ गवाए बिना ही जीवन के भेद को जान लिया और आज इतने वर्षों के पश्चात महात्मा बुद्ध जी का नाम कितने सम्मान के साथ लिया जा रहा है। समय के सदुपयोग के द्वारा ही हम अपने जीवन को महान बना सकते हैं। अब हम भी यदि जीवन में कुछ श्रेष्ठ और अलग करना चाहते हैं उसके लिए हमें समय का सदुपयोग करके समय के मर्म को जानना होगा। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्मज्ञानी साधकों के द्वारा विश्व शांति की मंगल कामना हेतु ध्यान साधना की गई। इस अवसर पर स्वामी मनप्रीत जी द्वारा सुमधुर भजनों का गायन किया गया और जिसे सुन भक्त जन्म झूम उठे। (अनंत ज्ञान)

# जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 13 से

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की वार्षिक आम बैठक का आयोजन धर्मशाला में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुनील मनोचा ने की। बैठक में जिला युवा एवं खेल सेवाएं विभाग कांगड़ा स्थित धर्मशाला की तरफ से सीनियर कोच सतिंद्र शर्मा एवं अंकित चंबियाल उपस्थित रहे।



जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की वार्षिक बैठक में उपस्थित अध्यक्ष सुनील मनोचा व अन्य।

संघ के कोषाध्यक्ष विशाल मिश्रा ने पिछले वर्ष 2023-2024 स्पोर्ट्स कैलेंडर का सारा लेखा-जोखा बैठक में प्रस्तुत किया। संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि यह बैठक हर वर्ष की तरह आयोजित की जाती है और इस बैठक में इस वर्ष जिला स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन कब-कब करना है यह निर्धारित किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अंडर-15 एवं अंडर-17 आयु वर्ग जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता धर्मशाला में 13 एवं 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष से जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-9 वर्ग की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जोकि हिमाचल में पहला कांगड़ा जिला होगा जो इस प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

इससे पहले भी 2022 में कांगड़ा ही पहला जिला था जिसने अंडर-11 आयु वर्ग की प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की थी, उसके पश्चात 2023 में पूरे हिमाचल में अंडर-11 आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ हर वर्ष नए एजेंट के साथ बैडमिंटन खेल को बढ़ावा देने में कार्य कर रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष से जिला स्तर पर हर एक वर्ग की कैश प्राइज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। जिससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

इस बैठक में जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी सर्व चंद धीमान, मालविका पठानिया, पंकज शर्मा, गौरव चड्ढा, सतपाल शर्मा, रविंद्र कपूर, कर्म चंद राठौर, अनुभव वालिया, संदीप ढींगरा, विक्रम चौधरी, पवन चौधरी, अनिल राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि संजय आचार्य एवं विश्वनाथ मलकोटिया उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**कमाल** | दोहरे उद्देश्य वाला पौधा, अब बौद्धिक संपदा अधिकारों के साथ पंजीकृत

# ऊपर टोमैटो, नीचे पोटैटो, आ गया पोमैटो

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अब आधिकारिक तौर पर भारत सरकार के बौद्धिक संपदा अधिकार एल-0149866/2024 के तहत साहित्यिक, नाटकीय कार्य के रूप में पंजीकृत हैं। इस कार्य का उद्देश्य एक दोहरे उद्देश्य वाले पौधे पोमैटो को विकसित करना है। इस नवाचार कार्य का श्रेय हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग, जैविक विज्ञान स्कूल के प्रो. प्रदीप कुमार और सीएसकेएचपीकेवी पालमपुर के डॉ. परवीन शर्मा, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब की डॉ. वंदना ठाकुर और डॉ. सनी शर्मा को जाता है।

प्रो. प्रदीप कुमार के अनुसार पोमैटो एक सरल पुनर्योजनी पौधा है, जिसे टमाटर की शाखा को आलू के रूटस्टॉक पर कलम करके विकसित किया गया है। इस प्रक्रिया से एक ऐसा अनोखा पौधा तैयार हुआ है जो जमीन के ऊपर टमाटर और जमीन के नीचे आलू उत्पन्न करता है। इस दोहरे उद्देश्य वाले पौधे में अपने दोनों मूल पौधों के अनुकूल गुण पाए जाते हैं, जैसे कि आलू में ठंड के प्रति प्रतिरोधकता तथा टमाटर में गर्मी के प्रति





एक दोहरे उद्देश्य वाले पौधे की तस्वीरें।

सहनशीलता। पोमैटो को घर के अंदर और बाहर दोनों जगह उगाया जा सकता है, जिससे यह विभिन्न कृषि परिवेशों के लिए एक बहुमुखी विकल्प बन जाता है। प्रत्येक पोमैटो पौधे को सावधानीपूर्वक हाथ से ग्राफ्ट किया जाता है, जिससे इसकी अनोखी दोहरी फसल क्षमता सुनिश्चित होती है। इस नवाचार में आनुवंशिक इंजीनियरिंग शामिल नहीं है, बल्कि आलू और टमाटर के पौधों के बीच घनिष्ठ आनुवंशिक संबंध का लाभ उठाते हुए ग्राफ्टिंग की प्राकृतिक प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है। पोमैटो कृषि प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका उद्देश्य प्रति इकाई क्षेत्र में उपज को अधिकतम करना है। यह विशेष रूप से छोटे शहरी वातावरण जैसे बालकनी या टेरेस गार्डन के लिए फायदेमंद है। पोमैटो की उल्लेखनीय दिखावट के बावजूद, यह आनुवांशिक संशोधन की बजाय प्राकृतिक ग्राफ्टिंग तकनीकों का उत्पाद है, जो एक सुरक्षित और प्राकृतिक खेती प्रक्रिया सुनिश्चित करता है।

उन्होंने बताया कि सब्जी ग्राफ्टिंग सब्जी फसल उत्पादन में एक उभरती हुई तकनीक है, जो विभिन्न जैविक और अजैविक तनावों के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करती है। पोमैटो सब्जी ग्राफ्टिंग के लाभों का एक प्रमुख उदाहरण है, जो किसानों को गुणवत्ता, उत्पादन और उत्पादकता में लाभ प्रदान करता है। यह पोमैटो, बागवानी वंडर प्लांट या दोहरे उद्देश्य वाले पौधे के रूप में जाना जाता है, इसे आलू की जड़ पर टमाटर के पौधे की शाखा को ग्राफ्ट करके बनाया जाता है।

इस पौधे को प्रोटोप्लास्ट फ्यूजन के माध्यम से भी विकसित किया जा सकता है। पोमैटो पौधे की सफलता काफी हद तक इस्तेमाल की जाने वाली ग्राफ्टिंग विधियों तथा शाखा और रूटस्टॉक सामग्री की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। ग्राफ्ट यूनियन के लिए 70-90 प्रतिशत की उच्च उत्तरजीविता दर के साथ, क्लेफ्ट ग्राफ्टिंग सबसे प्रभावी विधि साबित हुई है। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस अपनी हार को सामने देख अराजकता पर उतर आई है: आशीष

### कहा-अपनी हार देख सरकारी कर्मचारियों को रही धमका

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने रविवार को अपने जन आशीर्वाद अभियान के तहत ग्राम पंचायत बल्ह और बजूरी में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर जनता से आशीर्वाद लिया।

जनता से मिल रहे भरपूर आशीर्वाद को लेकर उन्होंने कहा कि जनता का यही उत्साह उन्हें और ताकत देता है। भाजपा हमीरपुर सीट पर भारी बहुमत से विजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चल रही मित्रों की सरकार 3 उपचुनावों में अपनी पराजय को देखते हुए अराजकता पर उतर आई है।

सुक्खू सरकार धन, बल का प्रयोग कर, सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। हिमाचल प्रदेश में तानाशाही सरकार विराजमान है और हिटलर रूल हावी है। यह सरकार 3 उपचुनाव विधानसभा क्षेत्रों में व्यापारियों, छोटे दुकानदारों, सरकारी कर्मचारियों को डराने और धमकाने का काम कर रही है। दुकानदारों के सैंपल भरे जा रहे हैं, व्यापारियों को जीएसटी के नोटिस आ रहे है। सभी जगह इंस्पेक्टरी राज हावी हो गया है।


चुनाव प्रचार के दौरान लोगों का अभिभादन स्वीकार करते आशीष शर्मा।

अगर वोट नहीं किया, लीड नहीं दिलाई तो कर्मचारियों को ट्रांसफर की धमकी दी जा रही है। आशा वर्कर्स, आउटसोर्स कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभाव को चुनाव संहिता का उल्लंघन करते हुए इस्तेमाल किया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता को भी सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।

माफिया और असमाजिक तत्वों को सरेआम संरक्षण दिया जा रहा है। यह केवल इसकी लिए है, क्योंकि इन्हें अपनी पराजय सामने दिखाई दे रही है। 10 जुलाई के बाद विधानसभा में भाजपा का संख्या बल बढ़ेगा और भाजपा भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भलेठ पाठशाला में ईको क्लब ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ में ईको क्लब के सदस्यों ने विद्यालय में पौधरोपण किया। लगभग 15 विभिन्न पौधों की प्रजातियों का रोपण किया गया। इको क्लब इंचार्ज और प्रिंसिपल मंजरी वी महाजन ने बच्चों को पौधरोपण के साथ औषधीय पौधों का महत्व बताया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों से कहा कि पौधे लगाकर हम धरती को हरा-भरा और पर्यावरण को स्वच्छ रख सकते हैं। विद्यार्थियों ने पौधों के रख-रखाव व संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर होशियार सिंह, सुरेश कुमार, कमला देवी और अरुणा देवी भी उपस्थित रहीं।

### समाज सुधार सभा हमीरपुर के अध्यक्ष बने कौशल



**अनिल कुमार, हमीरपुर।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा हमीरपुर की जिला कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव (वर्ष 2024-26) कबीर भवन सलासी हमीरपुर में सम्पन्न हुए। सभा के चुनाव राज्य कार्यकारिणी के पर्यवेक्षक कृष्ण चंद, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं देवराज सांडिल, प्रदेश महासचिव की देखरेख में संपन्न हुए। इस चुनाव में जिला हमीरपुर के अध्यक्ष इंजीनियर सतीश कुमार कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी. बीर सिंह मस्ताना, उपाध्यक्ष राजकुमार, सुनील कुमार, उपाध्यक्ष महिला वीना भाटिया, महासचिव कमलेश कुमार शेखर, संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार कौशल, वित्त सचिव सुरेश कुमार डोगरा, प्रेस सचिव बलबीर बिरला, लेखा परीक्षक पवन कुमार, मुख्य पैटर्न पंजाब सिंह कौशल, पैटर्न बीरबल कोंडल, मुख्य सलाहकार सत पाल कौशल, सेवानिवृत्त आई जी, सलाहकार अवनीश कौशल, डॉ. आरके बन्याल, मुख्य कानूनी सलाहकार इंदर राम, सेवानिवृत्त अति. सत्र न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता वीरता रानी को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में ओम प्रकाश कौशल, विधि चंद, रवि कुमार कौशिक, देवेंद्र कुमार, सुनील खरियाल, सुभाष कौशल, बलदेव कमल, हेमराज कौंडल, विनोद कुमार. एडवोकेट सिद्धार्थ कौशल, अवनीश कौशल, दिनेश और कैप्टन नरेश कुमार चुने गए। उपरोक्त चुनाव में सौ से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

### बैलों की जगह लोग खुद खींच रहे हल



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज में लावारिस पशु बहुत अधिक हैं, जो ग्रामीणों की फसलों को चट कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आधुनिकता और बैलों के अभाव में अब लोग खेत जोतने के लिए स्वयं बैलों की जगह हल खींच रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजारा पंचायत गरसाहड़ के खेतों में दिखने को मिला है। बताते चलें कि कुछ वर्ष पूर्व प्रत्येक गांव मेहर दूसरे घर मे बैलों की जोड़ी हुआ करती थी, लेकिन आधुनिकता में जैसे ही ट्रैक्टर आया तो लोगों ने बैल रखना बंद कर दिए। फिर भी एक या दो जोड़ी बैल हर गांव में होती थी तो धान के म्यान, मच व मक्की की फसल में हलोड़ इत्यादि करने में पूरे गांव की मदद कर देते थे, लेकिन देखा देखी में लोगों ने बैल रखना अब बंद कर दिया है। अब किसानों ने ट्रैक्टर से खेत जोतना शुरू कर दिए हैं और अब छोटे ट्रैक्टर रखना भी शुरू कर दिया जो हल्के किसानी व बागबानी में सहयोग करते हैं, लेकिन इस आधुनिकता ने जहां फसलों में पहले की तरह गुणवत्ता नहीं रही है, वहीं, अब लावारिस पशुओं द्वारा किया जाने वाला नुकसान उसका भी परिणाम है और बैलों की जगह खुद लोगों को लगना पड़ रहा है।

## धूमधाम से निकाली जगन्नाथ यात्रा




रवि ठाकुर, हमीरपुर। हमीरपुर शहर में भगवान श्री जगन्नाथ यात्रा रविवार को सत्यनारायण मंदिर हमीरपुर से बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हरी बोल..हरी बोल के भजन गाकर सडक़ों पर नाचते गाते भगवान जगन्नाथ की जरेब को खींच रहे थे। रथयात्रा अस्तपाल चौक से होते हुए बस स्टैंड, नादौन चौक, दयानंद चौक होते हुए दोपहर बाद गांधी चौक पहुंची। जहां पर हरी भक्तों ने हरी के भजनों पर खूब नृत्य किया। छोटे-बड़े सभी भक्त हरी भजनों में नाचते गाते रथ यात्रा से आगे चल रहे थे। शहर में रथयात्रा में चल रहे भक्तों के लिए जगह-जगह पानी की छबील और हल्वा प्रसाद इत्यादि भी बांटा जा रहा था। रथयात्रा शहर से गुजरते हुए पुलिस चौक से नीचे उतकर दंगड़ी मठ के लिए रवाना हो गई। सैकड़ों की संख्यां में भक्त भगवान जगन्नाथ यात्रा में उमड़े हुए थे। पूरा शहर हरी बोल..हरी बोल के जयकारों से गूंज उठा।

## सीएम के नेतृत्व में कांग्रेस जीत हासिल कर नया इतिहास रचेगी : प्रेम कौशल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि हमीरपुर सहित तीनों उपचुनाव जीतकर कांग्रेस इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि सत्ता के सौदागरों के बीच एक सैद्धांतिक धर्म युद्ध की तरह है, जिसमें एक तरफ कौरवों की तरह षड्यंत्र और छल कर सिंहासन हथियाने की लालसा रखने वाले लोग हैं। तो वहीं दूसरी तरफ जनकल्याण की सोच और बेसहारा लोगों का आश्रय बन उनके भविष्य को संवारने की नीतियां बनाने वाले मुख्यमंत्री।



प्रदेश में चल रहे उपचुनावों के संबंध में कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश में भाजपाइयों की अनेक साजिशों के बाबजूद ऐतिहासिक आपदा से प्रभावितों को राहत देने और उन्हें पुनर्स्थापित करने का कार्य करने के साथ ही पूर्व सरकार द्वारा आर्थिक रूप से प्रदेश को कंगाली के मुकाम पर पहुंचा देने और केंद्र सरकार के असहयोग के बावजूद ओपीएस एवं महिला सम्मान निधि जैसी योजनाएं लागू करने का साहस दिखाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सरकारी नौकरियां बिकती रहीं परंतु सुक्खू सरकार बेरोजगार शिक्षित युवाओं को पारदर्शिता के साथ रोजगार उपलब्ध करवाने का कार्य कर रही है।

प्रदेश के भाजपा नेताओं ने लगातार नाकारात्मक कार्य करते हुए सरकार को कमजोर करने की साजिशें कर वास्तव में प्रदेश को ही नुकसान पहुंचाने का कार्य किया।

कौशल ने कहा कि धर्म और अधर्म, सत्य और झूठ, समर्पण और छल कपट की इस लड़ाई में निश्चित तौर पर धर्म की विजय होगी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस तीनों चुनाव क्षेत्रों में जीत हासिल कर नया इतिहास रचेगी। (अनंत ज्ञान)

## 'हमीरपुर इस द हार्ट ऑफ हिमाचल' पार्क बनकर तैयार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर में एक और पार्क लोगों के लिए बनकर तैयार हो गया है। पार्क में दोपहर के टाइम लोग विश्राम करते नजर आ रहे हैं, वहीं शाम ढलते ही जगमगाता नजर शहर के बीचों बीच स्थित पार्क की सुंदरता देखते ही बन रही है।

जिला मुयालय स्थित शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर के ठीक सामने वर्षाशालिका बनकर तैयार हो गई है, जिसके साथ वाली खाली जगह पर हमीरपुर इस द हार्ट ऑफ हिमाचल पार्क भी बनकर तैयार हो गया है। इसमें एक कोने पर बाबा बालक नाथ जी की फोटो और दूसरे कोने पर सुजानपुर टीहरा महल के फोटो लगाए गए हैं।

यही नहीं छोटे से पार्क में पांच मार्डन लाइटें और आठ नए बैंच लोगों को बैठने के लिए लगाए गए हैं। पार्क के चारों कोने पर अनारकली रेलिंग लगाई गई है, जिसे रंग रोबन करेक सुंदर बनाया जा रहा है। यही नहीं वर्षाशालिका की छत्त पर भी लाइटें लगाई गई हैं, जो कि शाम ढलते ही जगमगा रही है। यही नहीं पार्क के अंदर और बाहर सीढ़ियों पर करीब 18 बड़े-बड़े गमले रखे गए हैं, जिनमें सुंदर फूल इत्यादि लगाए गए हैं, ताकि पार्क में बैठने वाले लोगों को फूलों की सुंदर खुशबू भी मिल सके। इसके अलावा वर्षाशालिका के साथ लगते शौचालयों को भी नए रंग रूप में तैयार किया गया है।

लोगों को अब छोटे और नए पार्क में शौचालय की बदबू से परेशान नहीं होना पड़ेगा। शहर के लोग भी उक्त जगह का जीर्णोद्धार होने से काफी खुश हैं। अब उन्हें शहर के बीच में बैठने के लिए एक और जगह मिल गई है, क्योंकि शहर में घूमने आने वाले लोगों को गांधी चौक के अलावा और कहीं बैठने के लिए उचित जगह नहीं मिलती थी।

अब नए पार्क में लोगों के बैठने के लिए काफी बैंच इत्यादि लगाए गए हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां पर आराम से बैठ सकें। नगर परिषद हमीरपुर शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है, ताकि शहर को और सुंदर बनाया जा सके। (अनंत ज्ञान)





हमीरपुर इस द हार्ट ऑफ हिमाचल पार्क में खूब आनंद लेते स्थानीय लोग।

### शहर की बढ़ेगी सुंदरता : अजमेर

कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने बताया कि शहर में बाल स्कूल हमीरपुर के सामने एक और पार्क बनकर तैयार हो गया है, जिसका काम अंतिम स्टेज पर चल रहा है। यहां पर लोगों को बैठने के लिए आठ नए बैंच और हाइटेक लाइटें इत्यादि लगाई गई हैं, जो कि शाम ढलते ही दूधिया रोशनी से जगमगा रही हैं। इसके अलावा पार्क में सेल्फी प्वाइंट और वर्षाशालिका की छत्त में छोटी-छोटी लाइटें लगाई गई हैं, जो शहर की सुंदरता बढ़ाएगी।

## सरकारी मशीनरी को हो रहा दुरुपयोग : भाजपा



**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हिमाचल की कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हमीरपुर उपचुनाव में अपनी पराजय को भांपते हुए अराजकता पर उतर आई है। सुक्खू सरकार अपनी हार को सामने देख, सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर धन, बल और सत्ता का घोर दुरुपयोग कर रही है।

जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा और मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमीरपुर विधानसभा में व्यापारी, छोटे दुकानदार और सरकारी कर्मचारी आतंकित किए जा रहे हैं। यहां व्यापारियों के सैंपल लिए जा रहे हैं, उन्हें जीएसटी नोटिस भेजे जा रहे हैं और बेवजह चालान काटे जा रहे हैं। बीते सात दिनों में ही इन क्षेत्रों में 1000 से ज्यादा चालान काटे गए हैं। सरकार की मनमानी यहीं नहीं रुकती। सरकारी कर्मचारियों को धमकाया जा रहा है कि अगर उन्होंने वोट नहीं किया या उनकी पार्टी को लीड नहीं दिलाई तो उनका तबादला निश्चित है। (अनंत ज्ञान)

## नंबरदार यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर पारित किए तीन प्रस्ताव

**विवेक शर्मा, अंब**

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अंब में नंबरदार जन कल्याण महासंघ की बैठक रविवार को नवनिर्वाचित प्रधान गांव कलरुही से नंबरदार दीपक शर्मा की अध्यक्षता में विकास खंड अंब के हाल में संपन्न हुई।

इस बैठक में प्रधान दीपक शर्मा ने प्रधान बनने के बाद पहली बैठक में मौजूदा तहसील अंब के तहत जितने भी नंबरदार है, उनकी जायज मांगें प्रशासन के समक्ष उठाते हुए एसडीएम अंब और तहसीलदार अंब को प्रस्ताव लिखित रूप से डाले हैं। दीपक शर्मा ने बताया कि इस बैठक में तीन प्रस्ताव डाले गए हैं। इसमें पहला प्रस्ताव तहसीलदार अंब को डाला गया कि तहसील अंब के सभी नंबरदारों को पटवारियों से ढाल-वाश दिलाई जाए, जिससे नंबरदारों को पता चल सके कि उन्होंने अपने संबंधित क्षेत्र में कितने मामले लेकर सरकार को देने हैं। दूसरा प्रस्ताव एसडीएम अंब को डाला गया, जिसमें तहसील अंब के सभी नंबरदारों को सरकार से जो मानदेय मिलता है, उसे निर्धारित कर सभी नंबरदारों को दिया जाए और उसमें पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए और तीसरा प्रस्ताव भी तहसीलदार अंब को दिया गया।


अंब में बैठक के पश्चात नंबरदार यूनियन के सदस्य।

इसमें नंबरदारों ने मांग रखी कि जब भी निशानदेही, तकसीम, इंतकाल होते हैं, तो संबंधित गांव के नंबरदार को जरूर सूचित किया जाए।

इस बैठक में जिलाध्यक्ष बृज पाल, प्रदेश संगठन मंत्री दीपक दत्ता, खंड अंब प्रधान नंबरदार दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष राजिंदर कुमार, महेश कुमार, अशोक कुमार, राकेश कुमार, सचिव मनीष कुमार, सहसचिव राजेश कुमार, अमित कुमार, मीडिया प्रभारी सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पेंशनरों के चिकित्सा बिलों का शीघ्र भुगतान करे सरकार : संघ

**शशि सोनल, नादौन**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगू) की अध्यक्षता में कांगू में संपन्न हुई। खंड महासचिव जगदीश चंद शर्मा (सासन) द्वारा उपस्थित सदस्यों को बैठक एजेंडा से अवगत करवाते हुए खंड इकाई की गतिविधियों की जानकारी दी गई।

चर्चा में भाग लेने वालों में जिला प्रधान केसी गौतम, खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा, सलाहकार अवनीश कुमार आदि प्रमुख रहे। पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। वक्ताओं द्वारा महंगाई भत्ता की देय किस्तें जारी करने व उनके लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान न हो पाने हेतु भी चिंता जताई। सभी विभागों से अपील है कि पेंशनरों के चिकित्सा बिलों का शीघ्र भुगतान किया जाए और अगर बजट खत्म हो तो सरकार से अतिरिक्त बजट मांगा जाए।


बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला प्रधान केसी गौतम द्वारा उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी कि प्रदेश इकाई द्वारा पेंशनर्स की पेंशन संशोधन की बकाया राशि, लीव-एनकैशमैंट, ग्रैच्युटी व कम्युटेशन आदि की बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने हेतु गत माह पत्र जारी किया जा चुका है और इस पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो सरकार से चर्चा के लिए समय लिया जाएगा। खंड पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को गलोड़ क्षेत्र में सदस्यता कार्यक्रम के साथ-साथ रूग्णावस्था एवं चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनरों को उनके घर-द्वार डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई और आज बैठक में उपस्थित सदस्यों व निकटवर्ती क्षेत्रों में जाकर डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

उक्त के अतिरिक्त बैठक में सर्वश्री जगदीश शर्मा सासन, बलदेव सिंह पटियाल, धर्म चंद शर्मा, ऊधम सिंह, माधो राम, त्रिलोक शर्मा, ब्रह्म दास, अमर नाथ शर्मा, बक्शी राम, सोमराज शर्मा, सरवन सिंह, अमर नाथ शर्मा सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर के 3165 अभ्यर्थियों ने दी सीटेट की परीक्षा




हमीरपुर में सीटेट की परीक्षा देने के बाद बाहर निकलते अभ्यर्थी।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हमीरपुर के सात केंद्रों में सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की सीटेट की परीक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के प्रधानाचार्य व परीक्षा के जिला समन्वयक विश्वास शर्मा की अध्यक्षता व देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

सीटेट के पहले स्लॉट का पेपर जिलेभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, टीआर डीएवी पब्लिक स्कूल कांगू, सेवन स्टॉर पब्लिक स्कूल बणी व हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर, हमीरपुर पब्लिक स्कूल व करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के 9.30 से दिन के 12 बजे तक हुआ, जबकि दूसरे स्लॉट का पेपर डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, कैरियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर व सेवन स्टॉर पब्लिक स्कूल बणी के केंद्रों में दोपहर दो बजे शुरू होकर सायं 4:30 बजे संपन्न हुआ। हमीरपुर में सीटेट के पेपर के लिए 3822 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, इसमें से 3165 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। सेवन स्टॉर पब्लिक स्कूल बणी में 660 में से 541, करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर में 600 में से 500, टीआर डीएवी पब्लिक स्कूल कांगू में 540 में से 490, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में 540 में से 463, केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में 358 में से 292, पब्लिक स्कूल हमीरपुर में 489 में से 378 तथा डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में 644 में से 501 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

सीटेट के पेपर दो के लिए 1390 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, इसमें से 1104 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर में 86 में से 76, सेवन स्टॉर पब्लिक स्कूल बणी में 660 में से 573 व डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में 644 में से 455 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। डीएवी हमीरपुर के प्रधानाचार्य व जिला समन्वयक विश्वास शर्मा ने बताया कि कोई भी स्टेशनरी वस्तु जैसे पाठ्य सामग्री, कागज के टुकड़े, ज्यामिति/पेंसिल बॉक्स, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर, कार्डबोर्ड, प्लास्टिक थैली, कैलकुलेटर, स्केल, लेखन पैड, पेन ड्राइव आदि को परीक्षा हॉल में लेकर जाने की अनुमति नहीं दी गई। (अनंत ज्ञान)

**जानकारी** सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों के प्रथम पूर्वाभ्यास में सामान्य पर्यवेक्षक ने दिए निर्देश

## मतगणना की प्रक्रिया को अच्छी तरह समझें अधिकारी : त्रिपाठी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर के उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चंद्रभूषण त्रिपाठी ने मतगणना केंद्र पर तैनात होने वाले सभी मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों को निर्देश दिए हैं कि वे मतगणना की प्रक्रिया को अच्छी तरह समझ लें और 13 जुलाई को मतगणना के समय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करें, ताकि इस प्रक्रिया को किसी भी तरह के अनावश्यक विवाद के बगैर संपन्न करवाया जा सके।




मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों का जागरूक करते सामान्य पर्यवेक्षक

शनिवार को यहां बचत भवन में आयोजित मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों के प्रथम पूर्वाभ्यास के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक ने ये निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य, किसी भी चुनाव का अंतिम एवं सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। इसमें पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस दौरान मतगणना केंद्र पर उपस्थित विभिन्न उम्मीदवारों के एजेंटों में किसी भी तरह की शंका या भ्रांति की स्थिति उत्पन्न होने की नौबत नहीं आनी चाहिए तथा यह कार्य सुचारु ढंग से पूर्ण किया जाना चाहिए। सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों के लिए एक और अभ्यास सत्र भी आयोजित किया जाएगा। इसके बावजूद उन्हें अगर मतगणना की प्रक्रिया को लेकर कोई शंका रहती है तो वे निर्वाचन अधिकारी, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों या सीधे सामान्य पर्यवेक्षक से भी संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी, निर्वाचन विभाग के नायब तहसीलदार राजेश कौंडल और प्रोग्रामर निखिल भारद्वाज ने भी मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा के कार्यकर्ता ही सुरक्षित नहीं, तो आम लोगों का क्या होगा : सुमन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा है कि भाजपा हाईकमान द्वारा जबरदस्ती से जो प्रत्याशी पैराशूट द्वारा चुनाव मैदान में उतारे हैं, उसे भाजपा का संगठन बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है और पहले भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा द्वारा पुराने भाजपा संगठन को दरकिनार करने की खबर आ रही थी, लेकिन अब यह लड़ाई सड़कों पर भी होती नजर आ रही है। सुमन ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी आशीष को पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं पर जबरदस्ती थोपा गया है। इसी कारण भाजपा का एक बहुत बड़ा वर्ग आशीष शर्मा की कार्यप्रणाली के खिलाफ खड़ा हो गया है।



आशीष शर्मा के समर्थक सरेआम गुंडागर्दी पर उतर आए हैं, अब हालात यह हैं कि आशीष शर्मा के समर्थकों ने भाजयुमो के कोषाध्यक्ष केशव सोनी पर देर रात हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया है। केशव ने इस बारे में थाना हमीरपुर में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई है। सुमन भारतीय ने प्रशासन से मांग की है कि जो ऐसा असामाजिक तत्व चुनाव के दौर में माहौल खराब कर रहे हैं, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सुल्तानपुर वार्ड में सफाई की व्यवस्था चरमराई

**एमएम डैनियल, चंबा।** नगर परिषद चंबा के अधीन सुल्तानपुर वार्ड में पिछले कुछ समय से सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। जगह-जगह पर रखे गए कुड़ेदान समय पर खाली नहीं किया जा रहा है। कूड़ेदानों की ओवर लोडिंग के कारण कूड़ा- कर्कट सड़को पर बिखर जाता है। जिसके चलते स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रही है। इस दिशा में कई बार वार्ड वासियों ने नगर परिषद चंबा के समक्ष गुहार लगााई। मगर नप की ओर से वार्ड के सुधार हेतू कोई कदम नहीं उठाया गया। सुल्तानपुर वार्ड वासियों में चमन लाल, मोहन, कुलदीप, राजेश, विवेक, राकेश, चुनी लाल, रमाकांत, मुनीश, रविन्द्र, विशाल, अनुराग, कमल, प्रदीप, लक्की, सावित्री, पूजा, बालकु देवी,मीनाक्षी, अर्पणा, शीतल, तनुजा, सुशीला देवी, मीरा, नीलम, कांता देवी का कहना है कि सफाई के नाम पर दो तीन बार कुड़ेदानों को खाली कर दिया जाता है। उसके बाद हालात ज्यों ही त्यों रहते है। मौजूदा समय में इस वार्ड में कूड़दानों की हालत खस्ता है। जिसके चलते इस वार्ड में गंदगी का आलम हर समय नजर आता है। साथ ही निकास नालियों की सफाई हुए अरसा बीत गया है। उन्होने जिला प्रशासन से इस दिशा में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द इस वार्ड सुधार के लिए नप को दिशा निर्देश देने की गुहार लगाई है। ताकि वार्ड वासियों को उक्त परेशानियों से उत्पन होने वाली समस्या से निजात मिल सके।

### विश्व मानव रूहानी केंद्र ने लगाया चिकित्सा शिविर

**अनिल, मंडी।** विश्व मानव रूहानी केंद्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं और चिकित्सा दल के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत स्याह में कंसा चौक तहसील बल्ह मंडी में किया गया व निशुल्क दवाइयां 31 मरीजों को जांच के बाद उपलब्ध कराई गई। विश्व मानव रूहानी केंद्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़े प्रेम, सम्मान व उत्साह से सेवा की। विश्व मानव कहानी केंद्र के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के समाज सेवा कार्यों का आयोजन इस संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है और आगे भी विश्व मानव रूहानी केंद्र समाज सेवा के ऐसे जनकल्याण कार्यों में सहयोग जारी रखेगा। (अनंत ज्ञान)

### लोहारा में हुई सेफ्टी सामाजिक संगठन की बैठक

**आदर्श यादव, नेरचौक।** सेफ्टी सामाजिक संगठन की बैठक बल्ह क्षेत्र के लोहारा गांव में अध्यक्ष निक्का राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सुखदेव विश्व प्रेमी और बिमला प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में समाज मे फैली हुई विभिन्न प्रकार की कुरीतियों मिलजुल कर दूर करने का निर्णय लिया। सेफ्टी संस्था के अध्यक्ष निक्का राम ने कहा कि संस्था के संविधान में जो प्रावधान बनाए गये है उनको निकट भविष्य मे कार्यान्वित करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब व असहाय परिवारों का आर्थिक,शैक्षणिक व व्यावसायिक तौर पर उत्थान करना है। सुखदेव विश्व प्रेमी ने संगठन को मजबूती से चलने के लिए कई प्रेरणादायक टिप्स प्रदान किए। वही बिमला प्रेमी ने संस्था के द्वारा बनाए गए उद्देश्य और नियम पर चलने की सबसे अपील की। मनी राम ने कहा कि हम तभी सफलता हासिल कर सकते है जब हम अपने मुद्दों को सही दिशा देंगे। शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति समाज के लोगो को जागरूक करना भी संस्था का पहलू होना चाहिए। बैठक में संस्था की आगामी बैठक दो अक्तूबर को पुलघराट मंडी में करने का भी निर्णय लिया गया। (अनंत ज्ञान)

### हिमरी के नलाह में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** थाना सुन्नी के तहत शाड़ानाला के समीप एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया । जानकारी के अनुसार रविवार को दिन के समय लगभग 12:30 बजे शाड़ानाला के समीप एक पिकअप गाड़ी संख्या एचपी 06 ए 7288 दुर्घटना ग्रस्त हो गई और नलाह गांव के पास यह गाड़ी सड़क से बाहर होकर करीब 50 फीट नीचे खाई में गिर गई। पिकअप गाड़ी में नलाह गांव के ग्रामीणों का डिपो का राशन शाडा डिपो से लोड करके ले जा रही थी। पिकअप में ड्राइवर सहित 4 अन्य सवार थे । हादसे में चोटिल हुए गाड़ी चालक बंसीलाल उर्फ पप्पू पुत्र देवी सिंह उम्र 45 वर्ष, कपिल देव पुत्र तोताराम उम्र 28 वर्ष, कृष्ण पुत्र हीरु राम उम्र 73 वर्ष, देवेंद्र पुत्र उमादत उम्र 28 वर्ष व भीमी राम पुत्र मदनलाल उम्र 43 वर्ष सभी निवासी गांव नलाह, हिमरी के है । सभी घायलों को जलोग अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद आगामी इलाज के लिए आई जी एम सी शिमला रेफर कर दिया गया है।बहरहाल पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है ।(अनंत ज्ञान)

# चांदी के व्यापार से विश्व विख्यात रहा जिला

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा जिला को चांदी धातु व्यापार के लिए विश्व प्रसिद्ध रही है। रियासतकाल में चंबा में चांदी का व्यापार बड़े पाने पर किया जाता रहा है। यह बात अलग है कि वर्तमान समय में आधुनिकता के दौर में जहां सोने के आभूषणों व आटिफिशल आभूषणों ने गृहणियों में आभूषण पहनने के शौक में कुछ बदलाव लाया है, लेकिन जिला के कई क्षेत्रों में आज भी कई समुदायों चांदी के आभूषणों को सोने के आभूषणों की तुलना में अधिक महत्व दे रहे है।

गौर हो कि चंबा में चांदी का व्यापार यूं ही शुरू नहीं हो गया था। बल्कि इसके लिए बाहरी राज्यों के व्यापारी बकायदा खरीद फरोख्त के बदले चंबा के लोगों को चांदी देकर जाते थे। उस जमाने में रुपये या पैसों का मोल नहीं था। बस इसी चांदी को बाद में चंबा के लोगों ने आभूषण के रूप में पहनना शुरू कर दिया और चंबा चांदी के लिए जाना जाने लगा।

प्रसिद्ध लोकगीत कुंजू चंचलों में चंबे चांदी भतेरी हो बोल लिखे गए हैं। जोकि धातु व रियायसत एवं कला से जुड़ी हकीकत को बयान



करती है। बेशक वर्तमान में चांदी आभूषण धातु की जगह सोने व अन्य धातुओं ने अधिक ले लिए हैं। लेकिन रियासतकालीन समय की चांदी चंबा में आज भी बेहद प्रसिद्ध है। (अनंत ज्ञान)

### 16वीं शताब्दी में हुआ चांदी के आभूषणों का प्रचलन

16वीं शताब्दी मुगल शैली विभिन्न कलाओं के विकसित होने के साथ ही चंबा में चांदी धातु आभूषणों का प्रचलन विकसित हुआ। इससे पूर्व समय में स्थानीय लोगों द्वारा सर्वप्रथम लकड़ी, बॉस की तिलियों को छोटे-छोटे भागों में विभाजित कर कान व नाक में डालते थे। जबकि गले, हाथ व पांव में फूलों की छोटी-बड़ी मालाओं को पहना जाता था। जिन्हें बालों में गजरे के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता था। मगर भरमौर के बाद चंबा रियासत गठित होने पर यहां व्यापार के लिए पड़ोसी राज्यों से व्यापारियों व धातु निर्माण से जुड़े कलाकारों, सुनारों को तीन से छह माह तक अस्थायी रूप से व्यापार करने व रहने की प्रचलन आरंभ किया गया। जिससे प्राचीनकाल में लकड़ी व बॉस के आभूषण पहनने के रिवाज के स्थान पर चांदी आभूषण पहनने का दौर आरंभ हुआ। वहीं तत्कालीन शासक का जम्मू रियासत में विवाह होने पर चांदी व सोने का कार्य करने वाले कुछ सुनार व्यापारियों को स्थायी तौर पर चंबा रियासत ले आए। वहीं चुराह व भरमौर क्षेत्रों से संबंधित स्थानीय जमींदार व छोटे-बड़े व्यवसायी अनाज, ऊन व मेविशयों के लेन-देन सौदे में चांदी धातु की अधिक खरीद करते थे। अधिकतर चांदी धातु ईंट के आकार में लाई जाती थी। जिसकी ढलाई का कार्य रियासत में ही किया जाता था। चांदी ढलाई के कार्य के लिए भी उस समय चंबा रियासत पड़ोसी रियासतों में अधिक प्रसिद्ध रही। जिसका चांदी धातु में अस्तित्व आज भी कायम है।

### गृहिणियां आज भी चांदी के आभूषणों का करती हैं इस्तेमाल

**जिला** के चुराह, भटियात, भरमौर सहित चंबा मुख्यालय के साहो, सिल्लाघ्राट क्षेत्र में रहने वाले कई धर्म व जाति से जुड़ी गृहणियां आज भी सोने की बजाय चांदी के आभूषण धारण करती है।

अगर कुछ स्थलों पर कई गृहणियां नथ, शिंगार टिका, झूमकों में सोने के आभूषण बेशक इस्तेमाल में लाती है, लेकिन उसके साथ-साथ चांदी के आभूषणों को वह हाथ के कंगनों व गले के हार सहित करगणी चांदी युक्त आभूषण अवश्य धारण करती है। जिन्हें वह विवाह व अन्य समारोह में पहनना शुद्ध भी मानती है।

### ये आभूषण थे मुख्य

**रियासतकालीन** चांदी धातु से निर्मित होने वाले आभूषण में चोकफूल, झूमके, डोडमाला, सबी, कंघन, टोके, छन, कंघनू, वंगा, पंजेब, तोडा व चूड़ियां आदि आभूषण शामिल हैं। जिनमें कुछ आभूषण आज भी बनाए व पहने जाते हैं।

# भाजपा केवल भोली-भाली जनता को बनाती है बेवकूफ: मनीष

**एमएम डैनियल, डलहौजी (चंबा)**

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा व आम आदमी पार्टी में वार पलटवार का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है। बताते चलें की हाल ही में 'आप' प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने एक बयान में डलहौजी विधायक को क्षेत्र के लिए नीति निर्माण करने में असमर्थ बताया था जिस पर हमला बोलते हुए डलहौजी भाजपा ने आम आदमी पार्टी को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत दी थी। डलहौजी भाजपा के बयान पर 'आप' प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने पलटवार किया है। मनीष ने कहा की उन्हें डलहौजी भाजपा के पदाधिकारियों की विवेकहीन सोच पर तरस आता है।



प्रश्न वर्तमान स्थिति में डलहौजी विधायक की नीति निर्माण क्षमता पर उठाया गया व उत्तर में भाजपा मीडिया प्रभारी मौजूदा विधायक के विधायक बनने से पहले की विफल कोशिशें गिना गए। उन्होंने कहा कि भाजपा मीडिया प्रभारी द्वारा गिनवाई गई उपलब्धियों पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा की भाजपा केवल जुमले गिनवा कर विधानसभा क्षेत्र की भोली भाली जनता को बेवकूफ बना सकती है जिनका धरातल पर असलियत से दूर-दूर तक कोई सम्बन्ध नहीं है व भाजपा द्वारा जारी बयान की असलियत अब 'आप' जनता के समक्ष लाएगी।

मनीष ने कहा की असलियत यह है की वर्तमान में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में 39 पद रिक्त हैं। जिला के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में वर्तमान में 738 पद रिक्त हैं जिस में से अधिक्तम डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र में हैं। जिला के शिक्षण संस्थानों में 1592 पद रिक्त हैं जिस में से अधिक्तम डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र में हैं। वर्तमान में बाथरी में कोई बीडीओ कार्यालय नहीं है। मनीष ने कहा की डलहौजी विधायक ने पांच विधानसभा सत्रों में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से सम्बंधित पांच मुद्दों पर भी बात नहीं की है व डलहौजी भाजपा का 'आप' को गिरेबान में झांकने की सलाह देना हास्यास्पद है।

# 'प्रकृति के रंग' में पर्यावरण संरक्षण के उपाय

**कहानियां** न केवल समाज का दर्पण होती हैं, बल्कि समाज के भविष्य को भी दिशा दिखाती हैं। कहानियां वर्तमान और भविष्य के बीच पुल की भूमिका भी निभाती हैं। ऐसे में कहानियों में अगर प्रकृति का चित्रण एवं समावेश हो, तो सोने पे सुहागा की कहावत चरितार्थ होती है।

डॉ. दीन दलाल वर्मा प्रकृति का चित्रण करने में दक्ष हैं। उनका रचनाकर्म प्रकृति के इर्द-गिर्द ही घूमता है। इनके कविता संग्रह 'मन के वन में' एवं 'प्रकृति पन्नों से' काफी सराहे गए हैं। और अब प्रकृति की छटा बिखेरता कहानी संग्रह 'प्रकृति के रंग' पाठकों के लिए उपलब्ध है। प्रकृति को परमात्मा मानने वाले लेखक की कहानियों में गढ़े गए पात्र भी प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते दिखाई देते हैं। जितनी संवेदना के साथ पात्र रिश्तों को निभाते दिखाई देते हैं, उतनी ही





डॉ. दीन दलाल वर्मा व सरिता मलिक।

संवेदनात्मक अनुभूतियां प्रकृति संरक्षण के प्रति भी परिलक्षित होती हैं।

'राजमुंदर की कहानी' में लेखक ने जितनी खूबसूरती से पात्रों को गढ़ा है, उतनी ही खूबसूरती से पर्यावरण संरक्षण के उपाय और लोगों की समस्याओं के समाधान भी सुझाए हैं। लेखक ने कहानियों में घटनाओं का ताना बाना इतनी खूबसूरती से बुना है कि वे सहज रूप से आगे बढ़ती हैं। जात-पात, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब के बीच का अंतर




पुस्तक समीक्षा

स्पष्ट दिखाई देते हुए भी आपस में सौहार्दपूर्ण तालमेल दृष्टिगोचर होता है। कहानियां संवेदनाओं से परिपूर्ण हैं। 'जंगल बचा लिया' कहानी में सुरजन सिंह का पात्र अनेक कमियां होने के बावजूद अपने जीवन की जनहित के लिए कुर्बानी दे देता है। उसका ह्दय परिवर्तन द्रवित करने वाला है।

कहीं-कहीं कहानी में कोई पात्र अनावश्यक प्रतीत होता है, लेकिन ये लेखक का अपना नजरिया या निजी अनुभव भी हो सकता है, क्योंकि कहानी का मूल बिंदु मूलतः सामाजिक संरचना से ही लिया गया होता है। कुल मिलाकर कहानी संग्रह बहुत खूबसूरत बन पड़ा है। ये संग्रह पठनीय है, सराहनीय है और संग्रहणीय है। लेखक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

### मिंजर मेले में आएंगे नामी पहलवान

**एमएम डैनियल, चंबा।** मिंजर मेले में इस बार अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इंटरनेश्ल स्तर के कई नामी पहलवान दम दिखाएंगे। मिंजर मेला दंगल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्रशासन ने सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों की सूची बना ली है। प्रशासन ने दंगल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम चंबा के क्षेत्रीय प्रबंधक को दंगल प्रतियोगिता का समन्वयक बनाया है।

गौर हो कि जिला प्रशासन द्वारा प्रतिभागी पहलवानों को इनाम के रूप में नकद राशि के साथ अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं। हिमाचल परिवहन निगम चंबा के क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल सिंह ने बताया कि उम्मीद है कि इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा दंगल आयोजन के लिए बजट मुहैया करवाया जाएगा।

# डॉ. चमन ने ताम्बरम चेन्नई से लिया फ्लाइट लेफ्टिनेंट का प्रशिक्षण

**अनिल शर्मा, मंडी**

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने भारतीय वायुसेना के एयरफोर्स स्टेशन ताम्बरम चेन्नई से फ्लाइट लेफ्टिनेंट बनने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया है। राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक जनरल के दिशा-निर्देश पर 3 से 30 जून तक रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन एयर फोर्स स्टेशन ताम्बरम चेन्नई में किया गया। रिफ्रेशर कोर्स में पूरे देश भर से 15 फ्लाइंग ऑफिसर्स व फ्लाइट लेफ्टिनेंट स्तर के चुनिंदा एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों ने भाग लिया।



ड्रिल टेस्ट, स्पेशलाइज्ड सब्जेक्ट, कॉमन सब्जेक्ट, एरो मॉडलिंग व शारीरिक व मानसिक प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को एयर फोर्स स्टेशन ताम्बरम चेन्नई के ग्राउंड इंस्ट्रक्टर स्कूल के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एमके चौहान व कोर्स कमांडर विंग कमांडर एलके टंडन ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन हिमाचल प्रदेश से एकमात्र अधिकारी रहे, जिन्होंने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया। रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा व वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

# हार के डर से छटपटा रहे कांग्रेसी नेता: गोबिंद ठाकुर

**अनिल शर्मा, मंडी**

उपचुनावों में दिख रही हार से प्रदेश सरकार बौखलाहट में है और व्यापारियों, कर्मचारियों और छोटे कारोबारियों के ऊपर डराव की राजनीति कर प्रदेश में अराजकता फैला रही है। पूर्व मंत्री और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोबिंद सिंह ठाकुर ने मीडिया को जारी बयान में बड़े आरोप लगाते हुए कहा कि मात्र सोलह महीनों में ही कांग्रेस सरकार और इसके नेता जनता में अपना विश्वास खो चुके हैं और लगातार नए नए आरोप मुख्यमंत्री कार्यालय पर लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हालात ऐसे



बन गए हैं कि सरकार के संरक्षण में हर प्रकार का माफिया बेखौफ होकर कानून व्यवस्था को तार तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की तानाशाही ने प्रदेश को अस्त व्यस्त कर दिया है और उपचुनावों के पिछले सात दिनों में ही छोटे दुकानदारों और कारोबारियों के लगभग एक हजार से ज्यादा चालान काट कर व्यापारी वर्ग में दहशत फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की कर्मचारियों को ट्रांसफर का डर दिखा कर चुनावी दबाव बनाने का प्रयास बताता है कि यह सरकार कर्मचारी हितैषी होने का कितना ढोंग करती है। (अनंत ज्ञान)

# हिमोत्कर्ष जनकल्याण परिषद ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**एमएम डैनियल, चंबा**

हिमोत्कर्ष जनकल्याण परिषद चंबा शाखा का एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष युगल किशोर पुरी की अगुवाई में जिलाधीश चंबा से मिला तथा चंबा जिला के विकास संबंधी तथा जनसमस्याओं के बारे उपायुक्त को अवगत कराया गया तथा परिषद सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। सर्वप्रथम परिषद के अध्यक्ष ने जिलाधीश महोदय को चंबा जिला की कमान संभालने हेतु बधाई दी और आशा जाहिर की के उनके तथा उनकी अनुभवी टीम के प्रयासों से जिलाचंबा से जुड़े आकांक्षी जिले के टैग से जल्दी से जल्दी मुक्ति मिलेगी।

जिलाधीश महोदय से परिषद के सदस्यों का परिचय भी करवाया



ज्ञापन सौंपने के दौरान डीसी के साथ परिषद के सदस्य।

गया तथा उन्हें हिमोत्कर्ष मुख्यालय से छपने वाला वार्षिक स्मारिका वर्ष 2024, की एक प्रति भेंट की गई तथा परिषद द्वारा चलाई गई विभिन्न समाज कल्याण गतिविधियों के बारे में भी जिलाधीश महोदय को अवगत कराया गया।

इसके साथ चंबा से जुड़े विभिन्न मुद्दों परिचर्चा भी की। वहीं समस्या से निजात दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया।

इस मौके पर परिषद के अन्य सदस्य पीके शेखरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,बुदिया राम महासचिव एएम मलिक जैसी मंडला सचिव, सुरिन्द्र विज, हरीश शर्मा सचिव स्वास्थ्य प्रकोष्ठ, डॉ. कविता बिजलवान प्रेस सचिव, उत्तम धवन सह सचिव, डॉ. राजेश सेहगल सचिव शिक्षा प्रकोष्ठ, आरती पॉल, लीला ठाकुर, नीना सहगल सचिव महिला प्रकोठ, रोहिनी , बैठक में उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# बहते पानी को रोका नहीं जा सकता: अजय पाल

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

बीबीएमबी द्वारा बीएसएल परियोजना का 48वां स्थापना दिवस शहीद स्मारक स्थल पर अधीक्षण अभियंता अजय पाल सिंह की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाया गया। परियोजना निर्माण में जान की बाजी लगाने वाले शहीदों को डैम सुरक्षा पुलिस टुकड़ी द्वारा सलामी व श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर जयपाल सिंह व उपस्थित कर्मचारियों , अधिकारियों व स्थानीय लोगों ने भी शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। रस्मी तौर पर मुख्य अतिथि द्वारा बीबीएमबी के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी का संदेश पढ़कर सुनाया गया। जिसमें उन्होंने परियोजना के समस्त कर्मचारी व अधिकारियों को रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन के लिए बधाई दें। उन्होंने



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

कहा कि जल्द ही पंडोह डैम के डाउन स्ट्रीम में 10 मेगावाट का विद्युत गृह निर्मित किया जाएगा तथा परियोजना के बागी हाइडल चैनल पर कैनाल टॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। परियोजना के डैहर पावर हाउस को आधुनिक रूप दिया जाएगा।

बीबीएमबी सुंदर नगर के अधीक्षण अभियंता अजय पाल सिंह से विशेष बातचीत में उन्होंने पडोह डैम से एकाएक पानी छोड़ने, मंडी - पंडोह में लोगों के घर-बार तबाह होने पर फूटी कौड़ी की मदद ना करने पर कहा कि यह डैम स्टोरेज डैम नहीं डायवर्सन डैम है। जितना अधिक पानी पिछे से आयेगा उसे हमें गेट के माध्यम से छोड़ना ही पड़ेगा। इसे स्टोर नहीं किया जा सकता। अन्यथा डैम को खतरा हो सकता है। पानी छोड़ने से पहले आम जनता को हूटर और लाउडस्पीकर से सचेत किया जाता है। उन्होंने कहा कि मामला बीबीएमबी हाई पावर कमेटी के समकक्ष रखा है, जल्द ही 6 घंटे की नयी निति आने की उम्मीद है। पीने के पानी की अच्छी व्यवस्था के लिए नयी मोटर्स स्थापित की जा रही है।

### सूडोकु 00119 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

### सामान्य वर्ग कल्याण समिति जोगिंद्रनगर के चुनाव 9 को

**मंडी।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष शक्ति चंद चौहान ने कहा कि सामान्य वर्ग कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र इकाई के त्रैवार्षिक चुनाव 9 जुलाई को ग्यारह बजे विश्राम गृह जोगिंद्रनगर में होंगे। जोगिंद्रनगर विधानसभा के सामान्य वर्ग के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।

# जीवन में भक्ति की शुरुआत होती ही ब्रह्मज्ञान के बाद: कैलाश

**एमएम डैनियल, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा कैलाश की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। इस मौके पर दूर दराज़ के गांवो कस्बों से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। साहो, जडेरा, राख, ,जांघी, मैहला, मंगला क्षेत्रों से आए संतों महात्माओं ने सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों द्वारा व्यक्त किया।

मंच पर विराजमान महात्मा कैलाश ने अपने सार गर्भित प्रवचनों से साध-संगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि एक जिज्ञासु के जीवन में भक्ति की शुरूआत ही ब्रह्मज्ञान के बाद होती है। जब सदगुरु की कृपा से जिज्ञासु को ब्रह्म ज्ञान हासिल हो जाता है तो उसके जीवन में भक्ति की शुरुआत वहीं से आरंभ हो जाती है। फिर भक्ति और मजबूत करने के लिए विश्वास की बात आती है जिसके लिए एक बहुत सरल तरीका है कि नित्यप्रति संतों का संग करें सत्संग में आकर अच्छे गुणों को श्रवण



सत्संग के दौरान मौजूद संगत व इनसेट में महात्मा कैलाश।

करें,अपनी अध्यात्मिक जड़ों को और मजबूत किया करें।

जैसे-जैसे हम इन बातों का अभ्यास अपने जीवन में करते चलें जाते हैं तो हमारे जीवन में एक बदलाव आना शुरु हो जाता है, हमारे हृदय में प्रेम के फूल खिलने शुरु हों जाते हैं, संपूर्ण मानवता में हमें निरंकार प्रभु के दर्शन होने लगते हैं व धार्मिक भेद भवों से उपर उठ कर संपूर्ण मानवता के प्रति हमारे मन में प्रेम मुख्य उदेश्य है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

8 जुलाई, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** तृतीया: (पूर्ण रात्रि) : **नक्षत्र :** पुष्य (6: 03), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** वज्र (2:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:53), **राहुकाल** (7:13 - 8:57 ।

### विशेष दिन

- 8 जुलाई 2024 : मोहर्रम आज से।
- 9 जुलाई 2024 : गणेश चतुर्थी कल।

**मेष:** सोचते कुछ हैं और होता कुछ है। जीवनसाथी की लापरवाही से बड़ा नुकसान हो सकता है। बिना योजना बनाए लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे।

**वृषभ:** आपकी मेहनत और व्यवहार कुशलता से यश तथा लाभ में वृद्धि होगी। आपके प्रभाव से शत्रु शांत होंगे। पारिवारिक शांति, सुख-चैन रहेगा।

**मिथुन:** लंबे समय से चली आ रही चिंता दूर होगी। सफलता से यश में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बनेंगे। भय बना रहेगा। संतान के व्यवहार से नाखुश होंगे।

**कर्क:** सोचने समझने की शक्ति में कमी आयेगी। माता-पिता के साथ समय व्यतीत होगा। धनलाभ के शुभ अवसर बनेंगे। विवादों में कमी होगी।

**सिंह:** परिवार में बुजुर्गों का स्वास्थ्य बिगड़ेगा। आप के कार्यस्थल पर विवादों को बढ़ावा मिलेगा। संयम से काम लें। आज मौन ही लाभदायक होगा।

**कन्या:** जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता हैं, आज पुराने रोग उभरने की संभावना है। दिनचर्या नियमित बनाए रखने से लाभ होगा। धैर्य आवश्यक है।

**तुला:** आपकी लोकप्रियता से शत्रु परास्त होंगे। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। मान-प्रतिष्ठा तथा लाभ के योग मजबूत होंगे। वाहन खरीदने के लिए समय उपयुक्त हैं।

**वृश्चिक:** अपने आहार व्यवहार में तालमेल बनाये रखें। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें, लाभ होगा। परिवार में शांति बनाए रखेगा।

**धनु :** समय की अनुकूलता का आभास होगा। लंबे समय से अटके मामलों में आज गती आयेगी। व्यापारिक व्यस्यता बढ़ेगी।

**मकर:** आज स्त्री पक्ष से लाभ के योग बनते हैं। संतान के स्वास्थ में सुधार होगा। सोच के परे काम हो रहे हैं। आज अचानक धनलाभ हो सकता है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कुंभ:** आज किसी दूर के मित्र से मुलाकात हो सकती है। नए अनुबंध फायदेमंद साबित होंगी। आज धनलाभ होगा। शत्रु वर्ग सक्रिय रहेगा। कार्य की अधिकता रहेगी।

**मीन:** समय की अनुकूलता का आभास होगा। व्यापार बदलने की जल्दबाजी न करें। खर्च की जगह लाभ होगा।

**सुधार** डिपो होल्डरों की मनमर्जी कार्यप्रणाली का शिकार होने वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

# मनमर्जी करने वाले डिपो होल्डरों पर गिर सकती है विभागीय गाज

**एमएम डैनियल, चंबा**

उचित मूल्यों की दुकानों में मनमर्जी से राशन बेचने व बिना सूचना के अवकाश करने वाले डिपो होल्डरों को अब ऐसा करना जहां महंगा पड़ सकता है। वहीं अब बेबस, लाचार व डिपों होल्डरों की मनमर्जी कार्यप्रणाली का शिकार होने वाले उपभोक्ताओं के भी बहुगुने दिन आ गए है। इस दिशा में सरकार व विभाग द्वारा कड़ा संज्ञान लेते हुए मनमर्जी डिपो चलाने वाले डिपो होल्डरों के लाइसेंस रद्द करने लेकर जुर्माना किये जाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते सरकार व विभाग निदेशालय द्वारा राज्य के समस्त जिला विभागों को इस दिशा अधिसूचना जारी कर डिपो होल्डरों को हिदायतें जारी करने के निर्देश दिए है। जिसके चलते चंबा जिला सहित अन्य जिलों के डिपो होल्डरों में इन दिनों हड़कंप मच गई है।

गौर हो कि राज्य सरकार व खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं नियंत्रण विभाग निदेशालय ने उपभोक्ताओं की शिकायत पर कार्रवाई अमल में लाते हुए प्रदेशस्तर पर कवायद आरंभ कर दी है। जिसके चलते अब डिपो होल्डरों को डिपो बंद रखने के लिए सर्वप्रथम विभागीय अनुमति लेने से लेकर डिपो बंद करने पर दुकान के बाहर लिखित रूप में डिपो बंद तिथि से उपभोक्ताओं को अवगत करवाना अनिवार्य कर दिया है। यदि कोई डिपो धारक निर्धारित मापदंडों व नियमों की आवेहलना करता पाया जाता है तो डिपो होल्डर का लाइसेंस रद्द सहित उसे जुर्माने होने के दौर से गुजरना पड़ सकता है।

वहीं नए निर्धारित नियमों व शर्तो सहित एचपी स्पेसीफाइड वस्तु विलियम व वितरण अधिनियम के तहत सभी डिपो होल्डरों को अपने डिपो में बेची जाने वाली तय खाद्य वस्तुओं के नमूनों को उपभोक्ताओं को अवलोकन के सार्वजनिक तौर रखना होगा। जबकि उपभोक्ता सामान्य वर्ग से लेकर विशेष वर्ग उपभोक्ताओं की कार्ड संख्या का विवरण उचित मूल्य सूचना पट्टिा के साथ लगाना होगा। जबकि हर सरकारी राशन संबंधी सामग्री का अलग-अलग रिकार्ड होल्डर को दर्ज करना होगा। जबकि इस दिशा में डिपो होल्डरों को पेश आने वाली समस्याओं व उपभोक्ताओं की शिकायतों पर जल्द उचित कार्रवाई के लिए जिलास्तर पर विभागीय मासिक बैठक का दौर भी शुरू किया है। (अनंत ज्ञान)

> जिला के समस्त डिपो होल्डरों को अवकाश लेने से लेकर अन्य एचपी स्पेसीफाइड वस्तु विलियम व वितरण अधिनियमों के संदर्भ में अधिसूचना प्राप्त होते ही अवगत करवाया दिया गया है। जबकि विभागीय निरीक्षकों को इस सीधा में समय-समय पर डिपो का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिला उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि उचित मूल्य की दुकान अगर बंद रहती है, या समयानुसार नहीं खुलती है या फिर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी या मिलावट लगती है तो उपभोक्ता विभागीय कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।
>
> -पुरुषोत्तम सिंह डीएफसी, चंबा

**अकेलापन** और अवांछित रहने की भावना सबसे भयानक गरीबी है। – **मदर टेरेसा**

## संपादकीय

# गुरुओं की साख

हिमाचल के स्कूलों में छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के बढ़ते मामले चिंता का कारण बन गए हैं। प्रदेश में आए दिन कहीं न कहीं से छात्राओं के साथ अश्लील हरकतों की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। इससे एक ओर जहां अध्यापकों के ऊपर से लोगों खासकर अभिभावकों का विश्वास टूटता जा रहा है तो वहीं, गुरु-शिष्य के बीच का रिश्ता भी दागदार होता जा रहा है। अभिभावक अब अपनी बेटियों को स्कूलों में भेजने से कतराने लगे हैं। जब तक उनकी बेटियां घर वापस नहीं लौट आतीं, उनकी धुकधुकी शांत नहीं होती है। हालांकि सारे अध्यापक एक जैसे नहीं होते, लेकिन कुछेक अध्यापकों की गलत हरकतों की वजह से संपूर्ण अध्यापक वर्ग को शर्मिंदगी महसूस करनी पड़ती है। स्कूलों में छात्राओं के साथ अश्लील हरकतों की वजह से अब यह एक बहस का मुद्दा बन गया है।

एक शिक्षक की प्राथमिक जिम्मेदारी पढ़ाना और शिक्षित करना होती है। उनकी भूमिका सिर्फ शिक्षाविद् बनकर पढ़ाई तक ही सीमित नहीं होती, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा अनुशासन और करियर का जिम्मा भी शिक्षक पर होता है। शिक्षक छात्रों के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में छात्रों का मार्गदर्शन करना भी अध्यापकों का ही काम होता है। अध्यापक उन मूल्यों, नैतिकता और व्यवहार की परिकल्पना करते हैं, जिनका छात्र अनुकरण कर सकते हैं। पढ़ाई के साथ खेलों में पारंगत बनाना तथा चरित्र विकास करना, सामाजिक कौशल, नैतिक मूल्य और जीवन कौशल पैदा करना, व्यक्तिगत जरूरतों का समर्थन करना तथा सीखने की कठिनाइयों या व्यक्तिगत संघर्ष वाले छात्रों की मदद करना भी अध्यापकों के दायरे में आता है।

माता-पिता के साथ कम्युनिकेश कर विद्यार्थियों की प्रगति और मुद्दों के बारे में सूचित करना तथा स्कूल में एक सुरक्षित वातावरण बनाना भी अध्यापक की जिम्मेदारियों में शुमार रहता है। हालांकि शिक्षण पर उनका प्राथमिक फोकस रहता है, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि शिक्षकों की भूमिकाएं बहुआयामी होती हैं और वे विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विडंबना इस बात की है कि जब इतने सारे दायित्व अध्यापकों पर हैं तो वे अध्यापन के कार्य को छोड़कर फालतू चीजों में शामिल होकर अपनी गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम क्यों कर रहे हैं? एक अच्छा गुरु अच्छा समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है, लेकिन जिस तरह से हिमाचल में छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें या यौन उत्पीड़न के मामले सामने आ रहे हैं, वह वाकई गंभीर हैं। गुरुओं का काम पढ़ाई के सिवा कुछ नहीं होना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आने से एक बार फिर गुरुओं की भूमिका पर प्रश्नचिन्ह लगने शुरू हो गए हैं। इस जिले में पहले भी ऐसे मामले आ चुके हैं। पुलिस प्रशासन को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अब सवाल यह उठता है कि ऐसे हालातों में दूसरे शिक्षक अपनी छवि को कैसे बढ़िया बना सकते हैं? यह एक बहुत ही वाजिब चिंता है। दुर्भाग्य से, ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं जहां शिक्षकों ने छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार कर उन पर किए गए भरोसे को धोखा दिया है।

एक सुरक्षित और सहायक वातावरण को बढ़ावा देते हुए छात्रों, शिक्षकों और प्रशासकों के बीच कम्युनिकेशन खुले तौर पर होना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो यह समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। शिक्षक-छात्र बातचीत की नियमित रूप से निगरानी होती रहनी चाहिए। छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार होता है तो इसकी शिकायत करने के लिए स्कूल में ही मजबूत रिपोर्टिंग तंत्र होना चाहिए। कदाचार होने पर त्वरित और उचित कार्रवाई करते हुए शिक्षकों को उनके कार्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। एक सुरक्षित और सहायक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देना समय की मांग है। अध्यापकों को चाहिए कि वे अपने विद्यार्थियों के साथ विश्वास और भरोसा पैदा करें। विद्यार्थियों की चिंताओं और कठिनाइयों को समझें तथा किसी भी अनुचित व्यवहार को रोकने के लिए तत्पर रहें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री के पद पर रहे आसीन

**ज्योति** बसु अथवा 'ज्योतिंद्र बसु' भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के अग्रणी नेताओं में से एक थे, जिन्होंने पश्चिम बंगाल में 23 वर्ष तक लगातार मुख्यमंत्री रहकर संसदीय राजनीति में विशेष ख्याति पाई। भारत में कम्युनिस्ट राजनीति को स्थापित करने वालों में से बसु एक रहे। ज्योति बसु का जन्म पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश में) के एक समृद्ध मध्य वर्गीय परिवार में हुआ था। वकालत की पढ़ाई बसु ने लंदन में की। रजनी पाम दत्त जैसे कम्युनिस्ट नेताओं से संबंधों के चलते उन्होंने 1930 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की सदस्यता ले ली। ज्योति बसु कितने पुराने हैं, यह इसी से जाना जा सकता है कि वह कुख्यात जलियांवाला बाग कांड के पांच साल पहले पैदा हुए थे। उन्होंने भारत में लगातार किसी भी राज्य का सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड भी बनाया है। 1977 से 2000 तक वे बंगाल के मुख्यमंत्री रहे और 1964 में जब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी बनी तो वह उसके पोलित ब्यूरो में थे और 2008 में स्वास्थ के कारण इस्तीफा दिया। ज्योति बसु का पूरा नाम ज्योतिंद्र नाथ बसु है। पिता जी बांग्लादेश के बरोदी गांव ढाका जिला से आए थे और डॉक्टर थे। सेंट जेवियर्स और प्रेसिडेंसी कॉलेज से 1935 में ग्रेजुएट हुए, जब आज के महारथी मार्क्सवादी नेताओं में से ज्यादातर पैदा भी नहीं हुए थे। फिर इंग्लैंड गए और बैरिस्टर बन गए। बाद में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बनाने वाले भूपेश गुप्ता उस समय ब्रिटिश कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य थे और उन्होंने ही ज्योति बसु को कॉमरेड बनाया। वकालत की पढ़ाई कर के भारत 1940 में लौटे ज्योति बसु भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के फुल टाइम कॉमरेड हो गए और सबसे पहले मजदूर संगठन चलाए। ■



**ज्योति बसु**
**जन्म :** 8 जुलाई, 1914
**मृत्यु :** 17 जनवरी, 2010

## अपनी बात

**किसानों** को आजकल फसलों को उगाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है, सरकारों को इसके बारे में सोचना होगा। बेसहारा पशुओं की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा पशु सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, बेसहारा पशुओं के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके हर जगह घूमने से आम जन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। कई बार इनकी चपेट में आकर नागरिकों की मौत भी हो चुकी है। सांडों की लड़ाई में आज तक पता नहीं कितने लोगों की जान जा चुकी है। हर जगह बेसहारा पशु घूमते हुए नजर आते हैं। इस के लिए लोग स्वयं जिम्मेदार हैं। लोग भी मवेशियों को उपयोग के बाद खुले में छोड़ देते है, जिन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं।

**–सुदर्शना देवी, नगरोटा बगवां**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# जगन्नाथ रथयात्रा यथावत है

ओडिशा प्रांत के पुरी में विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथयात्रा और रथोत्सव 7 जुलाई से आरंभ हो गया है, जो 16 जुलाई तक चलेगा। भारत राष्ट्र के एकत्व और सामाजिक समरसता के प्रतीक इस मंदिर का इतिहास बहुत-उतार चढ़ाव से भरा है। विध्वंस और पुनर्निर्माण का संघर्ष अयोध्या के बाद इसी मंदिर का है। यह रथयात्रा और पुरी का जगन्नाथ मंदिर ऐतिहासिक सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि पुरी मंदिर का निर्माण दो सौ वर्ष ईसा पूर्व हुआ था। आदि शंकराचार्य जी द्वारा स्थापित चार धर्म पीठों में एक पीठ पुरी में भी स्थापित है। यह ऋग्वेदी पीठ है और गोवर्धन मठ के नाम से जानी जाती है। पुरी के विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ जी मंदिर से रथयात्रा आरंभ होती है।

इस मंदिर में जगन्नाथ जी के रूप में भगवान कृष्ण, उनके बड़े भ्राता बलभद्र जी और बहन सुभद्रा जी की प्रतिमा स्थापित हैं। भगवान जगन्नाथ जी अपने बड़े भाई बलभद्र जी और बहन सुभद्रा के साथ प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को तीन रथों में सवार होकर गुन्डिचा मंदिर जाते हैं। यह मंदिर यहां से तीन किलोमीटर दूर है। वहां कुछ दिन रुककर आषाढ़ शुक्ल पक्ष दसवीं को लौटते हैं। इस वर्ष यात्रा सात जुलाई को आरंभ हो रही है और इसका समापन 16 जुलाई को होगा। सामान्यत: यह रथयात्रा 15 दिन की होती है लेकिन इस वर्ष तिथियों में कुछ परिवर्तन है, इस कारण दो दिन कम रहेंगे। यात्रा के लिए भगवान जगन्नाथ जी नंदीघोष नामक रथ में विराजमान होंगे। उनकी ध्वजा का नाम त्रैलोक्य मोहिनी है। इस रथ का रंग हल्का लाल पीला होता है। इसमें 16 पहिये होते हैं। रथ की ऊंचाई 44.2 फीट होती है। बलभद्र जी के रथ की ध्वजा ताल ध्वज है। इस रथ की ऊंचाई 43.2 फुट होती है। इसमें 14 पहिये होते हैं। सुभद्रा जी का रथ 42 फुट ऊंचा होता है। इस रथ की ध्वजा का नाम दर्प दलन है।

सबसे आगे बलभद्र जी का रथ, उनके पीछे सुभद्रा जी का रथ और फिर भगवान जगन्नाथ जी का रथ होता है। रथ के सारथी दारूक और द्वारपाल जय विजय होते हैं, जबकि संरक्षक गरुढ़ जी हैं। इन रथों को 50 मीटर लंबी रस्सियों द्वारा हाथ से खींचा जाता है। रथ खींचने के लिए मानो स्पर्धा हो जाती है। वहां उपस्थित लाखों श्रद्धालुओं में सभी रथ खींचकर पुण्य लाभ लेना चाहते हैं। सबसे पहले बलराम जी का रथ खींचा जाता है, फिर देवी सुभद्रा का और फिर भगवान जगन्नाथ का रथ होता है। रथयात्रा की तैयारी अक्षय तृतीया से आरंभ हो जाती है। यात्रा के लिए प्रतिवर्ष नए रथ बनाए जाते हैं, इसके लिए नारियल और नीम की लकड़ी का उपयोग होता है।



**लेखक : रमेश शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इन रथों के निर्माण के लिए आधुनिक मशीनों का उपयोग नहीं होता। स्थानीय कारीगर परंपरागत कला से तैयार करते हैं। रथ के लिए लकड़ियां पेड़ से नहीं काटी जाती, बल्कि संग्रहीत की जाती हैं। यात्रा आरंभ होने से पहले राजा रथ के आगे झाड़ू लगाते हैं। उनके साथ राजपुरोहित और सबर जनजाति समाज के मुखिया होते हैं।

**पौराणिक कथा :** पौराणिक कथा के अनुसार यह सबर भील जनजाति बाहुल्य क्षेत्र रहा है। प्राचीन काल में उसके मुखिया विश्ववसु थे। वह भगवान नील माधव के उपासक थे। प्रतिदिन भक्तिभाव से उपासना करते थे। भगवान नील माधव ने एक रात राजा इंद्रधुन्म को स्वप्न में मंदिर बनाने को कहा। राजा ने अपने पुरोहित विद्यापति को मूर्ति लाने को कहा। पुरोहित विद्यापति ने सबर जनजाति के मुखिया विश्ववसु की पुत्री से विवाह कर लिया।

परिवार का विश्वास जीतकर मूर्ति ले जाकर राजा को दे दी। भगवान की मूर्ति चोरी हो जाने से विश्ववसु बहुत दुखी हुआ। उसने अन्न त्याग दिया। भगवान स्वयं चलकर वापस आ गए। तब भगवान जी ने राजा को दोबारा स्वप्न दिया और समुद्र में द्वारिका से बहकर आने वाली लकड़ी से बनवाने को कहा। उन्होंने पुरी के समुद्र लकड़ी संग्रहीत की। विश्वकर्मा जी स्वयं मूर्ति बनाने आए। वह द्वार बंद करके मूर्ति बनाने लगे। उन्होंने 21 दिन तक कार्य किया और अंतर्ध्यान हो गए। तब वह मूर्तियां उसी रूप में स्थापित कर दी गईं। रथयात्रा से पूर्व भगवान जगन्नाथ जी पंद्रह दिन अज्ञातवास में रहते हैं। यह माना जाता है कि वे अस्वस्थ्य हो गए थे और उपचार करा रहे थे। स्वस्थ होकर ही भगवान जगन्नाथ जी यात्रा पर निकलते हैं। यह यात्रा में सहभागी होने के लिए देश-विदेश से लाखों लोग एकत्र होते हैं। यह यात्रा पूरे राजसी वैभव से निकाली जाती है।

**परिवार, समाज और राष्ट्रीय एकत्व की प्रतीक :** भारत के समस्त तीज त्योहार और उत्सव परंपराओं व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण का संकेत होता है । पुरी में आयोजित भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा में भी यही संदेश है। पुरी के राजा, पुरोहित और सबर जनजातीय समाज के लोग इस यात्रा का शुभारंभ करते हैं। राजा स्वयं रथ के आगे झाड़ू लगाते हैं। राजा का झाड़ू लगाना और उनके साथ पुरोहित एवं सबर भील जनजातीय मुखिया का साथ होना भारतीय समाज की समरसता का प्रतीक है।

भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर में सबर भील जनजातीय समाज के पुजारी भी होते हैं। मंदिर की दूसरी विशेषता है कि इसके सेवादारों में सभी प्रांतों और भाषा भाषी लोग हैं। भगवान श्रीकृष्ण ही यहां नीलमाधव और जगन्नाथजी के रूप में विराजे हैं। उनका जन्मस्थान मथुरा और उनकी नगरी द्वारिका है। मान्यता है कि पहली बार जब भगवान जगन्नाथ जी की काष्ठ प्रतिमा बनाई गई थी, वह द्वारिका से ही समुद्र में बहकर आई थी। यदि पुरी भारत के एक छोर पर है तो द्वारिका बिलकुल दूसरे छोर पर। मंदिर में देवि सुभद्रा की प्रतिमा भी है। सुभद्राजी भगवान श्रीकृष्ण जी की बहन हैं, जो हस्तिनापुर ब्याही हैं। तीसरी यहां विभीषण द्वारा भगवान जगन्नाथजी की आराधना करने का स्थल भी है। विभीषण श्रीलंका के राजा थे।

दिल्ली एक ओर एवं श्रीलंका भारत के दूसरे छोर पर है। यह स्थिति द्वारिका और पुरी में है, अर्थात जगन्नाथ पुरी मंदिर और रथोत्सव में जहां समाज के सभी समूहों की सहभागिता है, उसी प्रकार पूरे भारत का दर्शन है। मंदिर में भगवान जगन्नाथ जी के बड़े भ्राता बलभद्र जी और बहन सुभद्रा जी हैं। यह परिवार समन्वय का संदेश है। इस रथोत्सव के लिए रथों का निर्माण केवल लकड़ी से होता है।

धातु का कोई प्रयोग नहीं होता, लेकिन यह लकड़ी पेड़ों को काटकर नहीं जुटाई जाती। पेड़ों से सूखकर जो स्वयं गिरती है अथवा समुद्र में बहकर आती है, उस लकड़ी का प्रयोग होता है। यह पर्यावरण की सुरक्षा का अद्भुत संदेश है। रथ बनाने के लिये मशीनों का उपयोग बिलकुल नहीं होता। स्थानीय कारीगर और कलाकार लोककला के आधार पर बनाते हैं। यह भारतीय लोक परंपरा को सजीव रखने का प्रयास है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# बारिश, भू-स्खलन और बाढ़ से प्रभावित होता जनजीवन

पिछले वर्ष देवभूमि में लगातार बारिश से 12,000 करोड़ रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान एवं 400 से अधिक जान की क्षति को झेलना पड़ा था। भौगोलिक परिदृश्य के अनुसार हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों से निकाली गई सड़कें, राष्ट्रीय राजमार्ग भी क्षतिग्रस्त होकर भू-स्खलन के कारण मकान के जमींदोज होने की भी लगातार घटनाएं घटित हुई हैं। इसमें मानव संसाधन के साथ-साथ पशुधन का भी नुकसान काफी होता है। पर्यावरण से लगातार बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप के कारण हर साल आपदा तबाही लेकर आ रही है।

पहाड़ों का सीना काटकर बनाई जा रही सड़कें उसके ऊपर वाली पहाड़ी से भू-स्खलन, पत्थरों के लगातार गिरने व सड़कों को बाधित करने के कारण वाहनों एवं आपातकालीन आवाजाही पूर्ण रूप से ठप हो जाती है। प्रशासन और शासन को इस मलबे को हटाने के लिए कड़ी मशक्कत करके सड़कों को शीघ्र बहाल करना पड़ता है। प्रत्येक वर्ष इस तरह की मानवीय व प्राकृतिक आपदा देव भूमि पर कहर बरपाती है।



**लेखक : ठाकुर तारा**
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

पिछले साल की आपदा में क्षतिग्रस्त सड़कों, सार्वजनिक स्थानों भू-स्खलन से क्षतिग्रस्त मकानों को पुन: निर्मित करने के लिए सरकार को मुआवजे के तौर पर खरबों का आर्थिक नुकसान वहन करना पड़ा था, जो धन हमारे प्रदेश के अन्य विकास कार्यों के लिए खर्च किया जा सकता था। जिस तरह बिहार, उत्तर प्रदेश, असम के तराई वाले क्षेत्रों में पहाड़ों की बारिश का पानी आने से दो से तीन महीनों तक बाढ़ की समस्याओं को झेलना पड़ता है, उसी अनुरूप तटीय इलाकों पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश तमिलनाडु में साइक्लोन समुद्री तूफान से उठी लहरों से इन तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है। अब हिमाचल में भी बारिश के चलते भू-स्खलन बाढ़ की गति को बल मिला है। प्राकृतिक आपदा पर मानवीय नियंत्रण और वश नहीं है, लेकिन इसके प्रभावों को सूझबूझ से समय पूर्व अवश्य कम किया जा सकता है। मंडी के पंडोह, कुल्लू, सराज के ऊपरी क्षेत्रों में यह समस्या बरसात में लगातार गंभीर बनी रहती है। कई परिवार ऐसे स्थानों में घरों सहित मलबे में दफन हो जाते हैं, तो कोई नदी-नालों में बह जाते हैं।

शवों को प्राप्त करने की उम्मीद पर टकटकी लगाए बैठे परिजन फिर प्रशासन के आगे विलाप करते हुए नजर आते हैं। बड़े राज्य जो बाढ़ से लगातार प्रभावित होते आ रहे हैं या समुद्री तटीय क्षेत्र के साथ सटे गांवों को, वहां ऐसी प्राकृतिक आपदा से टकराने की युक्ति नहीं, बल्कि मानव जीवन को आपदा अलर्ट जारी होने के पांच से छह घंटे पूर्व पलायन करवा कर अलग सुरक्षित जगहों पर अस्थायी घरों, टैंट या तंबुओं में शिफ्ट किया जाता है। जब आपदा शांत हो जाती है। तब अपने घरों की ओर सुरक्षित लौटा जा सकता है। यही एकमात्र इस प्राकृतिक आपदा से बचने का विकल्प है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

**आशा**
आशा देवी
जोगिंद्रनगर, हिप्र

*छुपा लो तुम कहीं दिल में कि गहरा राज हो जाऊं,*
*सुनाऊं जो पसंद अब आपकी आवाज हो जाऊं।*
*कहा कब है सुना कब है सदाएं आ के गुजरी हैं,*
*करूं मैं फख्र तुम पर या तुम्हारा नाज हो जाऊं।*
*लुटा के जिंदगी तन्हा मिला न प्यार बदले में,*
*गया है बीत कल तेरा मगर मैं आज हो जाऊं।*
*मुहब्बत भी मिली उनको सदा जो दिल से खाली थे,*
*बनो नगमा जो गाऊं मैं सुरीला साज हो जाऊं।*
*सहा है खूब तूने दर्द रोई आंख है जानम,*
*लगूं जख्मों में मरहम सी दवा हमराज हो जाऊं।*
*रहा दुश्मन जमाना तो मुहब्बत का सदा हमदम,*
*गुमां बनना सनम मेरे मैं तेरी लाज़ हो जाऊं।*
*बनो तुम आसमां मेरा भरूं परवाज पंखों की,*
*कहे 'आशा' जो थामों तुम उड़ूं तो बाज हो जाऊं।*

# आप कब शुरू करेंगे छोटे और मोटे अनाज का भोजन

कुछ ही दिन पहले हिंद महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के त्रिवेणी संगम पर स्थित कन्याकुमारी के स्वामी विवेकानंद परिसर के विशाल सभागार में आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 'इंटरनेशनल आयुष समिट' का तीन दिवसीय आयोजन हुआ था, जिसका 'की नोट स्पीच' मैंने दिया था और समारोह का उद्घाटन केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किया था। मेरा पूरा व्याख्यान रोगों से बचाव में छोटे और मोटे अनाज यानी मिलेट्स की उपयोगिता को लेकर ही था। मैंने उपस्थित सैकड़ों डॉक्टरों और विभिन्न मेडिकल कॉलेज के छात्रों से यही कहा कि आप अच्छे डॉक्टर मात्र बड़ी कंपनियों की अच्छी और महंगी दवाइयां लिखने भर से नहीं कहे जाएंगे, बल्कि अच्छे डॉक्टर बनने के लिए आपको अपने मरीजों को यह भी बताना होगा कि वे जिस रोग से ग्रसित हैं, वे रोग उन्हें हुए क्यों और उससे बचा कैसे जा सकता है।

यदि डॉक्टर रोगों की प्रतिरोधक क्षमता तैयार करने वाले छोटे और मोटे अनाजों के गुणों को ठीक से समझ लें तो उनका, उनके मरीजों का और पूरे समाज को भारी फायदा होगा। छोटे और मोटे अनाज सिर्फ प्रोटीन और फाइबर ही नहीं देते बल्कि, खाने वाले को शरीर में उत्पन्न हो रहे रोगों का निदान भी करते हैं क्योंकि, मोटे और खासकर छोटे अनाज के फाइबर (रेशे) मानव शरीर की सभी प्रमुख अंगों के कोशिकाओं या सेल्स को साफ भी करते हैं। यदि आप हाल के दिनों में दिल्ली गए हों तो देखेंगे कि राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के बहुत से बड़े-बड़े दफ्तर निर्माण भवन, शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन आदि भवनों से चलते हैं।



**लेखक : आरके सिन्हा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जाहिर है, जहां पर हजारों मुलाजिम काम करेंगे और रोज सैकड़ों बाहरी लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा, वहां पर कैंटीन तो होगी ही, पर निर्माण भवन की कैंटीन ने अपने को बदला है। वहां पर अब मोटे और छोटे अनाज से तैयार होने वाले पकवान भी परोसे जाने लगे हैं। हालांकि पिछले सात दशकों से यहां मात्र गेहूं और मैदे की बनी पकवानें ही मिला करती थीं। यह एक तरह से यह वर्तमान मोदी सरकार की संकल्प शक्ति और दृढ़ इच्छा का ठोस संकेत है कि चालू वर्ष 2023 को चूंकि विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया गया जिसने मोटे और छोटे अनाज के प्रति जागृति पैदा की। अत: खान-पान में एक व्यवहारिक बदलाव की शुरुआत हुई और कोशिश यही रही कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष नाम भर का नहीं रह जाए। इसका प्रस्ताव भारत ने ही दिया था और भारत के इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 मार्च 2021 को अपनी स्वीकृति दे दी थी। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मोटे और छोटे अनाज के उत्पादन और खपत के प्रति जागरूकता पैदा करना ही था ।

दरअसल मोटे और छोटे अनाजों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि से भरपूर इन अनाजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), मक्का, जौ, कोदो, सामा, सांवा, कंगनी, कुटकी चीना आदि जिसे लघु धान्य या 'श्री धान्य' या 'श्री अन्न' भी कहा जाता है, मोटे और छोटे अनाज की श्रेणी में आते हैं। लघु धान्य या कुटकी, कांगनी और सांवा जैसे अनाज मिलेट्स यानी छोटे अनाज होते हैं।

इनका सेवन करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है, कैल्शियम की कमी से बचाव होता है, ज्यादा फाइबर होने से पाचन दुरुस्त रहता है, वजन कंट्रोल होने लगता है, दुबले-पतलों का वजन कुछ बढ़ जाता है तो ज्यादा वजन वालों का घट कर बीएमआई. (बॉडी मास इंडेक्स) के स्तर पर घट जाता है। एनीमिया का खतरा कम होता है, यह डायबिटीज तथा दिल के रोगियों के लिए भी यह उत्तम माना जाता है। जब इन दोनों रोगों की चपेट में लगातार लोग आ रहे हैं, तब छोटे और मोटे अनाज का सेवन संजीवनी बूटी का काम कर सकता है। शादियों के सीजन में तो हर रोज भारी संख्या में विवाह हो रहे हैं। आपको भी विवाह समारोहों में भाग लेने के निमंत्रण मिल ही रहे होंगे। अगर विवाह के कार्यक्रमों में भी छोटे और मोटे अनाज से तैयार कुछ व्यंजन अतिथियों को परोसे जाएं, तो यह एक शानदार पहल होगी। आखिर हम कब तक वही खाएंगे, जो खाते चले आ रहे हैं और बीमार पड़ते चले जा रहे हैं। आज विश्व भर में सारी बीमारियों की जड़ गेहूं है। मैं सलाह देता हूं कि पाठक गूगल पर सर्च करके एक पुस्तक 'वीट बेली' यानी 'गेहूं की तोंद' नामक पुस्तक को डाउनलोड कर लें जिसने पूरे अमेरिका और यूरोप में तहलका मचाया हुआ है।

'वीट बेली' अमरीकी वैज्ञानिकों द्वारा शोध के उपरांत तैयार एक ऐसी पुस्तक है, जिसमें यह सिद्ध किया गया है कि गेहूं में पाया जाने वाला 'ग्लूटेन' नाम का रसायन डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मानसिक बीमारियों के साथ-साथ मोटापे की भी मुख्य वजह है। गेहूं छोड़िए और वजन घटाइए। अभी हम जिस गेहूं से पका हुआ भोजन कर रहे हैं, उससे हमारी सेहत बिगड़ रही है। देखिए अब देश वासियों को अपनी जुबान से ज्यादा अपनी सेहत पर तो ध्यान देना ही होगा। वह तब ही संभव है, जब हम छोटे और मोटे अनाज को अपने भोजन का हिस्सा बनाने लगेंगे। अब इस लिहाज से देरी करने का समय नहीं रह गया है। देरी से नुकसान ही होगा। देरी छोड़िये, अपना स्वास्थ्य सुधारिए!

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बिहार में गुणवत्ता व निगरानी के अभाव में ढह रहे हैं पुल

हाल ही में बिहार में जिस तेजी से पुल ढह रहे हैं, उससे पुल निर्माण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक में कमी का संकेत मिलता है। मानसून के मौसम में पानी के तेज बहाव के कारण पुल खराब हो रहे हैं। नए पुल में गुणवत्ता की कमी है और पुराने पुलों की कभी मरम्मत नहीं की गई, जिस कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। पुल एक जटिल ओवरपास संरचना है, जिसमें पुल के डेक, गर्डर, पियर्स और बियरिंग जैसे विभिन्न तत्व शामिल हैं, जो यातायात को नदियों, घाटियों, निचली भूमि या सड़कों से गुजरने में सक्षम बनाते हैं। डिजाइन और निर्माण तकनीक में प्रगति के साथ, पुल की संरचनाएं बड़ी होती जा रही हैं, लेकिन वे अभी भी निर्माण के दौरान या कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों के लंबे समय तक संपर्क में रहने से क्षतिग्रस्त होने की चपेट में रहने से हैं। परिवहन नेटवर्क में पुल सबसे महत्वपूर्ण संरचनाओं में से एक हैं। कोई नहीं जानता कि पुलों की अवधारणा वास्तव में कैसे शुरू हुई, लेकिन प्रारंभिक मनुष्यों ने भौगोलिक बाधाओं को पार करने के लिए गिरे हुए पेड़ों, सीढ़ियों के पत्थरों और अन्य प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाली सामग्रियों का उपयोग किया। प्रबलित का उपयोग संभवत: 1870 के दशक में शुरू हुआ, जब लोहे को एंबेडेड किया गया था, लेकिन 20वीं सदी के पहले दशक तक सुदृढीकरण, किया गया था फिर कोड के अनुसार पुल में सुरक्षित परिवहन प्रदान करने के लिए उनमें सुधार किया जाता है। नतीजतन, अचानक ढहने से काफी नुकसान हो सकता है। इसके अलावा, लंबे समय तक सेवा में रहने वाले पुल की संरचनाएं कठोर बाहरी परिस्थितियों के संपर्क में रहती हैं, जिससे वे क्षतिग्रस्त होने और अचानक ढहने की संभावना बढ़ती है, इसलिए विनाशकारी सुरक्षा निरीक्षणों के माध्यम से प्रत्येक पुल की स्थिति और सुरक्षा स्तर का नियमित रूप से आकलन करना आवश्यक है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ऊंचाई बढ़ने के साथ प्रबलित कंक्रीट पुलों में पोस्ट-टेंशनिंग बल में कमी से टेंडन में शेष बल का अनुमान लगाने में चुनौतियां आती हैं। पीजोइलेक्ट्रिक पैच का उपयोग अवशिष्ट पोस्ट-टेंशनिंग बल का अनुमान लगाने की एक विधि है। इसमें एंकर लॉक पर दो पैच लगाना और फिर आठ चरणों में टेंडन को टेंशन देना शामिल है। प्री-टेंशनिंग और पोस्ट-टेंशनिंग कंक्रीट पुलों में टेंडन पर तनाव लगाने के दो तरीके हैं, जिसमें एंकरेज सिस्टम जैसे कि वेज, बेयरिंग प्लेट और ग्राउट कनेक्शन तनाव को स्थानांतरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन घटकों की निगरानी तनाव बलों से होने वाले नुकसान का अनुमान लगाने में मदद कर सकती है।

तन्यता बल को मापने के पारंपरिक तरीके, जैसे कि प्रकाश परीक्षण, समय लेने वाले और महंगे हैं। ब्रिज की प्राकृतिक आवृत्ति और तनाव बल के बीच संबंध स्थापित करने से कंपन विश्लेषण के माध्यम से तनाव बल का अनुमान लगाने में मदद मिल सकती है। लोचदार बल, लोचदार तरंग वेग और लोचदार मापांक के बीच एक संबंध है, जो दर्शाता है कि लोचदार बल में वृद्धि के साथ तरंग वेग गैर-रैखिक रूप से बढ़ता है। पुल का डिजाइन बनाते समय, केवल निर्मित पुल के व्यवहार और साइट पर विशिष्ट ट्रैफिक का पूर्वानुमान लगाया जाता है। लोड और प्रतिरोध कारक डिजाइन विनिर्देश हैं, जो कठोरता और ताकत के कई माध्यमिक स्रोतों की उपेक्षा करते हैं। पुलों का डिजाइन बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन लोड के दौरान पुल की निगरानी करना ट्रैफिक पर डेटा एकत्र करने के लिए सबसे अच्छा मॉडल प्रदान करता है

ब्रिलौइन ऑप्टिकल टाइम डोमेन एनालिसिस सेंसिंग तकनीक अत्यधिक क्वांटाइज्ड कंसेंट्रिक बीम में गर्मी के नुकसान की व्यापक निगरानी को सक्षम बनाती है। धारा के किनारे वैकल्पिक स्थलों पर मिट्टी और उप-मिट्टी की स्थिति भिन्न हो सकती है। तकनीकी व्यवहार्यता के अलावा, सौंदर्य और लागत जैसे कारक भी साइट के चयन में भूमिका निभा सकते हैं। समाज के सामाजिक और राजनीतिक पहलुओं पर भी उचित विचार किया जाना चाहिए। शहरी क्षेत्रों में आमतौर पर डिजाइन प्रदान नहीं किए जाते हैं, जहां कई विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं और साइट अक्सर नियमित होती है।

साइटों के विकल्पों को नियोजित या अनियोजित के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। पुल निर्माण में आदर्श विशेषताओं वाली साइटें, जैसे कि नदी तक सीधी पहुंच, दृढ़ तट, उच्च बाढ़ के स्तर के लिए उपयुक्त उच्च स्तर के तट और सीधी सड़क संरेखण के निकट चुनी जाती हैं। नदी के तल के पास चट्टानों या कठोर अपरदनशील परतों, आर्थिक विचार, मोड़ की अनुपस्थिति को देख कर डिजाइन किया जाता है, इसके साथ पुल इंजीनियर को उस नदी के बारे में गहन अध्ययन करना जरूरी होता है, इसमें नदी प्रशिक्षण कार्यों और अतिरिक्त जल संचय से ब्रिज को बचाने की क्षमता जैसे कारकों पर विचार करना महत्वपूर्ण है। निर्माण संबंधी गलतियों, हाइड्रोलिक समस्याओं, टकरावों और अतिभार के साथ-साथ डिजाइन संबंधी खामियां भी पुल की विफलता का प्रमुख कारण हो सकती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### श्री मूल माहूंनाग का 17 को मनाया जाएगा प्रकटोत्सव



**पीयूष शर्मा, करसोग।** श्री मूल माहूंनाग महाराज को क्षेत्र के लोग महाभारत समय के श्री कर्ण महाराज के रूप में पूजते हैं, जो सूर्य पुत्र हैं, जिन्होंने द्वापर युग में पांडवों के विरुद्ध युद्ध किया था। कहा जाता है कि माहूंनाग की उत्पत्ति यहां के एक गांव शैब्दल गांव में हुई थी। जब एक किसान खेत में हल जोत रहा था तो अचानक एक जगह आकर हल जमीन में फंस गया। किसान द्वारा मिट्टी हटाकर देखा गया, तब वहां एक मोहरा (पत्थर की मूर्ति) निकला, उसे बाहर निकालने का प्रयास हुआ, मगर जैसे ही मोहरा बाहर आया, तो वह वहां से उड़ गया और बखारी में स्थापित हो गया, जहां वर्तमान में मूल माहूंनाग का मंदिर विद्यमान है। मंदिर के गुर काहन चंद शर्मा बताते हैं कि श्री मूल माहूंनाग राजा कर्ण का जन्मदिन 17 व 18 जुलाई को मंदिर परिसर में मनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### इग्नू में 15 तक बढ़ाई प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन तिथि

**अनिल, मंडी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन तिथि को 15 जुलाई तक बढ़ा दिया है। इग्नू अध्ययन केंद्र मंडी के समन्वयक डॉ. राजकुमार ने यह जानकारी दी है। इग्नू अध्ययन केंद्र मंडी के समन्वयक डॉ. राजकुमार ठाकुर ने कहा कि इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए व अगली कक्षा में पुनः पंजीकरण करने के लिए 15 जुलाई की तिथि को निर्धारित किया गया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नौकरी पेशा, सैनिकों, ग्रहिणियों महिलाओं व निजी व्यवसाय चलाने वाले देश के नागरिकों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने का बेहतरीन प्लेटफार्म है।

### हेड कांस्टेबल ताराचंद ने 26वीं बार किया रक्तदान




**उमेश, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के भौण में स्थित शीतला माता मंदिर के प्रांगण में हिमालयन ब्लड डोनर्स ने 75वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें महादेव के सशस्त्र सीमा बल 73वीं बटालियन अरुणाचल प्रदेश में तैनात हेड कांस्टेबल ताराचंद ने 26वीं बार रक्तदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और स्वस्थ युवाओं को अवश्य रक्तदान करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### राकेश ने सोने का लॉकेट वापस कर दिखाई ईमानदारी

**ठाकुर, पधर।** उपमंडल पधर के आकाश वर्मा की ज्वैलरी कहीं खो गई थी जो उन्हें आज एक साल बाद फिर वापस मिल गई है। नेशनल हाइवे 154 मंडी पठानकोट पर बैजनाथ के पास हाईवे डिनर फूड ट्रक के नाम से फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले राकेश बिष्ट ने ईमानदारी की मिशाल पेश की है। आकाश वर्मा ने बताया कि एक साल पहले जब में अपने घर पधर से कांगड़ा जा रहा तो फूड ट्रक पर रुके तो सोने का लॉकेट राकेश बिष्ट की दुकान में गिर गया। जब दूसरी बार एक साल के बाद फिर उसी दुकान में रुके तो दुकान के मालिक राकेश बिष्ट ने आकाश वर्मा को उनका लॉकेट लौटा कर ईमानदारी पेश की है। (अनंत ज्ञान)

### भारी बारिश व लैंड स्लाइड से घर में घुसा मलबा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** बरसात शुरू होते ही बरसात में कहर बरफाना शुरू कर दिया है जोगिंदरनगर उपमंडल में भी ऐसे ही हालत देखने को मिल रहे हैं जोगिंदरनगर की अनु राठौर का कहना है कि वह ग्राम पंचायत टिकरू के वार्ड नंबर 5 चांदनी की स्थाई निवासी है रात भारी बारिश के चलते करीब 11 बजे लैंडस्लाइडिंग होने के कारण उनके घर में चारों और मलबा हो गया है जिससे घर को काफी नुकसान पहुंचा है उन्होंने बताया कि वह पूरी रात से मलबे को हटाने में लगे हुए हैं उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

# रथ पर सवार होकर भक्तों से मिलने शहर पहुंचे भगवान जगन्नाथ

## बड़े भाई बलराम व बहन सुभद्रा ने भी दिए दर्शन



भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा।

**अनिल शर्मा, मंडी**

आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को छोटी काशी में भगवान जगन्नाथ अपने संसार रूपी परिवार से मिलने के लिए रथ पर सवार होकर निकले और अपनी मनमोहक नेत्रों से सभी भक्तों को देखा। पड्डल स्थित मंदिर से अस्थाई रथ पर विराजमान होकर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ स्थापयकाल पथ से होकर पुराने बस स्टैंड पहुंची, जहां से गांधी चौक होते हुए चौहाटा और फिर भूतभावन भूतनाथ के प्रांगण से होते हुए शहर की परिक्रमा कर पुनः पड्डल पहुंची, जहां जगन्नाथ भक्तों ने पुनः अपने आराध्य के प्रसन्न मुद्रा में दर्शन किए।

सैकड़ों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खींच कर अपने मानव जीवन को धन्य किया। मंदिर के पुजारी वेद दास शर्मा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की महिमा अपरंपार है और इनके बारे में मान्यता है कि जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ, बिन भागे मिलता नहीं जगन्नाथ का भात।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर भगवान अपने संसार रूपी परिवार से मिलने रथ पर सवार होकर निकलते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति भगवान के रथ को खींचता है या उनके उत्सव में भाग लेता है उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। (अनंत ज्ञान)



एक बालक प्रतिमा को उठाए हुए।

## सुंदरनगर रथयात्रा में सैकड़ों लोगों ने भगवान जगन्नाथ का लिया आशीर्वाद

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

ऋषि-मुनियों और देवी-देवताओं की पावन धरा सुंदरनगर में रविवार को वर्षों पुरानी भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के आयोजन से भक्तिमय हो गई। इस अवसर पर जिला के प्राचीन भगवान जगन्नाथ, बलीभद्र और मां लक्ष्मी अपने श्रद्धालुओं से रू-ब-रू हुए। सुंदरनगर के हंडेटी स्थित जगन्नाथ मंदिर से पुराना बाजार और बीएसएल कॉलोनी होते हुए जंगमबाग तक निकली रथयात्रा में सैकड़ों लोगों ने भागीदार बन कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

हंडेटी से जंगमबाग तक निकली इस भव्य रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ स्वामी के साथ बलीभद्र और मां लक्ष्मी भी साथ रहे। इस दौरान भक्तों द्वारा विभिन्न स्थानों पर रथयात्रा में शामिल लोगों का जलपान और मिठाइयों के साथ आदर सत्कार भी किया गया। जंगम बाग में एक दिन का विश्राम करने के बाद मंगलवार को विशाल भंडारे के बाद भगवान जगन्नाथ, बलीभद्र और मां लक्ष्मी संग वापस हंडेटी मंदिर में वापस लौट जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



सुंदरनगर में रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालु।

## नहीं हो पाया झंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भूर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झंगी का निर्माण कार्य पिछले लगभग अढाई वर्षों से लटका हुआ है।

इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व तत्कालीन धर्मपुर से विधायक व प्रदेश सरकार में कद्दावर मंत्री रहे महेंद्र सिंह ठाकुर ने 29 नवंबर 2021 को किया था और उसके पश्चात इसका भूमि पूजन पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने शिलान्यास के लगभग तीन माह बाद 16 फरवरी 2022 को किया था उसके बाद यहां पर भूमि को समतल करने सुरक्षा दीवारें लगाने का कार्य शुरू हुआ था, लेकिन यह कार्य आधी अधूरी सुरक्षा दीवारें लगाने तक ही सीमित रह गया और यहां पर ना ही भवन का निर्माण कार्य शुरू हो पाया।

लोगों का कहना है कि इतना समय बीतने के बाद भी भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। लोगों में पवन कुमार भरमौरिया, धर्मचंद, प्यार चंद, अशोक कुमार, भूरी सिंह, लाभ सिंह, प्रमिला देवी, जोगिंदर धलारिया, सुमन कुमार, खजान सिंह, अक्षर सिंह, रोशन लाल, ख्यालीराम, दीपचंद आदि ने सरकार व विभाग से इस भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का आग्रह किया है। वहीं लोक निर्माण विभाग मंडल धर्मपुर के अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा से संपर्क नहीं हो पाया। (अनंत ज्ञान)

> इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य लगभग 2 करोड़ 8 लाख रुपए में प्रस्तावित है और पीडब्ल्यूडी विभाग को इस कार्य को करने के लिए 26 लाख रुपए दे दिए गए थे, लेकिन उन्होंने अभी तक भूमि को समतल करने व डंगे लगाने के लिए साढ़े दस लाख रुपए ही खर्च किए हैं और आगे का कार्य भी नहीं शुरु किया हुआ है जिस कारण यह निर्माण कार्य रुका पड़ा है।
> **-डॉ. नरेंद्र भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी।**

## जोगिंद्रनगर में हुई दो चोरियां

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की दारट बगला पंचायत के मझवाड गांव में चोरों ने चोरी की एक साथ दो घटनाओं को अंजाम दिया। चोरों ने मझवाड की बीना देवी पत्नी होशियार के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए 2 लाख के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। जबकि दूसरी वारदात के तहत चोरों ने विजय कुमार के घर की ग्रिल तोड़कर घर में घुस कर अंदर सभी अलमारी तथा बेड वाक्स को तोड कर करीब एक लाख के गहनों को चुरा लिया उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। थाना प्रभारी मुंशी चंद ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आकर्षक कलाकृतियों को लगा हरे घास का ग्रहण

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

सेरी व चौहट्टा बाजार की ओर से उपायुक्त कार्यालय को जाने वाली सड़क पर ऐतिहासिक इमर्शन भवन के नीचे लकड़ी पर नकाशी से बनाई गई कलाकृतियां नगर निगम की उपेक्षा का शिकार हो रही हैं। घास व छोटे पेड़ पौधे उग आए हैं। इसके ऊपर धूल मिट्टी व बाहरी वातावरण का प्रभाव कम करने के लिए पारदर्शी धातु की शीशानुमा चादर लगाई गई है। इससे इन कलाकृतियों को बाहरी सुरक्षा तो मिल गई लेकिन जैसे ही बरसात का आगमन हुआ तो शीशे के भीतर ही हरी हरी घास और छोटे-छोटे पेड़ पौधे उग आए हैं। उप महापौर व वार्ड पार्षद माधुरी कपूर ने कहा कि शिवरात्रि के दौरान इन कलाकृतियों को सही तरीके से स्वच्छ बनाया गया था, अब भी बरसाती घास से इन कीमती नकाशी को शीघ्र मुक्त किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



## 7 दशक बाद भी पक्की नहीं हुई तेबन सड़क

**पीयूष शर्मा, करसोग**



आजादी के 7 दशक बीतने पर भी तेबन पंचायत के लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे हैं। सरकार हजारों लोगों वाले इस गांव में पक्की सड़क निर्माण कर लिंक रोड से जोड़ने की बात करती है, लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ नहीं दिखा है। करसोग में आज तक ऐसा सशक्त नेतृत्व मिला ही नहीं, जो क्षेत्र के विकास की इबारत लिख पाता।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि से बात कर सड़क को पक्की कराने की बात कही है, ताकि वहां के लोग प्रखंड मुख्यालय, मुख्यालय, बाजार व अस्पताल से जुड़ सकें। लोगों में राहुल, लक्की, सोनू, मनु, प्रवीण, शुभम ने कहा कि हमारे साथ सरकार, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने लगभग 5 किलोमीटर सड़क पक्का निर्माण की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## कंपनी की लापरवाही से उजड़े दो सैनिकों के घर

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



सैनिक के परिजन जानकारी देते हुए।

चोलथरा ग्राम पंचायत के बासी गांव में पूर्व सैनिक सुबेदार श्रवण कुमार और वर्तमान में सेना में सेवारत उनके एक बेटे संजय कुमार और दूसरे बेटे राजीव कुमार सहित तीन परिवारों को राष्ट्रीय उच्च मार्ग का निर्माण कर रही कंपनी की कार्यप्रणाली ने उजाड़ दिया है।

कंपनी की लापरवाही और मनमर्जी तथा प्रशासन की अक्षमता के कारण तीन परिवार बेघर हो गए हैं और पचास लाख रुपए से भी अधिक लागत से बनाए मकान को अब पांच दिन से खाली करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन इस कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई करने में असहाय साबित हो रहा है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और किसान सभा के करतार सिंह चौहान व अन्यों ने मौके पर जाकर इन तीन परिवारों से मुलाकात की। भूपेंद्र ने बताया कि सूबेदार श्रवण ने अब तक छह बार इसके बारे सूचित किया है। सबसे पहले 17 अगस्त को पत्र लिखकर कर प्रशासन को सूचित किया था और आखिरी बार 15 मई को लिखित में एसडीएम को सूचित किया था कि कंपनी द्वारा की जा रही कटिंग से उनके मकान को खतरा पैदा हो गया है। वहीं विधायक से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि वे मुख्यमंत्री की पत्नी और हमीरपुर सीट पर पार्टी उम्मीदवार के चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और उसके बाद ही प्रभावितों की सुध ले पाएंगे।

## सेब उत्पादक संघ मांगों को लेकर 26 को करेगा प्रदर्शन



सेब उत्पादक संघ लोकल कमेटी बालीचौकी के सदस्य बैठक करते हुए।

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

सेब उत्पादक संघ लोकल कमेटी बालीचौकी की बैठक ओमचंद की अध्यक्षता में पंजाई में हुई। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा भी उपस्थित रहे। महेंद्र ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों की वजह से आज सेब की खेती घाटे का सौदा बन गई है। बागवान आने वाले 26 जुलाई को बालीचौकी में प्रदर्शन करेंगे तथा मांग पत्र बागवानी मंत्री को उपमंडल अधिकारी नागरिक बालीचौकी के माध्यम से मांग पत्र सौंपेगी। निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई से पहले सेब उत्पादक संघ लगभग 5 हजार सदस्यता करेगी और हर बागबान को सेब उत्पादक संघ का सदस्य बनाएगी। (अनंत ज्ञान)

## हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक 9 को

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह जोगिंद्रनगर में 9 जुलाई को संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी जिसमें संघ की विभिन्न गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा अभी हाल ही में 22 जून को पनारसा औट में संपन्न हुई। महासचिव रमेश ने सभी पेंशनरों भाइयों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

## प्रशिक्षणार्थियों ने चंद्रधर की जयंती पर दिखाई प्रतिभा

**अनिल शर्मा, मंडी**



प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देते हुए।

भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला मंडी द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बगस्याड मंडी में विश्व विख्यात साहित्यकार चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती भाव और भव्य पूर्ण तरीके से मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया तथा इस पावन अवसर पर जिला भाषा अधिकारी जिला मंडी द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को संचालित किया गया, जिसमें संस्थान के विभिन्न ट्रेड्स के 24 प्रशिक्षणार्थियों ने 12 टीमों के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हिंदी व्याकरण तथा हिमाचल की संस्कृति के ज्ञान को लेकर थी। इस मौके पर विशेष रूप से संस्थान के समूह अनुदेशक नंद किशोर डोगरा, अनुदेशक वर्ग में तेज सिंह (मंच संचालक), बलदेव चंद, नरेश शर्मा, महेंद्र सिंह, रवि धीमान, प्रेम सिंह, घनश्याम, बृजेश कंवर, राजो देवी विमला देवी, तारा देवी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## 15 वर्ष बाद भी शारीरिक शिक्षक पदोन्नति से वंचित : ललित चौहान

**अनिल शर्मा, मंडी**

हिमाचल प्रदेश राजकीय शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ललित चौहान ने कहा कि पीटीआई भर्ती और डीपीई प्रमोशन केस पर पिछले चार सालों से स्टे लगा हुआ है। संघ मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से आग्रह करता है कि इन दोनों केसों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया जाए।

संघ का कहना कि सरकार के संबंधित अधिकारी अपना पक्ष माननीय उच्च न्यायालय में रख नहीं पाए हैं, जिस कारण सुनवाई नहीं हो पाई है। 15 वर्ष का कार्यकाल बीतने के बाद भी शारीरिक शिक्षक पदोन्नति से वंचित हैं। पीटीआई भर्ती केस की सुनवाई 13 अगस्त को है, इस केस में भी पिछले चार सालों से स्टे लगा हुआ है। स्कूलों में सबसे ज्यादा पद पीटीआई और डीपीई के रिक्त हैं। बच्चे बिना खेल प्रशिक्षक के ही खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने को मजबूर हैं। संघ सरकार से मांग करता है कि शारीरिक शिक्षक वर्ग की भर्ती और डीपीई प्रमोशन केसों को जल्दी सुलझाने का प्रयास किया जाए।

## विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण बचाओ का संदेश

**अनिल शर्मा, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी द्वारा वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राथमिक पर्यवेक्षिका मैडम नीना कपूर ने बताया कि यह वन महोत्सव विद्यालय के प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा इंदिरा मार्केट के संकन गार्डन में आयोजित किया गया।

प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। वन महोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उपलक्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने संदेश में सभी दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य केएस. गुलेरिया अन्य अतिथियों में राजेश्वरी सिंह, वंदना कपूर, नीना कपूर, सीमा कपूर सहित विद्यालय के सभी अध्यापक व प्राध्यापक वर्ग, अभिभावक वर्ग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



प्रस्तुति देते विद्यार्थी व मौजूद दर्शक और अन्य।

**सुविधा** | एचआरटीसी ने करसोग में यात्रियों को उपलब्ध करवाई कैशलेस भुगतान की सुविधा

## ई-टिकट मशीन से यात्री कर रहे ऑनलाइन किराये का भुगतान

**अनिल शर्मा, मंडी**

राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं राज्य के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा प्रदान करने और उनके सफर को आसान बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने हाल ही में निगम की बसों को कैशलेस कर दिया है।

एचआरटीसी की बसों में यात्रा करने वाले यात्री बसों में अब नगद किराए के स्थान पर ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं। राज्य सरकार की ओर से निगम की बसों में प्रदेश भर में शुरू की गई ऑनलाइन बस किराया भुगतान सुविधा को अब निगम के करसोग डिपो में भी लागू कर दिया गया है, जिससे निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को यात्रा के दौरान बस किराए की अदायगी करना आसान होने के साथ-साथ, बकाया राशि वापस लेने या फिर खुले पैसों देने की चिक-चिक से भी छुटकारा मिला है। (अनंत ज्ञान)



### 50 ई-टिकट मशीन करवाई उपलब्ध

**ऑनलाइन** बस किराया भुगतान सुविधा के लिए एचआरटीसी की ओर से करसोग डिपो को लगभग 50 ई-टिकट मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं, जिनमें क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन किराया भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध है। परिचालकों ने इन मशीनों का प्रयोग करना शुरू भी कर दिया है। इन मशीनों से यात्रियों को कैशलेस भुगतान की सुविधा मिलने लगी है। अब निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अपने साथ पैसे लेकर चलने की आवश्यकता भी नहीं है।

### क्या कहते हैं युवा

**निगम** के करसोग स्थित बस अड्डा से यात्रा करने वाले यात्री ई-टिकट मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान की सुविधा मिलने से बहुत खुश है। यात्री राजकुमार, घनश्याम, परस राम, युवराज इत्यादी ने बताया कि पहले उन्हें अपने साथ पैसे लेकर चलना पड़ता था और कई बार यदि उनके पास छूटे पैसे नहीं होते थे, तो उन्हे बस किराया वहन करने में काफी परेशानी उठानी पड़ती थी।

अब निगम की बसों में ई-टिकट मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान की सुविधा शुरू होने के बाद इस समस्या से छुटकारा मिला है।

### कैशलेस भुगतान सुविधा का यात्री उठा रहे लाभ : क्षेत्रीय प्रबंधक

**क्षेत्रीय** प्रबंधक करसोग डिपो हुमेश कुमार ने बताया कि बस अड्डा करसोग से विभिन्न रूटों पर चलने वाली लगभग 50 बसों में ई-टिकट मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान की सुविधा को शुरू किया गया है, जिसका लाभ इन बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को मिलना शुरू हो गया है।

यात्रियों के लिए कैशलेस भुगतान की सुविधा आरंभ की गई है इसका यात्री लाभ उठा रहे है।

## गाली-गलौज व अश्लील शब्द बोलने वाले पर मामला दर्ज

**पीयूष शर्मा, करसोग।** करसोग में मोबाइल पर फोन करके गाली-गलौज करने के मामले में एक अनजान व्यक्ति पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता रेखा देवी पत्नी चमन लाल गांव थली ने आरोप लगाया कि एक अनजान व्यक्ति ने उसके मोबाइल नंबर पर फोन मिलाकर उसे गाली-गलौच किया तथा जाति सूचक, अश्लील शब्दावली का भी प्रयोग किया।

शिकायतकर्ता ने इस संबंध में मामला दर्ज करवाया है। वहीं खबर की पुष्टि मंडी के ए.एस.पी सागर चंद्र ने की। उन्होंने बताया कि अनजान आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## ममता कपूर बनी नगर परिषद जोगिंद्रनगर की अध्यक्ष



नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर व उपाध्यक्ष अजय धरवाल वार्ड सदस्य राजीव कुमार और शीला चुनाव के बाद सामूहिक चित्र में।

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

नगर परिषद जोगिंद्रनगर में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें ममता कपूर को अध्यक्ष चुना गया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं 2021 में भी नगर परिषद की अध्यक्ष रही, लेकिन कुछ लोगों की कुटिल नीतियों के कारण उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि ऐसा सदियों से चला रहा है और यह कोई नहीं बात नहीं है। नगर परिषद जोगिंद्रनगर में अब तक जो घोटाले हुए हैं अब वह नहीं होंगे। स्थानीय विधायक प्रकाश राणा ने भी उन्हें आश्वासन दिया है कि आने वाले समय में नगर परिषद के लिए कोई बजट की कमी नहीं आने देंगे और मिलजुल कर नगर परिषद के कार्यों को अंजाम देंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### धर्म की रक्षा के लिए भगवान ने लिया अवतार : शास्त्री



भागवत कथा में बाल रूप में भगवान कृष्ण बना बच्चा आचार्य शिव कुमार शास्त्री की गोद में।

**विवेक शर्मा, अंब।** जब जब भी धरती पर आसुरी शक्ति का अत्याचार बढ़ा है, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर श्रीमद् चौकीमन्यार में संतोष कौशल की ओर से आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने सुनाया। कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर समूचा पंडाल खुशी से झूम उठा। मौजूद श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण के जयकारे के साथ झूमकर श्री कृष्ण जन्म की खुशियां मनाईं। कथा सुनने नगर व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### पीएम की प्रेरणा पर किया पौधरोपण अभियान शुरू



पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते संगठन के लोग।

**विवेक शर्मा, अंब।** गगरेट उपमंडल के गांव भद्रकाली में रविवार को ईआरडी केयर फाउंडेशन के संस्थापक संजीव भारद्वाज ने अपनी संस्था मानव सेवा अभियान के तहत आज पौधरोपण का अभियान बड़े स्तर पर शुरू किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा था कि एक पौधा अपने मां पिता की याद में लगाएं। इसी से प्रेरित होकर हमने आज पौधरोपण अभियान की शुरुआत की है और हमारी संस्था ने पांच हजार औषधीय पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। भद्रकाली गांव और इसके आसपास के गांव के प्रत्येक घर को पौधरोपण अभियान के साथ जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था द्वारा दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों को संस्था द्वारा वहीलचैयर एलवो करच और वाकर भी उपलब्ध करवाए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंबोटा के युवाओं ने पेड़ लगाने का दिया संदेश



**सन्नी पुरी, गगरेट।** भारत में प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या महज 28 ही है। ऐसे में तापमान में वृद्धि के साथ मौसम चक्र में बदलाव क्यों न हो। भले ही अभी हम पेड़ों के महत्व के प्रति सजग नहीं हैं लेकिन अब भी न चेते तो आने वाली पीढ़ियों के लिए यह खतरे की घंटी से कम नहीं है। विकास खंड गगरेट के अंबोटा गांव के युवाओं ने प्रकृति के महत्व को समझा है। पहले प्रचंड गर्मी के बीच प्यासे घूम रहे जंगली जानवरों के लिए जंगल का तालाब भरा और अब बरसात के मौसम में इस तालाब को हरा भरा बनाने का बीड़ा उठाकर पौधारोपण अभियान को धरातल पर उतार रहे हैं। राजीव ठाकुर अपने साथियों के साथ जंगली जानवरों को प्राकृतिक वास को और घना करने में जुटे हैं। बरसात के इस मौसम में राजीव ठाकुर व उनके साथी जंगल के उसी तालाब के पास नीम, आंवला, शीशम जैसे पोधे लगा रहे हैं ताकि बिगड़ रहे प्राकृतिक संतुलन को फिर से स्थापित कर सकें। रविवार को यहां जेसीबी से जमीन समतल कर पौधे लगाने में जुटे रहे। (अनंत ज्ञान)

### शिविर में सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**राजेश शर्मा, ऊना।** हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद द्वारा रोटरी क्लब ग्रेटर, इन्नर व्हील क्लब, गुरु का लंगर सेवा समिति ट्रस्ट, युवा सेवा क्लब व ऊना जनहित मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिला आर्युवेदिक अस्पताल ऊना में बहु विशेषज्ञ निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री ने किया, जबकि कार्यक्रम में विशिष्टातिथि के रूप में बाबा फरीद यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंस के पूर्व कुलपति व स्पाईन विशेषज्ञ डॉ. राज बहादुर उपस्थित हुए। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को घर-द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विशिष्टातिथि डॉ. राज बहादुर ने शिविर के आयोजन के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऊना में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका हमेशा सकारात्मक रही है। कार्यक्रम को हिमोत्कर्ष संस्था के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिविर में 450 के करीब रोगियों की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस दौरान सांसद मोबाइल स्वास्थय सेवा वाहन के माध्यम से रोगियों के विभिन्न टेस्ट भी किए गए।

**चिकित्सकों को किया गया सम्मानित:** शिविर में सेवाएं देने वाले डॉ.शिवपाल कंवर, एमडी आर्थो, डॉ. राहुल कौंडल एमडी मेडिसिन, डॉ. उमेश कुमार ईएनटी सर्जन, डॉ. विवभ गुलाटी आई सर्जन, डॉ. स्वींकी जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. आशना शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. राहुल राय जनरल सर्जन, डॉ. दिव्यांश शर्मा आर्थो विशेषज्ञ, डॉ. कपिल भरवाल दंत रोग विशेषज्ञ, फार्मेसी ऑफिसर नीरज, डॉ. शशांक कौशल, डा.मनु प्रिया,फार्मासिस्ट कुसुम लता,स्टाफ नर्स नीलम,एलटी वीरेंद्र,दिनेश कुमारी,राहुल व नीतिश को मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्रिहोत्री व विशिष्टातिथि डॉ.राज बहादुर ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

# चमयाड़ी गांव में तेंदुए की दहशत

## डर के साये में जी रहे लोग, वन विभाग को दी मामले की जानकारी



चमयाडी गांव के समीप घूमते हुए तेंदुए की वायरल तस्वीर

**विनोद शर्मा, लठियानी**

सोलहसिंगी धार की पंचायत चमयाड़ी में तेंदुए की आहट से लोगों में दहशत बनी हुई है। अभी तक यह तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। करीब पांच रोज पहले यह देखा गया था।

पांच दिन के बाद भी लोगों में तेंदुए को लेकर दहशत देखी जा रही है। तेंदुए की चहलकदमी करते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। खेतों में तेंदुए के पद चिन्ह मिले हैं। ग्रामीणों में तेंदुए की दहशत बरकार है।

बता दें कि पांच दिन से तेंदुआ जगह–जगह दिखाई दे रहा था। पांच दिन पहले क्षेत्र के सुखनेड़ा गांव में खेतों पर मजदूरी करने गए ग्रामीणों ने तेंदुए को जंगल में चहलकदमी करते हुए देखा था, जिस पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। उन्होंने गांव की और दौड़ लगा दी थी, जब तक अन्य ग्रामीण लाठी डंडे लेकर जंगल की ओर पहुंचे, तब तक तेंदुआ जंगल में दूर निकल चुका था। हालांकि, तेंदुए के पद चिन्ह मिले थे। इसकी सूचना ग्रामीणों को दी, जब तक अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक तेंदुआ वहां से जा चुका था। रविवार को मामले की सूचना वन विभाग को दी गई है। उधर, तेंदुआ देखे जाने से लोगों में अभी तक दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि तेंदुए का पकड़ने के लिए विभाग पिंजरा लगाए ताकि उनकी दहशत कुछ हद तक कम हो। (अनंत ज्ञान)

**लोगों ने वन विभाग से की पिंजरा लगाने की मांग**

# हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी का मथुरा जंक्शन तक हो विस्तार

## अरुण कौशल ने रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह को भेजा ज्ञापन

**राजेश शर्मा, ऊना**

भाजयुमो कार्यकर्ता अरुण कौशल द्वारा रेल राज्यमंत्री मंत्री को मेल भेजकर रेल विस्तार की मांग उठाई है। इसमें हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी का मथुरा जंक्शन तक विस्तार तथा नंगल डैम–अमृतसर और नंगल डैम–कोलकाता सुपर फास्ट एक्सप्रेस का अब अंदौरा तक विस्तार किए जाने की मांग की है।

इसके अलावा सप्ताह में एक दिन चलने वाली हजूर साहिब नांदेड़ रेलगाड़ी को सप्ताह में तीन दिन चलाने की मांग उठाई है, वहीं संगम एक्सप्रेस को ऊना हिमाचल तक विस्तार, दौलतपुर चौक व चुरारू टकारला स्टेशन पर दूसरे प्लेटफॉर्म का निर्माण व चंडीगढ़ जंक्शन–रूपनगर–ऊना हिमाचल रेललाइन का दोहरीकरण की भी मांग को प्रमुखता से रखा गया है।

अरुण कौशल ने कहा कि नंगल डैम–अमृतसर रेलगाड़ी का अंब अंदौरा तक विस्तार होने से श्री हरमंदिर साहिब जी व राधा स्वामी सत्संग ब्यास जी जाने वाले श्रद्धालुओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा, वहीं हिमाचल एक्सप्रेस का मथुरा जंक्शन तक विस्तार होने से भगवान कृष्णा जी के भक्त सीधे तौर पर जुड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि पहले उठाई कई मांगों पर भी काम चल रहा है। बीते वर्ष अरुण कौशल द्वारा ट्वीट करके ऊना हिमाचल के पहले प्लेटफार्म की लंबाई को बढ़ाने की मांग उठाई गई थी जिस पर रेलवे ने कार्य संपन्न किया है, वहीं जून में किऐ ट्वीट के बाद ऊना हिमाचल स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन के कार्य में भी तेजी आई है। मार्च माह में दौलतपुर चौक पर वाशिग लाइन को भी मंजूरी मिल चुकी है।

**होशियारपुर-गगरेट-अंब अंदौरा व जैजों दोआबा पोलियांबीत ऊना के बीच बिछे नई रेललाइन**

### पेड़ से लटका मिला बाहरी राज्य के युवक का शव, जांच शुरू

**सन्नी पुरी, गगरेट।** थाना गगरेट के तहत पिरथीपुर गुरा दी बड़ के पास एक 27 वर्षीय बाहरी राज्य से संबंधित युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अमरेश कुमार पुत्र न्यूनतन शाह निवासी आदि गोपालपुर जिला मुजफ्फरपुर विहार हाल रिहाईश पिरथीपुर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट पर मिक्सचर मशीन पर ऑपरेटर था।

शनिवार देर शाम साढ़े सात बजे पुलिस चौकी दौलतपुर चौक को जानकारी मिली कि पिरथीपुर गुरा दी बड़ के पास शहतूत के पेड़ में किसी युवक की लाश लटक रही है जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया गया। चौकी प्रभारी एएसआई अजीत सिंह का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी गई है। मृतक के स्वजनों को भी सूचित कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# कमर्शियल व्हीकल के टैक्स में छूट का किया स्वागत

## राज्य भर के कमर्शियल वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्टरों ने परिवहन मंत्री मुकेश का किया आभार व्यक्त

**राजेश शर्मा, ऊना**

मालवाहक वाहन और तमाम गुड्स, पब्लिक कैरियर परमिट धारक वाहन मालिकों को प्रदेश सरकार की ओर से बकाया टैक्स जमा कराने के लिए ऑफर दी गई है। इसमें विशेष छूट देने की घोषणा की गई और लागू भी हो गई। इसको लेकर राज्य भर के कमर्शियल वाहन मालिकों तथा ट्रांसपोर्टरों ने परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री का स्वागत किया है।

बता दें कि परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री जो राज्य के उपमुख्यमंत्री भी हैं, उनके पास ट्रांसपोर्टरों की बकाया टैक्स को लेकर एक समस्या रखी गई थी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में इस समस्या के निपटारे के लिए विभाग को निर्देश जारी किए थे। जिन वाहनों को तीन वर्ष बकाया टैक्स की पेंडेंसी थी, उनके साथ–साथ पुराने मामलों में टैक्स जमा कराने के लिए ब्याज में छूट देने का निर्णय लिया था। इससे राज्य के हजारों कमर्शियल वाहन मालिकों को लाभ होगा और राज्य का राजस्व भी बढ़ेगा। इस फैसले पर ट्रांसपोर्टर ऑपरेटर संगठन से जुड़े लोगों के साथ–साथ कमर्शियल वाहन मालिकों नरेश कुमार, नरेंद्र सैनी, विनोद कुमार, परवीन, अजय तथा राजेश कुमार आदि ने उपमुख्यमंत्री का आभार जताया है। उनका कहना है कि इस फैसले से अधिकांश ट्रक, टेंपो और ऐसे कमर्शियल वाहन मालिकों को लाभ होगा।

**अवसर का लाभ उठाकर पुराने वाहनों को बिना चिंता किया जा सकता है इस्तेमाल**

राज्य में जो गुड्स कैरियर परमिट धारक वाहन मालिक हैं, उनको यह राहत दी गई है। इस राहत के तहत एक मुश्त बकाया टैक्स जमा करवाने पर यह ऑफर दिया गया है। परिवहन विभाग की ओर से इस ऑफर के तहत जो वाहन मालिक दिसंबर 2021 से पहले का टैक्स जमा नहीं करवा सके हैं, उनके लिए पेनल्टी डाली जा रही थी और ब्याज राशि भी अधिक बन रही थी। अब मात्र 10 फीसदी साधारण ब्याज के साथ बकाया टैक्स की अदायगी कर सकते हैं। यह योजना 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। परिवहन विभाग में कई गुड्स और पब्लिक कैरियर परमिट वाले वाहनों का लाखों का टैक्स बकाया है। इसमें ब्याज और अन्य पेनल्टी डालने के बाद राशि काफी अधिक बढ़ जाती है। परिवहन महकमे ने तीन साल पुराने मामलों में विशेष छूट देने का फैसला किया। ट्रक, ट्रैक्टर, ट्राला, ऑटो रिक्शा, बस आदि सभी वाहनों के लिए अब गत्ता कॉपी अथवा अन्य किसी प्रकार की एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। टैक्स की पुरानी रसीद दिखाकर ही यह टैक्स जमा कराया जा सकता है। इससे व्यावसायिक वाहन मालिकों को एनओसी अथवा अन्य दस्तावेजों के लिए भी भटकना नहीं पड़ेगा। इससे पहले बकाया टैक्स चुकाने के लिए अलग आरटीओ ऑफिस में दर्ज वाहनों के लिए एनओसी तथा अन्य दस्तावेज प्राप्त करने होते थे। अब प्रक्रिया बिलकुल आसान बना दी गई है।

बताना जरूरी है कि हजारों की संख्या में ऐसे वाहन ऊना जिले में ही पंजीकृत हैं जिनका टैक्स का भुगतान नहीं हो पाया है। ऐसे वाहन कुछ लोगों द्वारा आगे भी बेच दिए गए हैं। जब तक पुराना टैक्स जमा नहीं होगा, ऐसे वाहन किसी अन्य नाम पर पंजीकृत भी नहीं हो पाएंगे। आरटीओ अशोक कुमार का कहना है कि गुड्स और पब्लिक कैरियर परमिट धारक वाहन मालिकों के लिए यह सुनहरा अवसर है। ऐसे अवसर का लाभ उठाकर पुराने वाहनों को बिना चिंता इस्तेमाल में लाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से इस ऑफर का सदुपयोग करने का आह्वान किया है। (अनंत ज्ञान)

# ऊना में पायलट आधार पर चलेगा विंग्स प्रोजेक्ट : सुधा देवी

## प्रोजेक्ट कार्यान्वयन को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**राजेश शर्मा, ऊना**



विंग्स की मीटिंग में उपस्थित गणमान्य सदस्य एम सुधा देवी के साथ।

सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एम सुधा देवी ने कहा कि ऊना जिले में विंग्स प्रोजेक्ट को पायलट आधार पर चलाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत संभावित गर्भवती महिलाओं तथा दो वर्ष तक के शिशुओं व बच्चों को विशेष पोषण युक्त आहार दिया जाएगा तथा निगरानी भी की जाएगी।

एम सुधा देवी जिला परिषद् हॉल ऊना में विंग्स प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन को लेकर आयोजित बैठक में बोल रही थीं। इस दौरान सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग आशीष सिंघमार, उपायुक्त ऊना जतिन लाल, निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. गोपाल बेरी भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

एम सुधा देवी ने कहा कि विंग्स (वुमन एंड इन्फेंट इंटीग्रेटेड इंटरवेंशन इन ग्रोथ स्टडी) प्रोजेक्ट पूरे देश भर में सर्वप्रथम हिमाचल प्रदेश को प्राप्त हुआ है और राज्य में जिला ऊना से पायलट आधार पर लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत आने वाले समय में ग्रामीण स्तर पर संभावित गर्भवती महिलाओं के साथ–साथ दो वर्ष तक की आयुवर्ग के शिशुओं और बच्चों के पोषण की निगरानी की जाएगी, साथ ही इन दोनों वर्गों को विशेष पोषणयुक्त आहार भी मुहैया करवाया जाएगा ताकि उनके स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रोजेक्ट के संचालन में आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रहेगी, जिनके माध्यम से न केवल लक्षित जनसंख्या की पहचान की जाएगी, बल्कि प्रोजेक्ट के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए, साथ ही उम्मीद जताई कि जिला ऊना इस प्रोजेक्ट के लक्षित उद्देश्यों को पूर्ण करने में कामयाब होगा।

बैठक में हेल्थ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों सहित आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं। (अनंत ज्ञान)

### क्षेत्रीय अस्पताल का किया दौरा, जांची व्यवस्थाएं

इसके उपरांत सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना का भी दौरा किया तथा अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा जिला अस्पताल में मातृ-शिशु केयर यूनिट बारे भी जानकारी हासिल की तथा इस संबंध में अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए।

**सफलता** | 20 गाय व 6 भैंस पालकर प्रतिदिन बेच रहे एक से डेढ क्विंटल दूध, दूसरों के लिए बने प्रेरणा स्रोत

# डेयरी फार्म चलाकर आर्थिकी को सुदृढ़ बना रहे देहलां के हरभजन सिंह

**राजेश शर्मा, ऊना**



डेयरी फार्म पर काम करते हरभजन सिंह।

ऊना जिले के देहलां गांव के प्रगतिशील किसान 50 वर्षीय हरभजन सिंह डेयरी फार्म चलाकर परिवार की आर्थिकी को सुदृढ़ बना रहे हैं। निजी क्षेत्र में काम करने वाले हरभजन सिंह आज 20 गाय व 6 भैंस पालकर जहां प्रतिदिन एक से डेढ़ क्विंटल दूध का उत्पादन कर रहे हैं तो वहीं, दूध बेचकर अच्छी खासी आमदन भी प्राप्त कर रहे है।

हरभजन सिंह के इस कार्य में उनका 19 वर्षीय बेटा अमनवीर सिंह भी हाथ बंटा रहा है, साथ ही डेयरी फार्म में सहयोग के लिए एक स्थानीय ग्रामीण को भी रोजगार मुहैया करवाया है। इस संबंध में जब खुश मिजाज व्यक्तित्व के धनी हरभजन सिंह से बातचीत की तो उनका कहना है बचपन से ही पिता के साथ वे पशुपालन से जुड़े रहे हैं। पहले वह छोटे स्तर पर यह कार्य करते रहे हैं, लेकिन पिछले 4 सालों से उन्होंने बड़े स्तर पर डेयरी फार्म चलाने का निर्णय लिया। वर्तमान में उनके पास मुर्रा नस्ल की 6 भैंसे तथा साहीवाल, जर्सी तथा एचएफ नस्ल की 20 गाय हैं। एक भैंस से जहां औसतन 18 लीटर दूध प्राप्त हो रहा है, तो वहीं गायों से औसतन 30 से 35 लीटर दूध प्रतिदिन मिल रहा है। कुल मिलाकर एक दिन में वे औसतन एक से डेढ़ क्विंटल दूध उत्पादन कर रहे हैं। वर्तमान में उन्हें कुल दूध उत्पादन में से संपूर्ण लागत व खर्च निकालकर लगभग 30 से 35 प्रतिशत तक की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है।

हरभजन सिंह बताते हैं कि वह अधिकत्तर दूध अमूल डेयरी को बेच रहे हैं। इसके अलावा आसपास के ग्रामीण भी घर से ही दूध खरीदते हैं। कुल मिलाकर डेयरी फार्म से तैयार दूध आसानी से बिक जाता है, लेकिन उन्हें दूध की लागत के हिसाब से बड़ी कंपनियां अमूल, वेरका इत्यादि बेहतर दाम नहीं दे रही हैं। उनका कहना है दूध खरीद की दिशा में प्रदेश सरकार कुछ मदद करे तो वह भविष्य में डेयरी फॉर्म से अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी:** वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी ऊना डॉ. राकेश भट्टी का कहना है कि देहलां के प्रगतिशील किसान हरभजन सिंह डेयरी उत्पादन के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। उन्हें विभाग के माध्यम से सरकार की ओर मिलने वाली विभिन्न तरह की मदद प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से दो दुधारु पशु खरीदने को 1 लाख 60 हजार रुपए का आर्थिक लाभ प्रदान किया है, साथ ही समय–समय पर विभाग की ओर से प्रशिक्षण तथा अन्य लाभ भी दिये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इन्हें मुख्य मंत्री स्वावलंबन योजना के साथ जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा। साथ ही आधुनिक वैज्ञानिक डेयरी फार्मिंग की जानकारी तथा प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा दुधारु पशुपालकों को प्रदेश सरकार की ओर से सेक्स सॉर्टिड सीमन की सुविधा भी प्रत्येक पशुपालन चिकित्सा केंद्र तक उपलब्ध करवाई गई है ताकि पशुपालकों को इसका लाभ मिल सके। ऊना के उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र लोगों को लाभान्वित करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने जिला के सभी विभागीय अधिकारियों को धरातल पर सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन को सख्त निर्देश जारी किए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके। (अनंत ज्ञान)

### डेयरी फार्म से जुड़कर युवा कमा सकते हैं लाखों रुपए

हरभजन सिंह कहते हैं कि डेयरी फार्म के कार्य को पूरी मेहनत व लगन से किया जाए तो घर बैठे अच्छी आय सृजित की जा सकती है। उनका कहना है कि नए युवाओं को डेयरी फार्म के कार्य से जुड़ना चाहिए। इससे न केवल घर बैठे स्वरोजगार की राह आसान होगी, बल्कि अच्छी खासी आमदन भी प्राप्त की जा सकती है। उनका कहना है कि उनका बेटा भी डेयरी फॉर्म संचालन में पूरा सहयोग प्रदान कर रहा है तथा इस क्षेत्र में भविष्य में बड़े स्तर पर कार्य करने की योजना बना रहे हैं। उनका कहना है कि बेटा 12वीं कक्षा पास कर वेटरनरी फॉर्मासिस्ट का प्रशिक्षण भी हासिल कर रहा है ताकि डेयरी उत्पादन की बारीकियों को बेहतर तरीके से समझा जा सके। उन्होंने युवाओं को डेयरी उत्पादन से जोड़ने एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध करवाने को ग्रामीण स्तर पर पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजन पर भी बल दिया।



# भगवान जगन्नाथ की पवित्र यात्रा में उमड़ा भारी जनसैलाब

## पर्यटन नगरी मनाली में पहली बार आयोजित हुई पवित्र रथ यात्रा, हरे कृष्णा महा मंत्र से उठा गूंज

**कमलेश वर्मा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में पहली बार आयोजित हुई भगवान जगन्नाथ जी की पवित्र रथ यात्रा में भारी जन सैलाब उमड़ा। पुलिस स्टेशन मनाली से लेकर रामबाग तक श्रद्धालु खूब झूमे। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना भावित संघ कटराई की ओर से यह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह पवित्र यात्रा भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को समर्पित है। मनाली में यह रथ यात्रा 12 बजे पुलिस स्टेशन के समीप शुरू हुई और चार बजे रामबाग पहुंची। शाम छह बजे तक मनु रंग शाला में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मनाली में श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भ भागवतम की रस धारा बही और लगभग चार घंटे मनाली हरे कृष्णा महा मंत्र से गूंज उठा। शिक्षा गुरु अभय राम दास भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की कथा का वाचन किया। रथयात्रा का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्री जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए व उनका गुणगान करते हुए चल रही थी। मनाली गुरुद्वारे में भक्तों के लिए भंडारा भी रखा गया था। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना भावित संघ कटराईं के मैनेजर जीवश्रय सुबल दास ने बताया कि यह यात्रा मनाली में पहली बार आयोजित हुई। इस रथ यात्रा का आयोजन करने का सौभाग्य कटराई सेंटर को मिला। सेंटर के खुलने के साथ अब सारे कार्यक्रम जगन्नाथ पूरी धाम की तरह यहां भी आयोजित होंगे।

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि रथ यात्रा में मनाली, कुल्लू, मंडी, सुंदरनगर, जोगिंदरनगर, पालमपुर, धर्मशाला और शिमला के लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि मनाली में ऐसे धार्मिक आयोजन होने से भगवान जगन्नाथ जी की कृपा मनाली पर बनी रहेगी। (अनंत ज्ञान)



पर्यटन नगरी मनाली में पहली बार निकाली भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब।

## न्यूज ब्रीफ

### होटल की दूसरी मंजिल से गिरा हरियाणा का पर्यटक

**कमलेश वर्मा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के निजी होटल की दूसरी मंजिल से गिरने से पर्यटक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान संदीप कुमार पुत्र माम राज उम्र 38 वर्ष निवासी हाउस नंबर-50 जलबेहड़ा अंबाला सिटी हरियाणा के रूप में हुई है। पर्यटक अपने दोस्तों के साथ मनाली घूमने आया था। डीएसपी, मनाली केडी शर्मा ने बताया कि होटल की दूसरी मंजिल से गिरने के कारण हरियाणा के पर्यटक की मौत हो गई है। पुलिस ने सीआरपीसी की धारा-174 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। (अनंत ज्ञान)

### देवता सुननारायण महाकाल का भजन रिलीज

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पर्यटन एवं धार्मिक नगरी मणिकर्ण के डढ़ेई के आराध्य देवता सुननारायण और महाकाल (मकाल) का भजन यूट्यूब पर रिलीज हो गया है। देवताओं की महिमा प्रसिद्ध कलाकार अमर धीमान ने अपनी सुरीली आवाज से प्रस्तुत की है। इस भजन के कलाकार अमर धीमान हैं। म्यूजिक भी अमर धीमान ने दिया है, जबकि भजन की रचना मोहर सिंह पुजारी ने लिखी है। भजन एडी स्टूडियो दिल्ली में तैयार किया गया है। बता दें कि इस महिमा देवता सुननारायण के नवनिर्मित मंदिर पर विशेष रूप से तैयार की गई है। इसमें देवता मकाल की किस तरह से पूरे कामकाज में भूमिका है, इसकी महिमा में जिक्र किया गया है। वहीं, किस तरह से मंदिर निर्माण के दौरान देवता के बड़ेई (कारीगर) और अन्य देवता मंदिर निर्माण में लगे कामगारों और देवता के कारकून और हारियान क्षेत्र पर देवता मकाल का आशीर्वाद रहा। इसका भी महिमा में बाख्यान किया गया है। आप इस महिमा को यूट्यूब पर सुन सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मनाली में आ रही समस्याओं के बारे किया चिंतन

**कमलेश वर्मा, मनाली।** मनाली के वन्य प्राणी संस्थान के सभागार में मनाली व्यापार मंडल की कार्यकारिणी ने प्रधान संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में मनाली के विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर एक महत्त्वपूर्ण बैठक की। बैठक में साथ लगते गांव की महिला मंडल की महिलाएं भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। सभी संगठनों के प्रमुख ने मनाली तथा आसपास के क्षेत्रों में आ रही विभिन्न समस्याओं के बारे गहन चिंतन किया। ट्रेवल एसोसिएशन के पूर्व प्रधान बुद्धि प्रकाश ठाकुर ने मनाली की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए सभी संगठनों के प्रमुख से आगे आने का आह्वान किया। व्यापार मंडल के चेयरमैन रूप नेगी ने भी मनाली को स्वच्छ एवं विकसित करने के लिए लोगों से एक साथ मिलकर आगे आने का अनुरोध किया। व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ठाकुर ने मनाली में नशाखोरों, अवैध रूप से देह व्यापार को बढ़ाबा देने वाले लोगों पर नकेल कसने का आह्वान किया। इस प्रकार के लोग मनाली को बदनाम कर रहे हैं, इनकी हरकतों किसी भी प्रकार से सहन नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### भुंतर में दुकानदारों ने चलाया भांग उखाड़ो अभियान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** भुंतर में दुकानदारों ने भांग उखाड़ो अभियान चलाया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर-छह में स्थानीय दुकानदारों ने प्राकृतिक रूप से उगे भांग के पौधों को उखाड़ा लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाया और नशे से दूरी बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। दुकानदार सुनील भारद्वाज, संजय कुमार, राकेश, सुनीता, भावना, निशा, राजेश, रमेश ने कहा कि भुंतर शहर नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### दलीप ठाकुर बने टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष



**कमलेश वर्मा, मनाली।** कुल्लू में तालमेल बिठाकर पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देने को जिला टैक्सी यूनियन कुल्लू का गठन किया गया। मनाली के दलीप ठाकुर को यूनियन का अध्यक्ष बनाया है, जबकि भुंतर के गुलाब ठाकुर को चेयरमैन की जिम्मेदारी दी गई है। मनाली के शाम लाल को वाइस चेयरमैन, कुल्लू के विजय ठाकुर को उपाध्यक्ष, कसोल के लुदर चंद को सचिव, कुल्लू के हरि सिंह को कोषाध्यक्ष, सैंज के दलीप सिंह को सहसचिव, जबकि कसोल के सेस राम को प्रेस सचिव बनाया गया है। टैक्सी यूनियन मनाली के सचिव किशोरी लाल ठाकुर ने बताया कि कुल्लू के टैक्सी ऑपरेटर्स की मनाली में बैठक हुई। जिले में तालमेल बिठाकर पर्यटकों को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए एसोसिएशन का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मनाली यूनियन के प्रधान पूर्ण चंद पोहलु व सचिव किशोरी ने बताया कि कुछ शरारती तत्व अनाप-शनाप बयानबाजी कर बाहरी राज्यों के टैक्सी ऑपरेटर्स के साथ बिना मतलब से मतभेद को तुल दे रहे हैं। गलत करने वाले किसी भी चालक को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वो हिमाचल का हो या बाहरी राज्य का। सभी टैक्सी चालकों का मकसद पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देना है। (अनंत ज्ञान)

### तलाईटी में महिलाओं ने प्राकृतिक बावड़ियों को संवारा



**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू की पंचायत सेऊगी के वार्ड नंबर-दो तलाईटी में महिलाओं ने प्राकृतिक बावड़ियों को संवारा व साफ-सफाई की। महिलाओं ने सफाई अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश दिया। महिला मंडल की प्रधान रीना देवी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में हमें अपने प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। भागासिद्ध महिला मंडल की महिला सदस्यों ने लोअर तलाईटी गांव में स्थित प्राकृतिक बावड़ियों की साफ-सफाई कर इनको संवारा है। इसके अलावा गांव में सफाई और प्राकृतिक रूप से उगे भांग के पौधों को नष्ट किया गया। उधर, वार्ड सदस्य निरत राम ने कहा कि महिलाओं ने पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति अपनी भूमिका सुनिश्चित की है। (अनंत ज्ञान)

## शिक्षक पर यौन उत्पीड़न का आरोप, शिक्षक फरार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू में सरकारी स्कूल के शिक्षक पर छात्राओं से यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज हुआ है। वहीं, मामला सामने आते ही शिक्षक फरार हो गया है। जिला मुख्यालय के साथ लगते एक सरकारी माध्यमिक स्कूल में पढ़ने वाली कुछ छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न मामला सामने आया है। कुल्लू पुलिस की टीम ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्कूल के ही एक शिक्षक पर नाबालिग छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है और पुलिस की टीम आरोपी शिक्षक पर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। कुल्लू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर ने शनिवार को इस मामले को लेकर महिला पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई कि मिडिल स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्राओं का यौन उत्पीड़न हुआ है और यह यौन उत्पीड़न स्कूल में ही कार्यरत शिक्षक के द्वारा किया गया है। ऐसे में पुलिस की टीम ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया और अब इस मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को पुलिस टीम छात्राओं व उनके परिजनों के बयान कलमबद्ध करेगी। वहीं, एसपी कुल्लू डॉक्टर कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## सामान्य वर्ग के बच्चों के साथ लगातार हो रहा भेदभाव : पठानिया

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के सरवरी में स्थित शीतला माता मंदिर के परिसर में रविवार कोराजपूत संघ कुल्लू की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुदर्शन पठानिया ने की। इसमें संघ के चेयरमैन ज्ञानचंद चंबियाल और क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव बलदेव सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस बैठक में राजपूतों और सामान्य वर्ग की समस्याओं और मुद्दों पर विशेष विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में आरक्षण और एससी-एसटी एक्ट के खिलाफ रोष देखने को मिला। जिलाध्यक्ष सुदर्शन पठानिया ने कहा कि संघ केंद्र व राज्य सरकार से आरक्षण जातिगत न देकर आर्थिक आधार पर देने की मांग कर रहा है। इससे हर वर्ग के आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार की मदद हो सकेगी। सामान्य वर्ग के बच्चों के साथ लगातार भेदभाव हो रहा है। देश हो या फिर राज्य, स्कूल-कॉलेज की फीस और छात्रवृत्ति में भी इन बच्चों के साथ भेदभाव देखने को मिल रहा है। सरकारें सामान्य और आरक्षित वर्ग के बच्चों में भेदभाव का रवैया अपना रही है। राजपूत संघ आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन आरक्षण जातिगत या आरक्षित न होकर हर उस व्यक्ति को मिलना चाहिए, जो असल में उसका हकदार है। (अनंत ज्ञान)

## पतलीकूहल पार्क मामला : कटराई पंचायत ने दी डोम लगाने की इजाजत, व्यापारियों ने जताया विरोध

# पुलिस ने रुकवाया काम, डोम लगने की नहीं जानकारी: एसडीएम

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

तीन दिन पूर्व ही पतलीकूहल मैदान से गाड़ियों को बाहर निकाल कर हलाण-2 पंचायत ने इसे बच्चों और आम जनता के हित में खाली करवाया था, लेकिन रविवार को मैदान में डोम लगाने की तैयारियां शुरू हो गई। अचानक ही बिना किसी सूचना के ट्रेड फेयर के लिए डोम लगाने का सामान ट्रक से उतरता देख स्थानीय निवासी सन्न रह गए।

तीन दिन पूर्व ही पंचायत की ओर से मैदान को खाली रखने के आदेश के चलते सभी व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने अपने वाहनों को मैदान से बाहर निकाल कर खाली किया था, जैसे ही डोम लगाने के लिए सामान को मैदान में उतारा गया, इससे गुस्सा स्थानीय व्यापारियों ने डोम का कार्य रोकने के लिए हलाण पंचायत प्रधान को मौके पर बुलाया। प्रधान सीमा देवी ने व्यापारियों को कहा कि पंचायत की ओर से किसी को भी मैदान में डोम लगाने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। डोम संचालक के अनुसार उन्हें कटराई पंचायत से डोम लगाने की अनुमति

अनंत ज्ञान फॉलोअप



मिली है। व्यापारियों ने विवाद सुलझाने के लिए पुलिस थाना से सहायता मांगी। थाना प्रभारी राजीव लखनपाल मौके पर पहुंचे और जब जांच की तो पाया कि डोम संचालक के पास केवल कटराई पंचायत की ही अनुमति है, जबकि इतने बड़े आयोजन के लिए जिला प्रशासन, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग की तकनीकी शाखा और पुलिस की अनुमति ही नहीं है, इसलिए डोम लगाने का कार्य बंद किया गया।

व्यापार मंडल पतलीकूहल के सदस्यों का कहना है कि मैदान पर डोम नहीं लगना चाहिए। मैदान में डोम लगने से व्यापार को फर्क तो पड़ता ही है साथ ही बच्चों को खेलने के लिए भी भटकना पड़ता है। व्यापार मंडल के सदस्यों ने इस पर सख्त आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि जब स्थानीय व्यापारी और ग्राहक अपने वाहन मैदान में पार्क नहीं कर सकते, तो अन्य लोगों को महीनों तक डोम लगाने के लिए भी नहीं दिया जाना चाहिए। व्यापारियों शिव, सुभाष, राकेश, प्रियांशु, शम्मी, राम, मयूर ने स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़, जिलाधीश, उपमंडलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी से आग्रह किया कि मैदान को बच्चों और आम जनता के हित में खाली रखा जाए और पंचायतों को मैदान को खाली रखने के आदेश जारी करें। वहीं, स्थानीय लोगों ने कहा कि इसी मैदान पर 15 अगस्त के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। अगर मैदान पर डोम लगेगा तो स्वतंत्रता दिवस को कहां मनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

> मैदान में डोम लगाने की जानकारी व्यापार मंडल के सदस्यों द्वारा दी गई। पंचायत द्वारा डोम के लिए अनुमति प्रदान नहीं की गई है। पंचायत के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर मंडल के साथ मैदान पर डोम लगाने का विरोध जताया। आगामी उचित कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी और उपमंडलाधिकारी महोदय से निवेदन किया गया है।
> **सीमा देवी, प्रधान ग्राम पंचायत हलाण-2।**

> डोम संचालक ने कटराईं पंचायत से मैदान में डोम लगाने की अनुमति ली है।
> **गीता ठाकुर प्रधान ग्राम पंचायत कटराईं।**

> मुझे पतलीकूहल में डोम लगाने की कोई जानकारी नहीं है। डोम लगाने के लिए जिला प्रशासन की अनुमति अनिवार्य होती है और इतने लंबे समय के लिए ट्रेड फेयर लगाने के लिए अन्य विभागों की अनुमति भी आवश्यक होती है। यदि बिना जिला प्रशासन की अनुमति के डोम लगाया गया, तो उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **विकास शुक्ला, एसडीएम कुल्लू।**

# भुंतर सुधार समिति बेसहारा पशुओं को आश्रय देने की उठाएगी आवाज

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भुंतर सुधार समिति की बैठक गुरुद्वारा साहिब भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी ने निर्णय लिया कि समाजिक कार्यों को और अच्छे करने के प्रयास किए जाएंगे। सफाई अभियान, पर्यावरण व नशे के प्रति जनता को जागरूक किया जाएगा। वहीं, बेसहारा पशुओं के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्णय लिया कि समिति इस गंभीर समस्या को लेकर डीसी कुल्लू से मिलेगी। भुंतर, बजौरा, फोरलेन रोड जिया, मौहल आदि एरिया में बेसहारा पशुओं की तादात बहुत बढ़ गई है। लोगों को इस पशुओं से खतरा उत्पन्न हो गया है बहुत लोगों को बेसहारा पशु घायल कर चुके हैं। यहीं नहीं गाड़ीवालों को भी इनसे खतरा रहता है। किसानों का भी आवारा पशु बहुत नुकसान करते हैं। समिती शीघ्र डीसी कुल्लू से बेसहारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने के लिए मिलेगी। वहीं, बैठक में भुंतर पुल की समस्या को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, मुख्य संरक्षक पीडी आजाद, मुख्य प्रवक्ता डीआर आनंद, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल हार्डवेयर कलैहली, सचिव झावे राम पहलवान, कोषाध्यक्ष ऋषि राज, आजीवन सदस्य अनील धीमान, महिला विंग की अध्यक्षा नीना घई, प्रवक्ता नीलम घई, कोषाध्यक्ष रविंद्रा डोगरा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



## जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करे पथ परिवहन निगम : शौरी

**शीला कौल, बंजार।** हिमाचल प्रदेश में बरसात की दस्तक के साथ ही जगह-जगह पानी भरने व भू-स्खलन की घटनाएं आना शुरू हो गई हैं। बरसात के शुरू होते ही बंजार बस अड्डे में आए दिन पानी जमाव की शिकायत सामने आ रही है।

आमजनता में बंजार बस अड्डे को तालाब की संज्ञा दी जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व भी बारिश में बंजार बस अड्डे में पानी भराव की समस्या रहती थी, लेकिन बस अड्डे में पेवर बिछाने के बाद से इस समस्या से निजात मिली थी।

बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने इस समस्या पर अपनी बात रखते हुआ कहा कि बंजार बस अड्डे में पेवर बिछाने के बाद बहुमंजलीय पार्किंग का निर्माण शुरू किया गया था और अब इस निर्माण के कारण बस अड्डे की जल निकासी व्यवस्था बंद हो गई है। विभागीय अधिकारियों से इस सबंध में बात कर अस्थायी जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश किए गए हैं, जब तक स्थायी व्यवस्थित निकासी व्यवस्था के लिए विभाग निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं करता, तब तक पंप के इस्तेमाल से जनहित में व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# पौधे लगाकर दिया हरियाली का संदेश

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

बंजार उपमंडल के दूरदराज क्षेत्र में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय दंधार में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसमें स्कूल के स्टूडेंट्स, अध्यापकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान वेद राम बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। छात्रों की ओर से मुख्यातिथि का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया, जिसमें देवदार के पौधे लगाए गए। पौधरोपण के पश्चात बच्चों द्वारा कविता, भाषण, चित्रकला और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जीवन में पेड़ों की उपयोगिता, पृथ्वी को हरा-भरा बनाने, पेड़ न काटने, ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने और लगाए गए पौधों का संरक्षण करने के बारे में लोगों को शिक्षित किया गया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में वन महोत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देशभर में हर साल जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाता है।



राजकीय प्राथमिक विद्यालय दंधार में वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते हुए।

# भारतीय किसान संघ कुल्लू खंड के अध्यक्ष बने पैने राम

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भारतीय किसान संघ कुल्लू के चुनाव रविवार को अध्यक्ष ऋषिराज राणा की देखरेख में संपन्न हुए। इस मौके पर सर्व सहमति से पैने राम भुट्टी को संघ के कुल्लू खंड के अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। इसके अलावा फतेह सिंह घराकड़ को खंड मंत्री बनाया गया।

दोत राम वेऊगी को उपाध्यक्ष, अशोक कुमार रोपड़ी सह मंत्री, जीवन ठाकुर घराकड़ युवा प्रमुख, बंतो देवी महिला प्रमुख, कंचन जंवाल सेऊगी महिला मंत्री, जैविक प्रमुख भुवनेश्वर पीज, प्रचार प्रमुख फतेह सिंह किंजा, गोसेवा प्रमुख पार्वती देवी बंदल, मंडी विपणन प्रमुख ध्यान सिंह बटेहड़, विधि प्रमुख जितेंद्र नेगी धरमोट, राजस्व प्रमुख चंदे राम नांगाबाग, सहकारिता प्रमुख रामलाल चेष्टा दोहरानाला, जल संरक्षण प्रमुख ध्यान चंद बंदरोल, व्यसन मुक्ति प्रमुख राम सिंह बनोगी, कार्यकारिणी में अमरनाथ तलोगी, भाग सिंह बुआई, हुक्मी देवी, प्रताप सिंह गदियाड़ा, मोहर सिंह तथा लीला चौहान मोहल को सदस्य चुना गया। (अनंत ज्ञान)







**आयोजन** — पंचायत नग्गर के द्वारा किया जा रहा एनजीटी के आदेशों का पालन, ग्राम सभा का किया आयोजन

# कूड़ा-कचरा खुले में न फेंकें, होगी कानूनी कार्रवाई

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

नग्गर पंचायत में ग्राम पंचायत प्रधान प्रदीप ठाकुर की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी गांव वासियों ने भाग लेकर ग्राम सभा का सफल आयोजन किया।

ग्राम सभा में पंचायत सचिव ने सरकार की ओर से चलाई जा रही विकासात्मक योजनाओं की जानकारी लोगों को दी, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सरकार के द्वारा पात्र लोगों को अपने घरों में सोखता गड्ढा, बार्मिक कंपोस्ट व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से बनाने के बारे में जानकारी दी गई, वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गांव को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए एनजीटी के आदेशों का पालन पंचायत नग्गर के द्वारा किया जा रहा है, जिस के तहत पूरे गांव से कूड़े-कचरे के निष्पादन के लिए क्रिच संस्था के पदाधिकारियों से भी बातचीत हो रही है, जो कि गांव से कचरे को लेकर जाएंगे और उसे रिसाइकल करेंगें, जिसके लिए पंचायत नग्गर की ओर से प्रति परिवार स्वच्छता कर भी लिया जाएगा, जिसका प्रस्ताव ग्राम सभा में पारित किया गया है। वहीं, प्रधान पंचायत नग्गर ने बताया कि पूरी पंचायत में विकास के कार्य किए जा रहे हैं, मगर गांव में सफाई व्यवस्था का मुद्दा सब से बड़ा है।

नग्गर एक धार्मिक पर्यटन स्थल है, जिस कारण पूरे गांव में स्वच्छता होना बेहद जरूरी है और जल्द ही गांव से कूड़े-कचरे को ले जाने के लिए वाहन और जगह का निधारण किया जाएगा। वहीं, उन्होंने कहा कि बाहरी पंचायतों से लोग आकर नग्गर पतलीकूहल सड़क के किनारे अपने घरों और होटलों का कूड़ा-कचरा फेंक रहे हैं, जिसके सबूत पंचायत के पास उपलब्ध है। इस बारे में थाना पतलीकूहल में शिकायत पत्र भी दे दिया है। इसके साथ ही सभी गांव वासियों और अन्य लोगों से आग्रह किया गया है कि कूड़ा-कचरा खुले में न फेंकें अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



ग्राम पंचायत नग्गर में आयोजित ग्राम सभा में भाग लेते हुए पंचायत के लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### आंचल मिस, विनोद बने मिस्टर फेयरवेल



**रघुवंशी, अर्की।** अर्की उपमंडल के लक्ष्य शिक्षण संस्थान के लक्ष्य बीएड कॉलेज मंजयाट में वर्ष 2022-24 के प्रशिक्षणार्थियों को नवागंतुक प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। आयोजन में बतौर मुख्यातिथि लक्ष्य शिक्षण संस्थान के चेयरमैन प्रेम गुप्ता ने भाग लिया। इस अवसर पर लक्ष्य शिक्षण संस्थान के एमडी आकाश गुप्ता व लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मंजयाट की प्रधानाचार्य डॉ. कुसुम गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर गुप्ता ने विदा होने वाले परीक्षार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कुमारी आंचल को मिस फेयरवेल, विनोद मिस्टर, मोहित बेस्ट स्टूडेंट, रवीना बेस्ट अकादमिक स्टूडेंट, शालू मोस्ट सिंसियर, रामानंद मोस्ट क्रिएटिव, राजू मोस्ट डीसिपलेंड स्टूडेंट चुने गए। (अनंत ज्ञान)

### पेड़ लगाकर ही पर्यावरणीय संतुलन बना रहेगा

**एसपी जैरथ, नाहन।** क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र धौलाकुआं में वन



महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रियंका ठाकुर की अध्यक्षता में खैरी फार्म के बाहर और भीतर कई फलदार पौधे लगाए। एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित इस अभियान के दौरान क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के वैज्ञानिकों समेत स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एसोसिएट निदेशक डॉ. प्रियंका ने वन महोत्सव को मनाने और पौधों की अच्छे तरीके से देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधों की देखभाल बच्चों की तरह की जानी चाहिए। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ही पर्यावरणीय संतुलन बना रहेगा। आगे भी पौधे रोपने के लिए अभियान चलाया जाएगा। वैज्ञानिक डॉ. संजीव ने भी इस दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक पेड़ लगाने चाहिए। सभी को इस मुहिम के लिए आगे आना होगा। पेड़ लगाने से भूमि कटाव रोका जा सकता है। उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधों के बारे में भी जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### सुभाष बने पशु पालन विभाग कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** पशु पालन विभाग कर्मचारी महासंघ (पैरा वेट) की आमसभा पूर्व अध्यक्ष अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में महासंघ के त्रैवार्षिक चुनाव करवाए गए, जिसमें सुभाष चंद नेगी को महासंघ का अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। इसी तरह राजेश्वर नेगी को महासचिव, जीवन प्रकाश को वित्त सचिव चुना गया, जबकि अरविंद नेगी को पूह खंड उपाध्यक्ष, देवराज नेगी निचार खंड व रवि राहुल को कल्पा खंड का उपाध्यक्ष चुना गया। विनोद कुमार को महासंघ का मुख्य सलाहकार बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तानजीन छोड़न, विद्या सिंह नेगी, सोनम टशी, तारा चंद, संजीव कुमार को कार्यकारी सदस्य नियुक्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

### अमरनाथ यात्रा पर गए श्रद्धालुओं ने लगाया भंडारा



**रघुवंशी, अर्की।** पलोग पंचायत के मांजू गांव में स्थित देव कुरगण के मंदिर परिसर में रविवार को अमरनाथ यात्रा पर गए श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया। इस धार्मिक आयोजन के मुख्यातिथि समाजसेवी ओम प्रकाश भारद्वाज थे, जिन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। बता दें कि ओम प्रकाश भारद्वाज ने इस यात्रा का आयोजन किया था और इसके सफल समापन के बाद मांजू गांव के श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया। मंदिर परिसर में पहुंचने पर श्रद्धालु ग्रामीणों ने ओम प्रकाश भारद्वाज का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने सबसे पहले देव कुरगण जी के मंदिर में मथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और फिर मंदिर परिसर में सभी श्रद्धालुओं के साथ हवन यज्ञ किया। भारद्वाज ने सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों का स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया और बताया कि वे पिछले चार वर्षों से इस यात्रा का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने अमरनाथ में भोलेनाथ के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा प्रकट की और बताया कि इस वर्ष वे 101 श्रद्धालुओं का जत्था लेकर गए थे। इस यात्रा में सभी श्रद्धालुओं को निशुल्क ले जाया गया था और मात्र 2100 रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया गया था। (अनंत ज्ञान)

### रौड़ी में 155 से अधिक लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**आशीष, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत रौड़ी और अंबुजा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि मारकंडेश्वर अस्तपाल सोलन के सहयोग से अंबुजा सभागार रौड़ी में निशुल्क



चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य जांचा गया। शिविर में पंचायत प्रधान रौड़ी रीना शर्मा, पंचायत प्रधान दाड़ला बंसी राम भाटिया, पंचायत सदस्य मदन शर्मा, हरदेव शर्मा, डॉक्टर मनप्रीत सिंह नंदा व भूपेंद्र गांधी विशेष रूप से मौजूद रहे। जांच में महर्षि मारकंडेश्वर मेडिकल कॉलेज की पूरी टीम की ओर से लोगों की जांच की गई, जिसमें 155 से अधिक लोगों ने जांच करवाई। शिविर में रोगों की जांच के लिए हड्डी, नेत्र, कान, नाक, गला रोग, त्वचा, स्त्री रोग व आंख की जांच और आंतरिक चिकित्सा के विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दीं। वहीं, निशुल्क जरूरी दवाएं भी लोगों को वितरित की गई। महर्षि मारकंडेश्वर अस्तपाल से डॉ. मनप्रीत सिंह नंदा ने शिविर में लोगों की अधिकतम भागीदारी के लिए धन्यवाद करते हुए आश्वस्त किया कि शिविर में आए हुए गंभीर और रेफरल मरीजों को महर्षि मारकंडेश्वर अस्तपाल मे न्यूनतम शुल्क पर जांच करने की योजना है। (अनंत ज्ञान)

### बगड़ गांव में सुनीं लोगों की समस्याएं

**रविदत्त, राजगढ़।** सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के दीद बगड़ पंचायत के बगड़ गांव में रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष विजय ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दर्जनों लोगों ने भाग लिया और लोगों की समस्या सुनीं। इस मीटिंग में जिन लोगों ने हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन में सबसे पहले अपनी रजिस्ट्री करवाई थी, उसमें एचपीसीएल के अधिकारियों ने यह कहा था कि यदि कल के लिए रेट बढ़ जाता है, तो आपको बड़ा रेट मिलेगा, लेकिन वह रेट आज उनको नहीं मिल पा रहा है। इस मांग को हम हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारी के पास पहुंचाएंगे और हिमाचल सरकार के पास भी इस मांग को रखेंगे, उसके बाद जिन लोगों के पास अपने परिवार को पालने के लिए घराट था, उसका मुआवजा उनको बहुत कम मिला, जबकि उनको यह कहा गया कि आगे आपको इंडस्ट्रीज वाला रेट दिया जाएगा, वह भी उनको आज रेट नहीं मिल पा रहा है कुछ अन्य मांगें भी लोगों की थी, इसमें विजय ठाकुर ने विश्वास दिलाया कि आपकी मांगों को प्रशासन व सरकार के समक्ष मजबूती के साथ रखा जाएगा। विजय ने बताया कि तहसीलदार दादाहु सुमेध शर्मा को भू-अधिग्रहण अधिकारी रेणुका जी बांध परियोजना कार्यालय में आने से विस्थापितों के लिए बहुत ही खुशी की खबर है और इसके लिए डिप्टी स्पीकर विनय कुमार का धन्यवाद करते हुए संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने बताया कि जो रेणुका डैम में विधवा कोई हमारी बहन हो उनको पेंशन का प्रावधान एचपीसीएल के द्वारा किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# पेयजल योजनाओं में गाद, गहराया पेयजल संकट

## निगम को मिला मात्र 56 लाख लीटर पानी, कई कॉलोनियों में पांच दिन बाद भी नहीं आया पानी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में पेयजल व्यवस्था सुधारने की अभी कोशिश शुरू ही हुई थी कि मुख्य पेयजल योजनाओं गिरि और अश्वनी योजना में बरसात के चलते गाद की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे सोलन शहर को पानी की लिफ्टिंग में दिक्कत आ गई। पानी में गाद की समस्या के कारण रविवार को सोलन के मुख्य टैंकों में मात्र 56 लाख लीटर पानी मिला, जबकि मांग 90 लाख की है।

निगम ने आईटीआई एरिया, सूर्या विहार, साइंटिस्ट कॉलोनी और चंबाघाट में पानी की सप्लाई के लिए वार्ड 14 की हाउसिंग कॉलोनी और 13 के कलीन एरिया में 5 से 6 दिन बाद भी लोगों को पानी नहीं मिला। ऐसे में पेयजल समस्या हल होने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को निराशा ही हाथ लगी। ऐसे में शहर वासियों को बरसात में भी पानी को तरसना पड़ रहा है। नगर निगम सोलन और जल शक्ति विभाग ने पिछले दिनों पानी की व्यवस्था सुधारने के लिए मरम्मत कार्य और अवैध कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की पर हालात जस के तस हैं। इससे लोगों में दोनों विभाग के खिलाफ रोष है। उपभोक्ताओं की शिकायतों से तंग आकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने फोन उठाना बंद कर दिया है। ऐसे में शहर की करीब एक लाख आबादी को प्यास बुझाने में पसीने छूट रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन की प्यास बुझाने वाली गिरी पेयजल योजना में बरसात के चलते आई गाद।

### दूरवर्ती क्षेत्रों में नहीं पहुंचता प्रेशर

मुख्य टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। इसके चलते लोगों की घरों में लगी टैंकियों में पानी नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, हाउसिंग कॉलोनी, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है। प्रेशर की कमी के चलते लोगों को मांगा अनुसार पानी नहीं मिलता, जिससे लोग वाटर टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर हैं।

> नगर निगम को जल शक्ति विभाग से 56 लाख लीटर पानी ही मिल पाया। इसके चलते रविवार को कई कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति नहीं हुई। पानी की उपलब्धता के हिसाब से ही लोगों को सप्लाई दी जा रही है।
> **अल्पना ठाकुर, एसडीओ, नगर निगम सोलन।**

### शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल

जानकारी के मुताबिक जल शक्ति विभाग की गिरि और अश्विनी उठाऊ पेयजल योजनाओं में मांग अनुसार पानी नहीं मिलने से नगर निगम सोलन को शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में पानी की राशनिंग की जा रही है। हालात ऐसे हैं कि शहर के वार्ड क्षेत्रों में सप्ताह में एक दिन पानी की आपूर्ति जा रही है। इससे उपभोक्ताओं की मांग पूरा करना मुश्किल हो चुका है। लोगों को वाटर टैंकर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे लोगों में नगर निगम और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ रोष पनप रहा है। सप्ताह में एक दिन पानी की सप्लाई के बावजूद गुजारा नहीं हो रहा है। प्रेशर नहीं होने से टंकियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इतना ही नहीं लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में नियम के मुताबिक पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है।

## ओयली में व्यक्ति की जहर निगलने से मौत

**आर मोहन चौहान, सोलन।** पुलिस थाना सोलन के तहत गांव ओयली में एक व्यक्ति की जहर खाने से मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना को सूचना मिली कि भरत लाल पुत्र गुलाबू राम निवासी गांव ओयली डाकघर मशीवर, तहसील व जिला सोलन उम्र 45 वर्ष ने जहर खा लिया है, जिसे क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले गए हैं, जहां से उसे आगामी इलाज के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया था, परंतु रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।

सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची, जहां पर मृतक भरत लाल का शव स्ट्रेचर पर शव गृह में रखा गया था। मौके पर गवाहों व मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किए गए। गवाहों के बयानों के अनुसार पाया गया है कि छह जुलाई को मृतक भरत लाल सोलन में ही मौजूद था, जिसने करीब एक बजे दिन अपने साले दीप राम को फोन करके बताया कि इसने दवाई खा ली है और कहा कि वह कहां है, जिस पर उसके साले ने उसे कहा कि वह क्षेत्रीय अस्पताल में ही मौजूद है। उसके थोड़ी देर बाद भरत लाल स्वयं ही क्षेत्रीय अस्पताल सोलन पहुंच गया, जिसे धक्के लग रहे थे और उस समय उसने शराब का सेवन कर रखा था। भरत लाल को आपातकालीन कक्ष में रखा गया, जो अपनी सुध-बुध खो बैठा था व बयान देने के काबिल न था। उसकी ज्यादा तबीयत खराब होने के कारण चिकित्सकों ने उसे क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से आईजीएमसी रेफर किया, परंतु उसकी रास्ते में ही मौत हो गई थी। मामले में धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# कृष्ण भक्ति में झूमता नाचता नजर आया नाहन

## धूमधाम से निकाली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, राजीव बिंदल ने निभाई शुभारंभ की परंपरा

**एसपी जैरथ, नाहन**





नाहन में निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा।

ऐतिहासिक शहर नाहन में भगवान जगन्नाथ की 16वीं भव्य नगर रथयात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। 28 जून से श्रीमद् भागवत कथा के साथ प्रारंभ हुई इस भव्य रथयात्रा का शुभारंभ परंपराओं का निर्वहन करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल द्वारा किया गया।

रविवार को रथ यात्रा के शुभारंभ से पहले प्रात: आठ बजे विग्रह पूजन के साथ आयोजित यज्ञ में श्रद्धालुओं के द्वारा पूर्ण आहुति दी गई। बड़ा चौक स्थित प्राचीन ऐतिहासिक भगवान जगन्नाथ के मंदिर से अपनी बहन सुभद्रा देवी और बड़े भाई बलभद्र और भगवान श्री कृष्ण जी विग्रह के रूप में पालकियों में सवार होकर दिल्ली गेट बाजार से चौगान मैदान होते हुए काली स्थान मंदिर पहुंचे। ढोल-नगाड़ों के साथ श्रद्धालुओं ने पालकियों को कंधों पर सजाकर भगवान जगन्नाथ जी को रथारूड करने के लिए चौगान मैदान पहुंचे। श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आयोजन मंडल के अध्यक्ष प्रकाश बंसल की ओर से श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी गईं। इसके बाद रथयात्रा मुख्य पुजारी पंडित रामदूत के द्वारा स्वस्ति मंत्रों के साथ आरती पूजन के बाद ब्रह्मांड पिता भगवान जगन्नाथ जी को छप्पन भोग समर्पित किए गए। रथ यात्रा प्रबंधन के द्वारा रथ के आगे झाड़ू लगाने की परंपरा निभाते हुए रथ को गति दी गई। इस भव्य रथ को जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा खींचा गया, तो वहीं क्या पुरुष, क्या नारियां, बच्चा-बच्चा कृष्ण भक्ति में झूमता नाचता नजर आया। पंडित राम दत्त शास्त्री ने बताया कि श्री जगन्नाथ जी के रथ को खींचने से सहयोगियों के बराबर पुण्य मिलता है। उन्होंने बताया कि यह रथ भगवान के विराजमान होने के बाद बुद्धि चित्त और अहंकार का स्वरूप होता है। उन्होंने बताया कि रथ रूपी शरीर में आत्मा रूपी भगवान श्री जगन्नाथ जी साक्षात रूप में विद्यमान होते हैं। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा शरीर और आत्मा के मेल की ओर संकेत करता है और यह आत्म दृष्टि बनाए रखने में भी प्रेरणा देता है। (अनंत ज्ञान)

## शहीद कुलभूषण मांटा और पवन कुमार को उचित सम्मान दे प्रदेश सरकार : भाजपा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के सर्वोत्तम संस्थान राष्ट्रपति भवन में गत 6 जुलाई को संपन्न हुए अर्ध सैनिक बलों व सेना के अदम्य साहस और असाधारण वीरता पुरस्कारों में हिमाचल के वीर सपूतों के असाधारण साहस वीरता को भारतीय जनता पार्टी शत-शत नमन करती है।



उनके बलिदान की सदैव ऋणी है। आने वाली पीढ़ियों के लिए इनका बलिदान, धैर्य व साहस एक आदर्श है। शिमला के चौपाल क्षेत्र के गोठ गांव के राइफलमैन शहीद कुलभूषण माटा को शहादत उपरांत शौर्य एवं कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। कश्मीर के बारामूला में आतंकवादियों से मुठभेड़ में अपने प्राणों की आहुति इस देश की प्रगति और शांति के लिए दी थी। शहीद कुलभूषण की धर्मपत्नी हमारी बहन नीतू कुमारी, माता दुर्गा देवी ने यह सम्मान प्राप्त किया है। शहीद कुलभूषण के बलिदान के समय उनके पुत्र की आयु केवल अढ़ाई माह थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए शहीदों के परिवार के लिए अवश्य अपनी जिम्मेदारी महसूस करेगी। शहीद सिपाही पवन कुमार दंगील कीर्ति चक्र से सम्मानित रामपुर के पृथ्वी गांव के सपूत है। उनकी शहादत पुलवामा के अवंतीपुरा क्षेत्र में उस समय आतंकवादियों से मुठभेड़ में हुई, जब आतंकवादी एक मस्जिद को अपवित्र करने उसमें घुसने का प्रयास कर रहे थे। मस्जिद की पवित्रता बनाए रखने के लिए शहीद पवन ने अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करते हुए, अपने प्राणों की आहुति दी और वीरगति को प्राप्त हुए उनकी शहादत के उपरांत पिता शिशुपाल व माता ने शहीद के सम्मान में कीर्ति चक्र प्राप्त किया। प्रदेश सरकार से उनके वृद्ध माता-पिता के प्रति जिम्मेदार होने की अपेक्षा की है। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री को देहरा में अपनी पत्नी की हार का सता रहा डर : प्रताप

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को देहरा से अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर की हार का डर सता रहा है क्योंकि उन्होंने आज तक देहरा का कोई भी विकास नहीं किया है और अब चुनाव हारने की डर से मुख्यमंत्री देहरा की जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखा रहे हैं।



रावत ने बताया कि देहरा की जनता भली-भांती जानती है कि कांग्रेस पार्टी के नेता चुनाव जीतने के लिए जनता को झूठी गारंटी देते हैं, लेकिन जनता अब झूठी गारंटी देने वाले नेता के झांसे में आने वाली नहीं है। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने झूठ का सहारा लेकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाई है, लेकिन प्रदेश की जनता ने झूठ को बेनकाब करते हुए लोकसभा चुनाव में झूठी गारंटी देने वाले नेताओं को लोकसभा की चारों सिटे हराकर करारा तमाचा मारा है। इसी का डर मुख्यमंत्री को इन तीन विधानसभा उपचुनाव में भी सता रहा है। इन तीनों विधानसभा क्षेत्र की जनता को पता है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में तीस हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया है, लेकिन उसके उपरांत भी प्रदेश का विकास बंद पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

## सरकार उपचुनाव जीतने के लिए पूर्णतया तानाशाही पर उतर आई : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



रविवार को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जानकारी देते हुए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नालागढ़ में कहा कि सरकार ने चुनाव के नाम पर ठेकेदारों से भारी वसूली की है, अब कांग्रेस के लिए समर्थन मांग रहे हैं। भाजपा को समर्थन देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दे रहे हैं।

जयराम ने कहा कि सरकार उपचुनाव जीतने के लिए पूर्णतया तानाशाही पर उतर आई है और भाजपा के समर्थकों को परेशान करने के लिए हर जतन कर रही है। सरकार चाहती है कि कोई भी भाजपा को किसी प्रकार का सहयोग और समर्थन न दें। दुकानों पर भाजपा के झंडे लटकाने पर दुकानदारों को प्रताड़ित किया जा रहा है, उन्हें पुलिस द्वारा डराया धमकाया जा रहा है। अब तक सिर्फ उपचुनाव वाले तीनों विधानसभा क्षेत्रों में हजारों दुकानदारों के यहां इसलिए छापा मारा क्योंकि उन्होंने भाजपा का झंडा अपने दुकानों पर लगाया हुआ था।

इसी तरह से कर्मचारियों को भी निशाना बनाया जा रहा है। कोई भी कर्मचारी भाजपा के पक्ष में कोई बात न कर दे, उस पर नजर रखी जा रही है। संबंधित विभाग के मंत्रियों की ओर से कर्मचारियों की मॉनीटरिंग करवाई जा रही है और भाजपा का सहयोग न करने की सख्त चेतावनी दी जा रही है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के नालागढ़ प्रत्याशी केएल ठाकुर, पूर्व विधायक लखविंद्र राणा, परमजीत सिंह पम्मी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 60 विशेष बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**आर मोहन चौहान, सोलन।** रोशनी डे केयर सेंटर सोलन में स्पेशल ओलंपिक के माध्यम से एनएचपीसी की ओर से स्थापित स्पोर्ट्स सेंटर के विशेष बच्चों के लिए मुफ्त जांच शिवर का आयोजन एमएमयू के अर्बन हेल्थ सेंटर मुरारी मार्केट में आयोजित किया गया। इस शिवर का शुभारंभ उषा कंवर पाल समाजसेवी ने किया उनके साथ डॉ. राजेश कश्यप विशिष्ट अतिथि व संस्था के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस शिविर में विभिन्न संस्थाओं के लगभग 60 विशेष बच्चों का स्वास्थ्य जांचा गया। एमएमयू के डॉ. दीपक कुमार, डॉक्टर अर्चित, डॉ. दिव्या, डॉ सृष्टि, डॉ पल्लवी, डॉक्टर दीक्षा व उनके सहयोगियों ने बच्चों के स्वास्थ्य जांच के उपरांत बच्चों के अभिभावकों डॉक्टर व अन्य सहयोगियों कोशीतल पेय व भोजन भी वितरित किया। (अनंत ज्ञान)

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी : डॉ. अमित

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

दूरदराज इलाकों में सरकारी योजनाओं के पहुंच को सुनिश्चित करने और आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के मकसद से नीति आयोग ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर तक चयनित ब्लॉक में संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है।



किन्नौर जिले के शीत मरुस्थल क्षेत्र पूह आकांक्षी ब्लॉक में शनिवार को अभियान की शुरुआत की गई। डीसी किन्नौर डॉ. अमित शर्मा की अध्यक्षता में संपूर्णता अभियान की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान के तहत पूह क्षेत्रों में 40 इंडिकेटर पर फोकस किया जाएगा। अभियान के तहत ब्लॉक में लोगों को 30 सितंबर तक केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लाभार्थियों को चिन्हित किया जाएगा।

अभियान के लक्षण की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और लोगों ने कार्यक्रम में शपथ ग्रहण की। नीति आयोग ने देश के अकांशी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत 500 ब्लॉक में पूह ब्लॉक प्रथम स्थान पर आई है। नीति आयोग से तीन करोड़ का इनाम प्राप्त होगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि पूह ब्लॉक में सभी पंचायतों में सरकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## डेंगू के बढ़ते मामलों का लिया जायजा

**एसपी जैरथ, नाहन**



डेंगू के बढ़ते हुए मरीजों को लेकर समीक्षा बैठक करते सीएमओ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने जिले में डेंगू के बढ़ते हुए मरीजों की गंभीरता को देखते हुए जिले के सभी कार्यक्रम अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारियों के साथ विशेष वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

डॉ. अजय पाठक ने प्रत्येक खंड में डेंगू एवं अन्य बुखार संबंधित बीमारियों का जायजा लिया। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेंगू आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए छिड़काव निदान एवं उपचार संबंधी सामान की उपलब्धता नगर पालिका एवं पंचायतीराज संस्थानों के माध्यम से सुनिश्चित करें।

उन्होंने आशा वर्कर्स को आदेश दिए कि वह लोगों को डेंगू के लक्षण के बारे में अवगत करवाने के साथ सार्वजनिक स्थानों पर डेंगू के बारे में जागरूकता बढाएं। डॉ. पाठक ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें। टायरों, गमलों में पानी न इकट्ठा होने दें, सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान, पशु-पक्षियों के पानी के वर्तन आदि को सुखा कर पानी भरें, मच्छरदानी का प्रयोग करें। (अनंत ज्ञान)

**बरसात** | लोक निर्माण विभाग ने 128 किलोमीटर लंबी सड़कों पर करनी थी टारिंग

# सड़कों की टारिंग का कार्य तीन महीने के लिए रुका

**एसपी जैरथ, नाहन**



सिरमौर में लोक निर्माण विभाग ने 128 किलोमीटर लंबी सड़कों पर टारिंग का कार्य शुरू किया था, लेकिन अब बरसात शुरू होने के बाद सड़कों को सुधारने के कार्य पर ब्रेक लग गई है ।

करीब 58 किलोमीटर लंबी सड़कें आज भी खस्ताहाल हैं। पहले कोड ऑफ कंडक्ट ने तो अब बरसात ने सड़कों पर टारिंग का कार्य रोक दिया है। सड़कों को सुधारने के लिए शुरू किए गए कार्य के अधर में लटकने के चलते उक्त सड़कों से जुड़े लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाहन सर्कुलर रोड की अगर बात करें, तो बरसात के चलते गोरा भवन पर मार्ग पर टारिंग कार्य बंद किया गया है। अधर में लटके टारिंग कार्य को अब लोक निर्माण विभाग अक्तूबर माह में पुन शुरू करेगा क्योंकि बरसात के चलते बीते दिनों की गई टारिंग भी अब कई क्षेत्रों में उखड़ने लगी है। लोक निर्माण विभाग के एससी अरविंद कुमार ने बताया कि जिले में 128 किलोमीटर लंबी सड़कों पर टारिंग का कार्य शुरू करने के लिए मार्च माह में टेंडर अवार्ड कर दिए गए थे, लेकिन कोड ऑफ कंडक्ट लगने के चलते कार्य शुरू नहीं हो पाया। चुनाव के बाद शुरू किए गए कार्य के बाद अब तक 70 किलोमीटर तक की सड़कों पर टारिंग की जा चुकी है। अब बरसात शुरू होने के चलते टारिंग का कार्य एक बार फिर रोकना पड़ा है। शेष 58 किलोमीटर लंबी सड़कों पर टारिंग का कार्य अक्तूबर माह में किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## बरसात में नदियों, खड्डों और नालों से दूर रहें लोग : डीसी

**एसपी जैरथ, नाहन**

डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर, सुमित खिमटा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम-मानसून हिमाचल प्रदेश में पूर्ण रूप से सक्रिय है तथा सिरमौर जिला विभिन्न प्रकार की आपदाओं के लिए अति संवेदनशील की श्रेणी में आता है।



उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम के दौरान जिले में विभिन्न स्थानों पर भू-स्खलन व बाढ़ जैसी घटनाएं घटित होती हैं व मानसून के दौरान जिला सिरमौर में गिरि, यमुना, मारकंडा, जलाल, बाता, टोंस आदि नदियों में लोगों के डूबने की अप्रिय घटनाएं होती हैं। ऐसी अप्रिय घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी नागरिकों को चेतावनी दी जाती है कि नदियों एवं खड्डों, नालों और घाटों के समीप जाने से और इनमें नहाने एवं अन्य किसी प्रकार की गतिविधियों से परहेज करें, ताकि बरसात के दौरान होने वाले किसी संभावित खतरे से बचा जा सके। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे राजावत



**कैलगेरी।** प्रियांशु राजावत को यहां पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ सीधे गेम मे हार का सामना करना पड़ा, जिससे कनाडा ओपन सुपर-500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत को दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी लेनियर के खिलाफ 45 मिनट में 17-21, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। राजावत ने इससे पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच एकमात्र मुकाबले में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के क्वालीफिकेशन में लेनियर को हराया था। क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराने वाले राजावत ने मुकाबले में सकारात्मक शुरुआत करते हुए 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन लेनियर वापसी करते हुए 7-4 से आगे हो गए। कड़े मुकाबले के बीच राजावत ने कुछ मौकों पर बढ़त बनाई, लेकिन वह विरोधी के दबाव का सामना नहीं कर पाए जिसने 15-16 के स्कोर पर लगातार पांच अंक के साथ गेम प्वाइंट हासिल किया और फिर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में लेनियर शुरू से ही हावी रहे। उन्होंने 8-2 की बढ़त बनाई और फिर इसे 14-3 किया जिसके बाद फ्रांस के इस खिलाड़ी को गेम और मैच जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई।

### विनेश ने स्पेन ग्रां प्री का स्वर्ण पदक जीता

**मैड्रिड ।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किलोवर्ग का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैम्पियनशिप



कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। पूर्व में रूस की खिलाड़ी रही मारिया अब तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलती है। बुधवार को ऐन मौके पर शेंगेन वीजा पाने वाली विनेश ने तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई । विनेश ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराया। इसके बाद कनाडा की मेडिसन पार्क्स को चित किया और सेमीफाइनल में कनाडा की ही कैटी डचाक को 9-4 से मात दी।

### रेसलर जॉन सीना ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** डब्लूडब्लूई इतिहास के महान रेसलर की फेहरिस्त में शामिल जॉन सीना ने संन्यास की घोषणा की है। वह अगले साल आखिरी बार डब्लूडब्लूई के रिंग में उतरेंगे। इस खबर से उनके चाहने वालों में मायूसी है। कनाडा के टोरंटो में आयोजित डब्लूडब्लूई 'मनी इन द बैंक' के लाइव मैच के दौरान जॉन सीना ने अपने रिटायरमेंट की घोषणा की। डब्लूडब्लूई की तरफ से इसका एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया गया है, जिसमें उनके चाहने वालों ने मायूसी का इजहार किया है। उल्लेखनीय है कि जॉन सीना ने 16 बार विश्व खिताब जीता है। 47 वर्षीय जॉन सीना ने 2001 में रेसलिंग की दुनिया में कदम रखा था। डब्लूडब्लूई से अनुबंध मिलने के बाद उन्होंने लगातार जबरदस्त प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2018 में अभिनय की दुनिया में भी कदम रखा और कई हॉलिवुड फिल्मों में नजर आए।



### मैराथन में मुन्ना व विपाशा ने हासिल किए प्रथम स्थान

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** पूह में संपूर्णता अभियान के अवसर पर मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें पूह खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के आठ स्कूलों के 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों की मैराथन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिब्बा के मुन्ना ने प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पूह के प्रेम द्वितीय तथा कुन्जंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की मैराथन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कानम की विपाशा ने प्रथम , राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मूरंग की करिश्मा ने द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कानम की चन्द्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### क्रिकेट कोच के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ (केसीए) के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था। बयान में कहा गया है कि उसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत रिमांड पर लिया गया है। आयोग ने बताया कि केसीए ने कहा कि उन्हें इन घटनाओं की जानकारी नहीं थी। बयान में कहा गया कि एक पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद कई अन्य लड़कियों ने भी क्रिकेट कोच के खिलाफ इसी तरह के आरोप लगाए हैं।

### टेस्ट मैचों के लिए एक विशेष विंडो की जरूरत : कमिंस

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टेस्ट मैचों के लिए एक विशेष विंडो की जरूरत है ताकि आईपीएल जैसी फ्रैंचाइजी आधारित लीग खेलने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ी अपना व्यक्तिगत कार्यक्रम तय कर सकें और उसके अनुसार तैयारी करें। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अब हर साल अप्रैल और मई में एक विशेष विंडो होती है जिस दौरान बहुत ज्यादा टेस्ट मैच नहीं होते। कमिंस ने कहा, ''कुछ देशों के लिए फ्रैंचाइजी क्रिकेट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अधिक आकर्षक है। अगर मैं जाकर फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलूं तो मैं शायद आस्ट्रेलिया के लिए जितना खेलता हूं, उसके आधे या एक तिहाई मैच में बाहर रहूंगा। '' कमिंस ने कहा, ''आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट नवंबर से जनवरी तक खेला जाता है तो इस समय में हमारे बीच कोई अन्य क्रिकेट नहीं आएगा। अगर हम आईपीएल के लिए विशेष विंडो बना सकते हैं तो टेस्ट के लिए भी विंडो हो सकती है। इससे खिलाड़ियों के लिए फैसला करना काफी आसान हो जाएगा। ''

**भारत vs जिम्बाब्वे**

## भारत ने 100 रनों से जीता दूसरा टी-20, जिम्बाब्वे को 134 रनों पर समेटा

# टीम इंडिया की जीत में चमके अभिषेक

**एजेंसी, हरारे**

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की।

बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली 13 रन की हार से वापसी करते हुए भारत ने अभिषेक के आठ छक्के और सात चौके जड़ित शतक से टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था।

भारत ने फिर मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। भारत ने इस तरह टी-20 में जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की।

जिम्बाब्वे के लिए सलामी बल्लेबाज वेस्ले माधेवेर ने 43 रन, ल्यूक जोंगवे ने 33 रन और ब्रायन बेनेट ने 26 रन की पारी खेली। इनके अलावा जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कैंपबेल के बेटे जोनाथन कैंपबेल (10 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। पिछले मैच में पदार्पण के दौरान चार गेंद में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए रूतुराज गायकवाड़ (47 गेंद में नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभायी। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छक्के जड़ने वाले सबसे शानदार खिलाड़ी अभिषेक को 27 रन पर जीवनदान मिला जब मसाकाद्जा ने ल्यूक जोंगवे की गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद इस भारतीय बल्लेबाज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

अभिषेक ने अपने अंतरराष्ट्रीय रन का खाता ऑफ स्पिनर ब्रायन बेनेट की गेंद पर छक्का लगाकर खोला। उन्होंने डियोन मायर्स की गेंद पर स्क्वायर के पीछे छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। मेयर्स के एक ओवर में बने 28 रन के बाद भारतीय पारी ने तूफानी रफ्तार पकड़ी। प्रतिद्वंद्वी कप्तान सिकंदर रजा की गेंद पर लगा अभिषेक का छक्का सबसे आकर्षक रहा। उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर मसाकाद्जा पर लगातार तीन छक्के जड़े और फिर अपना शतक पूरा करते ही उनकी गेंद पर आउट हो गए।






### रिंकू और गायकवाड़ ने मचाया धमाल

चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे रिंकू सिंह ने भी रनों की रफ्तार को कम नहीं होने दिया और गायकवाड़ के साथ मिलकर तेजी से रन बटोरे। इस बीच गायकवाड़ ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का चौथा पचासा जड़ दिया है। दोनों बल्लेबाजों ने अंतिम ओवरों में चौके-छक्के जड़ते हुए टीम के स्कोर को 20 ओवर में 234 रनों तक पहुंचा दिया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गिल क. ब्रायन ब. मुजारबानी | 02 | 04 | 0/0 |
| अभिषेक क. मायर्स ब. मसाकाद्जा | 100 | 47 | 7/8 |
| गायकवाड़ (नाबाद) | 77 | 47 | 11/1 |
| रिंकू (नाबाद) | 48 | 22 | 2/5 |
| **अतिरिक्त** | 07 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **234/2** | | |

**विकेट पतन** : 1-10, 2-147.

**गेंदबाजी :** ब्रायन 2-0-22-0, मुजारबानी 4-1-30-1, चतारा 4-0-38-0, सिकंदर 3-0-34-0, ल्यूक 4-0-53-0, मायर्स 1-0-28-0, मसाकाद्जा 2-0-29-1.

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केइया ब. मुकेश | 04 | 03 | 1/0 |
| मधेवेर ब. बिश्नोई | 43 | 39 | 3/1 |
| ब्रायन ब. मुकेश | 26 | 09 | 1/3 |
| मायर्स क.रिंकू ब. आवेश | 00 | 01 | 0/0 |
| सिकंदर क. जुरेल ब. आवेश | 04 | 04 | 1/0 |
| कैंपबेल क. बिश्नोई ब. वॉशिंगटन | 10 | 18 | 0/0 |
| क्वाइव पगबाधा ब. बिश्नोई | 00 | 04 | 0/0 |
| मसाकाद्जा (रन आउट) | 01 | 03 | 0/0 |
| ल्यूक क. गायकवाड़ ब. मुकेश | 33 | 26 | 4/0 |
| मुजारबानी क. वॉशिंगटन ब. आवेश | 02 | 04 | 0/0 |
| चतारा (नाबाद) | 00 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 11 | | |
| **कुल : (18.4 ओवर)** | **134/10** | | |

**विकेट पतन** : 1-4, 2-40, 3-41, 4-46, 5-72, 6-73, 7-76, 8-117, 9-123, 10-134.

**गेंदबाजी :** मुकेश 3.4-0-37-3, अभिषेक 3-0-36-0, आवेश 3-0-15-3, बिश्नोई4-0-11-2, वॉशिंगटन 4-0-28-1, पराग 1-0-5-0.

## पाकिस्तान चैंपियंस ने भारतीय चैंपियंस को 68 रनों से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स

इंग्लैंड में हो रहे वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान चैंपियंस ने भारतीय चैंपियंस को 68 रनों से हरा दिया। इस मैच में इंडिया चैंपियंस के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैच में पाकिस्तानी चैंपियंस की तरफ से बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए उसके 3 बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए और 243 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में इंडिया चैंपियंस की टीम सिर्फ 175 रन बना सकी।

भारत की शुरुआत अच्छी रही। भारतीय टीम ने 5 ओवर में 1 विकेट खोकर 51 रन बनाए, लेकिन उसके बाद टीम बैकफुट पर नजर आई। भारत की ओर से सबसे ज्यादा सुरेश रैना ने 40 गेंदों में 4 चौके व 2 छक्के के साथ 52 रन जड़े। अंबाती रायुडू ने 39, रॉबिन उथप्पा ने 22, युवराज सिंह ने 14, इरफान पठान ने 15 और अनुरीत सिंह ने नाबाद 20 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए वहाब रियाज और शोएब मलिक ने अच्छी गेंदबाजी की। इन दोनों ही गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। सोहेल खान और सोहेल तनवीर के खाते में 1-1 विकेट आया।

इससे पहले पाकिस्तान चैंपियंस के लिए कामरान अकमल और शरजील खान ने तूफानी शुरुआत दी।

दोनों प्लेयर्स ने ताबड़तोड़ अंदाज में रनों की बरसात कर दी। कामरान ने 40 गेंदों में 77 रन और शरजील ने 30 गेंदों में 72 रन बनाए। इसके बाद आए शोएब मकसूद ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 26 गेंदों में 51 रन बनाए। शोएब मलिक ने 25 रनों का योगदान दिया।

## महेंद्र सिंह धोनी ने सलमान खान के साथ मनाया 43वां जन्मदिन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आज यानी 7 जुलाई को 43 साल के हो गए हैं। माही ने अपना जन्मदिन बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ मनाया।

इस दौरान वहां मौजूद उनकी पत्नी साक्षी धोनी ने उनके पैर भी छुए। इस शानदार पल का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब



वायरल हो रहा है और फैंस इसे पसंद कर रहे हैं।

## अभय ने एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण

**एजेंसी, जोहोर ( मलेशिया )**

प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए। एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। इसके बाद अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की।



अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में मलेशिया के ओंग साई हुंग और सियाफिक कमाल की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-4, 11-5 से शिकस्त दी। इसके बाद अभय और जोशना की तीसरी वरीय जोड़ी ने टोंग सेज विंग और टांग मिंग होंग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को मिश्रित युगल फाइनल में 11-8, 10-11, 11-5 से हराया।

## रोहित की कप्तानी पर पूरा भरोसा : शाह

**नई दिल्ली ।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि टी-20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट में भारत की अगुवाई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतेगा। कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

शाह ने कहा, ''अगला चरण डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे।''

अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन आठ साल बाद (ब्रिटेन में 2017 के बाद से) किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है, लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह 'हाईब्रिड मॉडल' लागू करने पर जोर देगा।

## विंबलडन : जोकोविच प्री-क्वार्टर फाइनल में, इगा स्वियातेक हारी



**एजेंसी, लंदन**

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

दूसरी तरफ स्वियातेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर-वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। इसके साथ ही स्वियातेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया। पुरुष एकल में चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कैमरन नोरी को सीधे सेट में 6-4, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी।

अमेरिका के 14वें वरीय बेन शेल्टन ने डेनिस शापोवालोव को 6-7, 6-2, 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## पनामा को 5-0 से रौंदकर कोलंबिया कोपा अमेरिका के अंतिम-4 में

**एजेंसी, ग्लेनडेल ( एरिजोना )**

कोलंबिया ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई।

रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। मध्यांतर तक कोलंबिया की टीम 3-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की।



### उरुग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को हराया

**लॉस वेगास।** मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरुग्वे ने ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए। उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया गया, लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी।

**यूरो-2024**

## अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला बराबर था, पेनल्टी शूटआउट से हुआ फैसला

# स्विट्ज़रलैंड को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**एजेंसी, डसेलडोर्फ ( जर्मनी )**

इंग्लैंड ने पेनल्टी शूटआउट में स्विट्ज़रलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूटआउट में 5-3 से जीत दर्ज की।

ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे। वर्ष 2021 में यूरो के फाइनल में बुकायो साका की पेनल्टी किक बचाए जाने के कारण इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने भी शूटआउट में गोल दागा। इससे पहले उन्होंने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था।



स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में मैच जीतने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

### तुर्की को 2-1 से हराकर नीदरलैंड चैंपियनशिप के अंतिम-4 में

**बर्लिन ।** नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तुर्की को 35वें मिनट में सामेत अकेदिन ने बढ़त बनाई, जिसके बाद स्टीफन डि व्रिज ने 70वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। डि व्रिज के गोल के छह मिनट बाद मर्ट मुल्डुर ने आत्मघाती गोल दागा जिससे नीदरलैंड ने 2-1 की बढ़त बना ली जो अंत में निर्णायक साबित हुई।

EURO2024 GERMANY

### स्कोर कार्ड

| इंग्लैंड | | स्विट्ज़रलैंड |
|---|---|---|
| 13 | शॉट | 11 |
| 03 | लक्ष्य पर शॉट | 03 |
| 52% | नियंत्रण | 48% |
| 670 | पास | 623 |
| 08 | फाऊल | 13 |
| 01 | येलो कॉर्ड | 02 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 03 | ऑफ साइड | 00 |
| 04 | कार्नर | 03 |

## न्यूज ब्रीफ

### इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या 7 हुई

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में छह मंजिला इमारत ढहने की घटना में रात में छह और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमारत के किराएदारों से किराया वसूलने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर तथा इमारत के दो मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पाल इलाके में स्थित यह आवासीय इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी और शनिवार दोपहर करीब 2:45 बजे ढह गई। मृतकों में से ज्यादातर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कपड़ा मजदूर थे।

### शातिरों ने महिला से 80.31 लाख ठगे



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर शातिरों ने शहर की एक महिला से 80.31 लाख रुपए ठग लिए। शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 111(1), 111(3) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### कनाडा में पक्के होने का सुनहरा अवसर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** अगर आप कनाडा में काम करना चाहते हैं तो आपके पास बेहद खास मौका है। कनाडा सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले कुशल लोगों की आवश्यकता है क्योंकि आज के युग में हर कोई कनाडा में बसकर अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहता है। इसके तहत कनाडा सरकार ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को पीआर देने का ऐलान किया है. कनाडा सरकार योग्य कुशल पेशेवरों और व्यापारियों को कई आव्रजन विकल्प या रोजगार की पेशकश जारी रखती है। इनमें ट्रक ड्राइवर, किसान, खाना पैक करने वाले और खेत मजदूर, एक सहायक, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, बढ़ई, वेल्डर, नर्स, अकाउंटेंट, शिक्षक, इंजीनियर, आईटी पेशेवर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, वकील आदि शामिल हैं। वर्क परमिट के लिए आवेदन करने के लिए कनाडा सरकार द्वारा अनुमोदित लेबर मार्केट इम्पैक्ट असेसमेंट, जिसे जॉब ऑफर के रूप में भी जाना जाता है, आवश्यक है। कनाडा के पीआर के लिए आवेदन की प्रक्रिया पारदर्शी होगी। अगर आप भी कनाडा में पीआर पाने का सपना पूरा करना चाहते हैं तो आज ही हमारे प्रधान कार्यालय, चंडीगढ़, जीआईसी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड में आ सकते हैं।(अनंत ज्ञान)

### संदीप पर जानलेवा हमला निंदनीय : अशोक तिवारी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** श्री हिंदू तख्त के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक तिवारी ने कहा कि जिस तरह से लुधियाना के अंदर शिवसेना नेता संदीप थापर के ऊपर जानलेवा हमला किया गया, बहुत ही निंदनीय है वहीं, जिस तरह से पंजाब पुलिस ने चंद घंटे के अंदर ही हमलावरों को गिरफ्तार किया और उन्हें सलाखों के पीछे दिया यह बहुत ही सराहनीय है। पंजाब पुलिस हमेशा ही कट्टरपंथियों के खिलाफ, आतंकवाद के खिलाफ, नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी सजा दिलाने के लिए वचनबद्ध है और आगे भी इसी तरह अच्छे कार्य करती रहेगी। तिवारी ने पंजाब के डीजीपी का आभार जताया तिवारी ने कहा कि पंजाब के अंदर कभी भी हिंदू सिख एक दूसरे के ऊपर हमला नहीं करते बल्कि एक दूसरे की मदद करते हैं। तिवारी ने कहा कि पंजाब में हिंदू सिख रिश्ता नाखून मास का रिश्ता ह। यह रिश्ता कभी खत्म नहीं हुआ और न कभी खत्म होगा जो लोग पंजाब की एकता और अखंडता को खराब करने की कोशिश करेंगे, उन्हें श्री हिंदू तख्त अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति मुंहतोड़ जवाब देगा। (अनंत ज्ञान)

### एएसएफ के प्रकोप के मद्देनजर 310 सूअरों को मारा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने कहा कि अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) के प्रकोप के बाद केरल के त्रिशूर जिले में लगभग 310 सूअरों को मार दिया गया है। इस प्रकोप का पता मदक्कथरन पंचायत में चला जिसके बाद राज्य के पशुपालन विभाग ने तुरंत कार्रवाई की। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पांच जुलाई को इस क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में सूअरों को मारने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दलों को तैनात किया गया था। यह देश में एएसएफ से निपटने के क्रम में नवीनतम घटना है, जो पहली बार मई 2020 में पूर्वोत्तर राज्यों असम और अरुणाचल प्रदेश में सामने आया था। तब से, यह बीमारी देश भर के लगभग 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गई है।

### श्रीलंका विदेशी अनुसंधान जहाजों पर हटाएगा प्रतिबंध

**कोलंबो।** श्रीलंका ने विदेशी अनुसंधान जहाजों के आगमन पर अगले साल से प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया है। उच्च प्रौद्योगिकी वाले चीनी जासूसी जहाजों द्वारा श्रीलंकाई बंदरगाह पर लंगर डालने संबंधी बार-बार के अनुरोध के बाद जताई गई सुरक्षा चिंताओं के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिबंध हटाने के निर्णय की जानकारी श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने 'एनएचके वर्ल्ड जापान' को दी। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाजों की बढ़ती आवाजाही पर नई दिल्ली ने चिंता व्यक्त करते हुए इनके जासूसी जहाज होने का अंदेशा जताया था और कोलंबो से आग्रह किया था कि वह ऐसे जहाजों को अपने बंदरगाहों पर न आने दे। भारत की ओर से चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने जनवरी में अपने बंदरगाह पर विदेशी अनुसंधान जहाजों के लंगर डालने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस साल की शुरुआत में एक चीनी जहाज के लिए हालांकि छूट दी गई थी।

### पंजाब एंड सिंध बैंक खोलेगा 100 नई शाखाएं

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा कि सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी। बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है।

### झारखंड में इमारत ढही, तीन लोगों की मौत



**देवघर (झारखंड)।** झारखंड के देवघर जिले में रविवार की सुबह एक इमारत ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि देवघर के एक इलाके में सुबह करीब छह बजे दो मंजिला इमारत ढही। मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है और वहां राहत एवं बचाव अभियान जारी है। अधिकारी रंजन सिन्हा ने बताया कि मलबे में दबे छह लोगों को बाहर निकालकर यहां सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे समेत तीन अन्य का उपचार जारी है।

# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, बिहार में नदियां खतरे के निशान के करीब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्वी हिस्सों में मूसलाधार बारिश होने से बिहार में कई स्थानों पर विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है और असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहां बाढ़ से 30 जिलों के 24.5 लाख लोग प्रभावित हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में शनिवार शाम 6:30 बजे तक 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई और जम्मू में रातभर हुई भारी बारिश के कारण 30 वर्षीय एक महिला की डूबने से मौत हो गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से बात की और कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल प्रभावित लोगों को बचाने तथा राहत प्रदान करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं। असम बाढ़ से जूझ रहा है और राज्य के 30 जिलों में 24.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। कई स्थानों पर प्रमुख नदियां खतरे



चमोली जिले में बद्रीनाथ मंदिर के पास, ऊपरी इलाकों में भारी वर्षा के बाद अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ गया।

के निशान से ऊपर बह रही हैं। कछार, कामरूप, धुबरी, नगांव, गोलपाड़ा, बारपेटा, डिब्रूगढ़, बोंगाईगांव, लखीमपुर, जोरहाट, कोकराझार, करीमगंज और तिनसुकिया प्रभावित जिलों में शामिल हैं। तीन जिलों कामरूप (महानगर), कामरूप और डिब्रूगढ़ के शहरी इलाकों में भी बाढ़ की खबर है। इस साल बाढ़ में अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि भूस्खलन और तूफान में 12 अन्य लोगों की जान जा चुकी है। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, गुवाहाटी, ग्वालपाड़ा और धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के कारण 13 लोगों की मौत हो गई। ये मौतें फतेहपुर, रायबरेली, मैनपुरी, बुलंदशहर, कन्नौज, कौशांबी, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़ और उन्नाव में हुईं।

पचहत्तर जिलों में से 45 में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। श्रावस्ती में सबसे अधिक 65.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। राजस्थान में बारां जिले के शाहाबाद में 24 घंटे की अवधि में 195 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि राज्य में भारी बारिश जारी है।

जयपुर, बूंदी, कोटा, टोंक और बारां जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों समेत कई इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ के बावजूद राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र की होबलीवार वर्षा रिपोर्ट के मुताबिक कई क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है।

## रूस में मार गिराए यूक्रेन के ड्रोन से गोदाम में लगी आग



**एजेंसी, कीव**

पश्चिमी रूस के सीमावर्ती क्षेत्र के एक गांव को रविवार को खाली करा लिया गया, क्योंकि वहां मार गिराए गए एक यूक्रेनी ड्रोन के मलबे से पास के गोदाम में आग लगने से विस्फोट हो रहे थे। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने ने दी। सोशल मीडिया फुटेज में वोरोनिश क्षेत्र में काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा था, जबकि लगातार जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी गई।

गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने कहा कि गिरते मलबे के कारण 'विस्फोटक वस्तुओं में विस्फोट' हुआ। उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पोडगोरेंस्की जिले के एक नजदीकी गांव के निवासियों को निकाला गया है। आपातकालीन सेवाओं, सैन्य और सरकारी अधिकारियों के घटनास्थल पर काम करने के कारण सड़कें भी बंद कर दी गई हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने सुबह की प्रेस वार्ता में हमले के बारे में कुछ नहीं कहा, लेकिन कहा कि वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगराद क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया है। रूस के क्रास्नोदार प्रांत के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ड्रोन के मलबे के गिरने से एक तेल डिपो में आग लग गई थी।

## रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सांसद मनीष तिवारी से की बैठक

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



सेक्टर 11 के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने आज चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी और अन्य नेताओं के साथ सेक्टर 11 के मुख्य उद्यान में बैठक की, जिसमें चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लकी, क्षेत्र पार्षद सचिन गालव और पूर्व पार्षद चंद्रमुखी शर्मा शामिल थे। नेताओं का स्वागत अध्यक्ष आईपी सिंह और सेक्टर के अन्य निवासियों ने किया। निवासियों ने विभिन्न मुद्दों को सूचीबद्ध किया, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक है, जिसमें वर्षा जल संचयन के लिए चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा दिए गए नोटिस शामिल हैं, जिन्हें उन्होंने कम समय और जटिलताओं के कारण अव्यवहारिक बताया।

सांसद मनीष तिवारी ने विभिन्न मुद्दों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि वे प्रशासन के साथ वर्षा जल संचयन पर नोटिस के मुद्दे को उठाएंगे। सभी नेताओं ने सेक्टर निवासियों के साथ मिलकर इस अवसर पर पौधे भी लगाए। (अनंत ज्ञान)

### उत्तर भारत में दो दशकों में भू-जल घटा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में साल 2002 से लेकर 2021 तक लगभग 450 घन किलोमीटर भू-जल घट गया और निकट भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण इसकी मात्रा में और भी गिरावट आएगी। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर में सिविल इंजीनियरिंग और पृथ्वी विज्ञान के 'विक्रम साराभाई चेयर प्रोफेसर' और अध्ययन के मुख्य लेखक विमल मिश्रा ने बताया कि यह भारत के सबसे बड़े जलाशय इंदिरा सागर बांध की कुल जल भंडारण मात्रा का करीब 37 गुना है।

पूरे उत्तर भारत में 1951-2021 की अवधि के दौरान मानसून के मौसम (जून से सितंबर) में बारिश में 8.5 प्रतिशत कमी आई।

## उत्तराखंड की तर्ज पर दिल्ली में बनने जा रहा है केदारनाथ मंदिर

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड की तर्ज पर दिल्ली में केदार नाथ मंदिर बनने जा रहा है जिसकी शीला केदारनाथ से लाई गई है और इसका भूमि पूजन 10 जुलाई को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा किया जाएगा। केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

केदारधाम की तरह दिल्ली में भी एक भव्य मंदिर बनने पर भक्तों को यहां बाबा के दर्शन आसानी से मिल सकेंगे। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और श्री श्री 108 निरंजन पीठाधीश्वर



आचार्य महामंडलेश्वर कैलाश आनंद गिरि जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

इस मौके पर गोपाल मणि जी महाराज श्री कंचन गिरि महाराज का पावन सानिध्य श्री श्रद्धालु को प्राप्त होग। केदारनाथ धाम ट्रस्ट के फाउंडर और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र रौतेला ने कहा है कि उत्तराखंड में स्थित बाबा केदारनाथ धाम देश विदेश में रह रहे लोगों की आस्था का एक बहुत बड़ा केंद्र है उसको ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट इसकी स्थापना करने जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## अमरनाथ यात्रा बहाल: 6,145 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू** से रविवार तड़के 6,000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के चलते यात्रा को शनिवार को स्थगित कर दिया था, लेकिन रविवार को फिर शुरू कर दिया है।

अमरनाथ यात्रा के लिए 6,145 तीर्थयात्रियों का दसवां जत्था 238 वाहनों के दो काफिलों में जम्मू भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। एक सौ पंद्रह वाहनों के पहले काफिले में 2,697 तीर्थयात्री हैं। यह गंदेरबल जिले के बालटाल आधार शिविर के लिए तड़के करीब तीन बजकर 10 मिनट पर रवाना हुआ, जबकि 123 वाहनों का दूसरा काफिला 3,448 तीर्थयात्रियों के साथ अनंतनाग जिले के पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुआ है। तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग के 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गंदेरबल में बालटाल मार्ग से शुरू हुई थी और यह 19 अगस्त को समाप्त होगी।



### आठ दिन में 1.59 लाख भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**श्री** अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर में अमरनाथ मंदिर में पिछले आठ दिन में 1.59 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। हालांकि, भारी बारिश के कारण चल रही यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई थी, लेकिन शनिवार को 7 हजार 500 लोगों ने दर्शन किए, जिससे कुल श्रद्धालुओं की संख्या 1.59 लाख हो गई। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश और फिसलन भरे रास्तों के कारण शनिवार को यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया था।

## असम बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद करे केंद्र सरकार: प्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**असम** में बाढ़ की स्थिती को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया है। इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने केंद्र और राज्य सरकार से प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद करने की अपील की।

प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि असम में बाढ़ की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत ही दुखद है। लगातार बिगड़ती स्थिति के चलते लाखों लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। काजीरंगा में बड़ी संख्या में जानवरों की भी मृत्यु हुई है और कई घायल हैं। हमारी संवेदनाएं असम के लोगों के साथ हैं। मैं कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं से अपील करती हूं कि कृपया राहत एवं बचाव कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। राज्य एवं केंद्र सरकार से मेरी विनती है कि प्रभावित जनता की हर संभव मदद करें। इससे पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम में आई विनाशकारी बाढ़ पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि असम में बाढ़ की स्थिति लगातार खतरनाक होती जा रही है।

## मायावती बोलीं- आर्मस्ट्रांग हत्या केस की जांच सीबीआई को सौंपे सरकार

**एजेंसी, चेन्नई**



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने उनकी पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की।

आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को हत्या कर दी गई थी। मायावती ने दावा किया कि इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोग असल अपराधी नहीं हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया, ताकि न्याय मिल सके। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी।

### हाथरस हादसा: कांग्रेस सांसद ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखी चिट्ठी

## राहुल ने मुआवजा राशि बढ़ाने का किया आग्रह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने हाथरस हादसे को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी है।

उन्होंने यूपी सरकार से पीड़ित के परिजनों को मुआवजा राशि बढ़ाने और जल्द से जल्द प्रदान करने का आग्रह किया। राहुल ने पत्र के माध्यम से सीएम योगी को पीड़ित परिजनों की समस्याएं भी बताईं। राहुल ने 'एक्स' पर मुख्यमंत्री को लिखे पत्र को भी शेयर करते हुए लिखा कि हाथरस में भगदड़ हादसे से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर, उनका दुख महसूस कर और समस्याएं जान कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से उनसे अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मुआवजे की राशि को बढ़ाकर शोकाकुल परिवारों को जल्द से जल्द प्रदान करने का आग्रह किया।

इस दुख की घड़ी में उन्हें हमारी सामूहिक संवेदना और सहायता की आवश्यकता है।

**फैसला** भारतीय मानक ब्यूरो ने दी जानकारी, कहा- उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाया कदम

# अब बर्तनों पर भी आईएसआई मार्क जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बाजार** में आप जब भी स्टेनलेस स्टील या एल्युमीनियम के बर्तन खरीदने जाते हैं, तो अक्सर गुणवत्ता को लेकर संदेह रहता है। खरीददारी के वक्त अच्छा बर्तन लिया है या नहीं इसे लेकर आप असमंजस में रहते हैं। आपकी इस मुश्किल को आसान करने के लिए सरकार ने अब स्टेनलेस स्टील और एल्युमीनियम के बर्तनों पर भी आईएसआई मार्क लगाया अनिवार्य कर दिया है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने यह जानकारी दी और कहा यह कदम उपभोक्ता सुरक्षा तथा उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। देश में गुणवत्ता के प्रमाण के लिए सोने-चांदी की वस्तुओं पर आईएसआई का निशान लगाया अनिवार्य होता है। सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग की बीआईएस प्रणाली अप्रैल 2000 में शुरू की गई थी। सोने की किसी भी ज्वेलरी पर बना हुई आईएसआई मार्क यह प्रमाणित करता है कि ज्वेलरी भारत के राष्ट्रीय मानक संगठन, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप है। इस प्रणाली को नियंत्रित करने वाले मानक विनिर्देश आईएस 1417, आईएस 1418, आईएस 2790, आईएस 3095 हैं।

बीआईएस के अनुसार, आदेश में ऐसे किसी भी स्टेनलेस स्टील या एल्युमीनियम बर्तनों के विनिर्माण, आयात, बिक्री, वितरण, भंडारण या प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया गया है जिन पर बीआईएस मानक चिह्न न हो। बयान में कहा गया, आदेश का अनुपालन न करने पर जुर्माना लगाया जाएगा, जो उपभोक्ता सुरक्षा तथा उत्पाद अखंडता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह कदम बीआईएस की ओर से रसोई के सामान के लिए हाल ही में तैयार किए गए व्यापक मानकों के अनुरूप है, जिसमें स्टेनलेस स्टील के लिए आईएस 14756:2022 और एल्युमीनियम के बर्तनों के लिए आईएस 1660:2024 शामिल हैं। मानकों में सामग्री की आवश्यकताएं, डिजाइन विनिर्देश और प्रदर्शन मापदंड शामिल होते हैं। सरकार ने कहा कि इस कदम से उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ेगा और विनिर्माता सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

## इसराइल की गाजा के स्कूल पर एयर स्ट्राइक, 16 की मौत, 75 से ज्यादा जख्मी

**एजेंसी, गाजा**

इसराइली सेना ने गाजा में एक स्कूल पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई और 75 से ज्यादा घायल हो गए। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, यह स्कूल संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का था, जहां शरणार्थियों को रखा गया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इसराइली सेना ने पहले स्कूल को चारों ओर से घेरा और फिर उस पर हमला कर दिया।

इसराइल के हमले से स्कूल की इमारत नीचे गिर गई, जिसमें रह रहे बच्चे दब गए हैं। अब तक दो बच्चों को बचा लिया है, जिसमें से एक बच्ची की हाथ में गंभीर चोट आई है। वहीं, दूसरे बच्चे के चेहरा



और सिर पर कई चोट के निशान हैं। यूएन की रेस्क्यू टीम के मुताबिक, पिछले महीने भी इसराइली सेना ने एक स्कूल को निशाना बनाया था। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, मरने वालों में ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। 50 घायलों का इलाज किया जा रहा है, बाकी लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया। वहीं, इसराइली सेना ने स्कूल को आतंकवादियों का अड्डा बताया। हमले से बचने के सैकड़ों शरणार्थियों ने स्कूल की आस-पास की जगह को छोड़ दिया है। इससे पहले इसराइल ने स्कूल को सेफ जोन बताया था।